सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 113, पेज 16, 2.00 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 487 अंकों की उछाल

बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया। } 15

## कांग्रेस ने तेलंगाना को दिल्ली का एटीएम बना दिया

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सत्ता में आने के कुछ ही समय के भीतर राज्य को दिल्ली का एटीएम बना दिया है। } 16

### संक्षेप

## पटना के होटल में भीषण आग से छह की मौत

पटना। बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में बृहस्पतिवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उक्त घटना में छह लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नीतीश कुमार ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। कुमार ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पेड़ से टकराकर पलटी कार, चार लोगों की मौत

बलिया। बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में फेफना-बक्सर राजमार्ग पर एक कार के एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट जाने से उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि फेफना थाना क्षेत्र के फेफना-बक्सर राजमार्ग पर बुधवार की रात लगभग साढ़े दस बजे फेफना से चितबड़ागांव की ओर जा रही एक कार एक वाहन से आगे निकलने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कार सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने सत्येंद्र यादव (40), राजू यादव (30) और कमलेश यादव (36) को मृत घोषित कर दिया। रितेश गोंड (32) की हालत गंभीर होने की वजह से उसे मऊके अस्पताल रेफर किया गया लेकिन वहां ले जाते समय रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

## पत्नी की हत्या के बाद की खुदकुशी

सुलतानपुर। जिले के कुड़वार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आपसी कलह को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित रूप से धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) शिवम मिश्रा ने बताया कि कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के निवासी आफाक (52) ने अपनी बीवी किस्मतउन्निसा (46) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और बाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता की मौत पर उनके बच्चों के चीखने-चिल्लाने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं।

## आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता केजरीवाल : ईडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं और तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी की भी गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया और वह आबकारी नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी संलिप्त थे। एजेंसी ने 734 पन्नों के अपने जवाबी हलफनामे में कहा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्होंने सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों की मिलीभगत से इसे अंजाम दिया। इसने कहा अरविंद केजरीवाल कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने की साजिश में संलिप्त थे और उक्त नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी शामिल रहे। ईडी ने कहा कि किसी मुख्यमंत्री या आम नागरिक को ...शेष पृष्ठ 14 पर

○ मंत्रियों-पार्टी नेताओं के साथ इसे अंजाम दिया

## जेईई मेन्स का रिजल्ट घोषित, गजारे नीलकृष्ण निर्मल कुमार अव्वल

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन जनवरी और अप्रैल दोनों सत्रों को मिला कर रैंक जारी कर दिया है। जेईई मेन के पहले और दूसरे चरण को मिलाकर 14,15,110 छात्र शामिल हुए थे। अप्रैल सत्र में 11,79,569 स्टूडेंट्स शामिल हुए। इसमें छात्र की संख्या 3,73,515 और छात्रों की संख्या 8,06,045 है। वहीं देखा जाये तो पिछले साल की तुलना में तीन लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। दूसरे चरण की परीक्षा चार से नौ अप्रैल तक हुई थी।

जेईई मेन सेशन-2 रिजल्ट जारी हो चुका है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ओवर ऑल, जेंडर वाइज और स्टेट वाइज टॉपर्स की लिस्ट जारी की है। इस बार के जेईई मेन में सबसे अधिक टॉपर तेलंगाना ने दिए हैं। हालांकि ऑल इंडिया नंबर-1 रैंक हासिल करने वाले नीलकृष्ण निर्मल कुमार और रैंक-2 पाने वाले संजय मिश्रा दोनों टॉपर महाराष्ट्र से हैं।



जबकि हरियाणा के आरव भट्ट ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस बार 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने वाले कुल 56 कैंडिडेट्स हैं। जिसमें से अकेले 15 तेलंगाना के हैं। हालांकि इन 56 कैंडिडेट्स में सिर्फ दो लड़कियां हैं जिन्होंने 100 पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया है. साथ ही टॉप 10 लिस्ट में कोई लड़की शामिल नहीं है।

परीक्षा असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयाली, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। यह भारत के बाहर मनामा, दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत सिटी, कुआलालंपुर, लागोस/अबूजा, कोलंबो, जकार्ता, मॉस्को, ओटावा, पोर्ट लुइस, बैंकॉक, वाशिंगटन डी.सी., अबू धाबी, हांगकांग और ओस्लो में भी आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) 2024 के अप्रैल में आयोजित दूसरे सत्र (सेशन-2) के नतीजे घोषित कर दिए। एजेंसी द्वारा परिणाम (जेईई मेन्स 2024 रिजल्ट) बुधवार, 24 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गोरखपुर के हिमांशु यादव प्रदेश में अव्वल

गोरखपुर। देश के इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए सबसे बड़ी परीक्षा जेईई मेंस में गोरखपुर के हिमांशु यादव ने 100 परसेंटाइल स्कोर लाकर अपनी मेधा का परचम लहराया है। हिमांशु को ऑल इंडिया 32वीं रैंकिंग मिली है। ओबीसी कैटेगरी में देश में 7वां स्थान और उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यूपी टॉप करने की खबर मिलते ही घर के लोग भावुक हो गए। बेटे की सफलता पर इनके घर पर जश्न का माहौल रहा और बधाई देने वालों तांता लग गया। गोरखपुर शहर के पादरी बाजार स्थित जंगल हकीम नंबर-1, श्यामेन्द्र नगर निवासी हिमांशु यादव मूल रूप से गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील क्षेत्र के पचारा गांव के निवासी हैं। उनके पिता संजय यादव पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर व माता सुमन यादव गृहणी है। पूरा परिवार गोरखपुर में ही रहता है। हिमांशु ने जंगल धूसड़ स्थित ग्लोबल एकेडमी से पढ़ाई करते हुए इस वर्ष ही इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है। अभी बोर्ड परीक्षा का परिणाम नहीं आया है, उसके पहले ...शेष पृष्ठ 14 पर



# लोस चुनाव : दूसरे चरण का मतदान आज

### मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 88 सीटों के लिए होगी वोटिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार (26 अप्रैल) को मतदान है। मणिपुर समेत 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 88 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। मणिपुर की बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है, जबकि 13 अन्य विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान होना है। मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद मतदान दूसरे चरण की बजाय तीसरे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया है।

26 अप्रैल को होने वाले मतदान में 1198 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है। वहीं, बाहरी मणिपुर लोकसभा के भी चार उम्मीदवारों को जोड़ें तो कुल संख्या 1202 हो जाती है। बैतूल लोकसभा सीट पर आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। जहां अब तीसरे चरण में मतदान होना है। दूसरे दौर में जिन सीटों पर मतदान है, उनमें केरल की सभी 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर और त्रिपुरा की एक-एक सीट शामिल है। इसके अलावा मणिपुर में एक भाग मणिपुर बाहरी सीट का है। 2019 में इन 88 में से 52 सीटें भाजपा ने जीतीं थीं। वहीं कांग्रेस को 18 और शिवसेना और जदयू को चार-चार सीटों पर सफलता मिली थी। इसके अलावा 10 सीटें अन्य के खाते ...शेष पृष्ठ 14 पर



## यूपी की आठ लोकसभा सीटों के लिए मैदान में 91 प्रत्याशी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरूवार को बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की 8 लोकसभा क्षेत्रों अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, बुलंदशहर (अ.जा.), अलीगढ़ तथा मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। दूसरे चरण में कुल 1 करोड़ 67 लाख 77 हजार 198 मतदाता हैं, जिसमें 90 लाख 26 हजार 51 पुरुष मतदाता तथा 77 लाख 50 हजार 356 महिला मतदाता एवं 791 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद में 29 लाख, 45 हजार 487 में तथा सबसे कम मतदाता बागपत में 16 लाख 53 हजार 146 लोकसभा क्षेत्र में हैं। 8 लोक सभा क्षेत्रों में कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी गौतमबुद्धनगर एवं मथुरा लोक सभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 6 प्रत्याशी बुलंदशहर (अ.जा.) लोक सभा क्षेत्र में हैं। द्वितीय चरण में कुल 17704 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 7797 मतदान केन्द्र हैं। उक्त मतदेय स्थलों में से 3472 क्रिटिकल हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी ...शेष पृष्ठ 14 पर

○ कुल 1,67,77,198 वोटर, 77,50,356 महिलाएं, 90,26,051 पुरुष, व 791 थर्ड जेण्डर मतदाता

## सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में पंजाब से दो गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल में हुई गोलीबारी के संबंध में मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुभाष चंद्र (37) और अनुज थापन (32) ने गोलीबारी करने वालों को 15 मार्च को हथियार उपलब्ध कराए थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों को अपराध शाखा की एक टीम ने पंजाब से गिरफ्तार किया और उन्हें मुंबई लाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया, उन्हें शुक्रवार को एक अदालत में पेश किया जाएगा। चंद्र और थापन 15 मार्च को दो देशी पिस्तौल और 38 कारतूस सौंपने के लिए पनवेल (मुंबई के पास रायगढ़ जिले में) आए थे। अधिकारी ने बताया, चंद्र और थापन लौटने से पहले तीन घंटे तक गोलीबारी करने वालों सागर पाल (21) और विक्की गुप्ता (24) के साथ पनवेल में रुके थे। पिस्तौल सौंपने से पहले, चंद्र और थापन ने यह जांचने के लिए अपने पास उपलब्ध 40 गोलियों में से दो राउंड गोलीबारी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अखिलेश ने कन्नौज लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन



जिला संवाददाता

कन्नौज। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा को क्लीन बोल्ड करने की अपील की। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव एवं अन्य नेता भी मौजूद ...शेष पृष्ठ 14 पर

# संविधान को बदलना चाहती हैं कांग्रेस और सपा : मोदी

### तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा गठबंधन : मोदी

जिला संवाददाता

बरेली, आगरा, शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगरा, बरेली और शाहजहांपुर में जमकर विपक्ष पर हमला बोला। धुआंधार चुनावी अभियान पर निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बरेली के आलमपुर जाफराबाद के सैनिक पड़ाव में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अपने खास वोट बैंक की खातिर संविधान बदलकर आपका आरक्षण और कमाई को लूटना चाहती है। सपा भी कांग्रेस के इरादों में उसके साथ है। 28 मिनट के अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भाजपा विकसित भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर



आगरा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### नकारात्मक भावनाएं रखता है विपक्षी गठबंधन : योगी

जिला संवाददाता

आगरा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो जन कल्याण, विकास और सुरक्षित भारत के खिलाफ हैं, वे एक बार फिर देश के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी भारत के प्रति नकारात्मक भावनाएं रखती हैं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन (इंडिया गठबंधन) के घटकों का देश को धोखा देने और ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 2024 आज का मुकाबला

एसआरएच V/S आरसीबी



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.09 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.08 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- तीसरे चरण में दांव पर यादव कुनबे की साख (पृष्ठ-02)
- पूर्वांचल में दलों ने 20 नये चेहरों पर लगाया दांव (पृष्ठ-02)
- कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड स्तर पर (पृष्ठ-14)
- भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में होगा मतदान

# दूसरे चरण में यूपी की आठ सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को मतदान होगा। इस चरण में इन सीटों पर मुख्य रूप से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच मुकाबला होने की सम्भावना है। राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक उत्तर प्रदेश की जिन आठ सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा उनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। इन लोकसभा क्षेत्रों में करीब एक करोड़ 67 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं। इनमें 90.11 लाख पुरुष, 77.38 लाख




महिला और 787 अन्य मतदाता हैं। इस चरण के चुनाव के लिये कुल 7,797 मतदान केंद्र और 17,677 मतदान स्थल बनाये गये हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में मेरठ से अरुण गोविल की प्रतिष्ठा दांव पर है। दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने वाले गोविल को भाजपा ने उनके पैतृक क्षेत्र मेरठ से उम्मीदवार बनाया है। अमरोहा से कांग्रेस के दानिश अली, गाजियाबाद से भाजपा के अतुल गर्ग और गौतम बुद्ध नगर सीट से महेश शर्मा भी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रमुख प्रत्याशी हैं। दूसरे चरण के मतदान के लिये उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर राजग, विपक्षी गठबंधन इंडिया और बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा ने इन आठ में से सात सीटें जीती थीं, जबकि अमरोहा सीट बसपा के खाते में गयी थी। पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए सात चरणों में हुए पहले चरण के चुनाव में लगभग 65.5 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार का कार्य बुधवार शाम छह बजे समाप्त हो गया।

## संविधान-लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस को करें वोट : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को लोगों का आह्वान किया कि वे लोकतंत्र एवं संविधान बचाने तथा पार्टी के क्रांतिकारी घोषणापत्र के लिए वोट करें। उन्होंने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) हैं जो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन हैं जो संविधान और लोकतंत्र को बचा रहे हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, आप से बातचीत करके और आपके दिल के अंदर जो था, उसको सुनकर हमने क्रांतिकारी घोषणापत्र बनाया है। यह आपका घोषणापत्र है। कांग्रेस ने इसे बनाया है, लेकिन आवाज आपकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 -25 लोगों को अरबपति बनाया है, लेकिन हम करोड़ों महिलाओं और युवाओं को लखपति बनाने जा रहे हैं। किसानों ...शेष पृष्ठ 14 पर




# तीसरे व चौथे चरण पर भाजपा को पुराना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

## भाजपा ने पिछले चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे तीसरे और चौथे चरण की ओर बढ़ चला है। इन दोनों चरणों को मिलाकर 23 सीटें आती हैं। यही वे दोनों चरण हैं, जहां भाजपा ने पिछले चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मात्र दो सीटों पर जीत से समाजवादी पार्टी को संतोष करना पड़ा था। इन्हीं चरणों में सपा को अपने घर की सीटें भी गंवानी पड़ी थी। इसीलिए भाजपा के लिए जहां पुराना प्रदर्शन दोहराने, तो वहीं पर सपा पर भाजपा के विजय रथ को रोक कर अपने घर को वापस पाने की चुनौती है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 सीटों के लिए मतदान होना है। इनमें से सपा मात्र दो सीट मैनपुरी और संभल ही जीत पाई थी। मैनपुरी से स्वयं मुलायम सिंह यादव और संभल में शफीकुर्रहमान बर्क चुनाव जीते थे। इस चुनाव में दोनों ही नहीं है।

दोनों का निधन हो चुका है। सपा ने मैनपुरी से डिंपल यादव को उतारा है। मुलायम के निधन के बाद हुए उपचुनाव में वह मैनपुरी सीट पर जीती थी। भाजपा ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को उतारा है तो बसपा ने यादव उम्मीदवार देकर सपा का खेल बिगाड़ना चाहती है। इसी चरण में आने वाली फिरोजाबाद सीट कभी सपा की हुआ करती थी। वर्ष 1999 और 2004 में सपा के रामजी लाल सुमन चुनाव जीते थे तो वर्ष 2009 व 2014 में अक्षय यादव चुनाव जीते थे। सपा ने अक्षय यादव तो भाजपा ने विश्वदीप सिंह को मैदान में उतारा कर विपक्षी को घेरने की कोशिश की है। भाजपा और सपा दोनों के लिए यह चरण प्रतिष्ठा वाला है।



चौथे चरण में कुल 13 सीटों पर चुनाव होना है। यह वही चरण है जिस पर भाजपा ने पिछली बार सभी सीटों पर इकतरफा जीत दर्ज की थी। भाजपा ने इस बार भी जातीय समीकरण के हिसाब से चुनावी मोहरें बिछाई हैं। भाजपा के बड़े नेता मौजूदा समय इन क्षेत्रों में कैंप कर रहे हैं, जिससे जीत की बाजी अपने पक्ष में की जा सके। चौथे चरण में सपा के लिए कन्नौज सीट सबसे अहम मानी जा रही है। कन्नौज से मुलायम सिंह यादव एक बार, अखिलेश यादव तीन बार और डिंपल यादव दो बार चुनाव जीत चुकी हैं।

सपा के पास यह सीट वर्ष 1998 से 2014 तक रही है, लेकिन भाजपा वर्ष 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज करने में सफल रही है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक पद दांव लगाया है, तो सपा से इस बार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पर्चा स्वयं भरा है। यह चरण भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल वाला है।

**तीसरा चरण में कौन कहां जीता**

| सीट | जीती | | |
|---|---|---|---|
| संभल | सपा | शाहजहांपुर | भाजपा |
| हाथरस | भाजपा | खीरी | भाजपा |
| आगरा | भाजपा | धौरहरा | भाजपा |
| फतेहपुर सीकरी | भाजपा | सीतापुर | भाजपा |
| फिरोजाबाद | भाजपा | हरदोई | भाजपा |
| मैनपुरी | सपा | मिश्रिख | भाजपा |
| एटा | भाजपा | उन्नाव | भाजपा |
| बदायूं | भाजपा | फरुर्खाबाद | भाजपा |
| आंवला | भाजपा | इटावा | भाजपा |
| बरेली | भाजपा | कन्नौज | भाजपा |
| | | कानपुर | भाजपा |
| चौथा चरण | | अकबरपुर | भाजपा |

# तीसरे चरण में दांव पर यादव कुनबे की साख

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में यूपी की 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। जहां मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, जयवीर सिंह समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर है। तीसरे चरण में कुल 100 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की गई। 7 मई को इन सीटों पर वोट डाले जाएंगे

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना है, उनमें संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली लोकसभा सीट शामिल हैं, इनमें से सबसे ज्यादा प्रत्याशी बरेली लोकसभा क्षेत्र से हैं, जहां 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। संभल में कुल 12 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। इसके बाद आगरा में 11, बदायूं में 11, हाथरस में 10, एटा में 10, फतेहपुर सीकरी में 9, आंवला में 9, मैनपुरी में आठ और फिरोजाबाद से सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

● **डिंपल यादव से लेकर शिवपाल के बेटे आदित्य चुनावी मैदान में**

2019 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने तीसरे चरण की इन 10 सीटों में से दो पर जीत हासिल की थी, जिसमें मैनपुरी और संभल लोकसभा शामिल है। जबकि 5 सीटों पर वह दूसरे नंबर पर रही थी। तीसरा चरण समाजवादी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, डिंपल यादव से लेकर शिवपाल यादव के बेट आदित्य यादव तक, यादव परिवार से कई सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। मैनपुरी सीट पर भी सभी की निगाहें होगीं, समाजवादी पार्टी से यहां से डिंपल यादव को टिकट दिया है जबकि उनके मुकाबले भाजपा ने योगी सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतार दिया है। फिरोजाबाद में सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, बदायूं सीट से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव मैदान में हैं।

## ...सियासी करवट

### आरोप तुम्हारे तुमको अर्पित

मौजूदा लोकसभा चुनाव में नित नवोन्मेष हो रहे हैं। आरोपों के मामले में भी और राजनीति के गड़े मुर्दों को उखाड़ने के मामले में भी। पहले विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगाता था कि वह संविधान को खत्म करना चाहती है। लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। अब वही आरोप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर लगा दिया है। एक भजन है कि तेरा तुझ को अर्पण क्या लागै मेरा? प्रधानमंत्री ने अपने पाले में आए विपक्ष के आरोपों की गेंद उसी के पाले में उछाल दी है। पहले विपक्षका तर्क होता था कि मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों की विरोधी है, वह उनका आरक्षण छीन लेना चाहती है लेकिन अब यही आरोप उस पर खुद चस्पां हो रहे हैं। उसके कर्नाटक आरक्षण मॉडल पर सवाल उठ रहे हैं। पहले भाजपा ने देश भर में विकास का गुजरात मॉडल पेश किया था। अब कांग्रेस पर अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में एक खास वर्ग को लाभान्वित करने के आरोप लग रहे हैं। मकड़ी के बारे में एक मान्यता है कि वह अपने ही बुने जाल में फंस जाती है। विपक्ष के साथ भी कुछ ऐसा ही है। भले ही वह केंद्र सरकार पर चुनाव कोजाति-धर्म में उलझाने की तोहमत जड़े लेकिन सच यह है कि वह भी देश में जातीय सर्वेक्षण के बहाने 90 बनाम 10 प्रतिशत का खेल खेल रही है। इसकी काट में भाजपा ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को चार जाति बताया था लेकिन चुनाव मेंकोई भी राजनीतिक दल लक्षणा और व्यंजना में बात कर रिस्क लेना चाहिए। चुनाव में तो वह बात कही जानी चाहिए जो सीधे जनता तक पहुंचे और असरकारी हो। शायद इसीलिए भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण मेंकटौती करने और उसे ध्क धर्म विशेष को देने का मुद्दा उठाया है। विरासत कर केमामले में भी वह विपक्ष पर सीधे हमलावर है। इसमें शक नहीं कि पक्ष-विपक्ष एक दूसरे के कारनामों को जनता के सामने ला रहे हैं। दोनों ही एक दूसरे को भ्रमित करने काआरोप लगा रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक पंडित वही पुरानी बात कह रहा है कि मतदाताओं की चुप्पी राजनीतिक दलोंकी धड़कनें बढ़ा रही है। निर्वाचन काल में मतदाता चुप क्यों रहते हैं, विचार मंथन तो इस बात पर होनाचाहिए। दरअसल इस देश में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को बोलने का मौका मिलनाचाहिए लेकिन नेता अपनी ही हांकते रहते हैं। अपनी उपलब्धियां गिनाते रहते हैं। ऐसे में जनताको बोलने का, राजनीतिक दलों से सवाल पूछने का मौका ही नहीं मिलता। नेता चुप रहें तब तो मतदाता बोलें लेकिन यहां तो एकतरफा टेपरिकॉर्डर बजता रहता है। दरअसल राजनीतिक दल चाहते ही नहीं कि उनका स्याह-सफेद चुनाव के वक्त जनता के बीच प्रकट हो। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री ने जनता का पैसा अपने कुछ अरबपति मित्रों को दे दिया और अब प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि इस देश की जनता का पैसा कांग्रेस ने अपने चहेतों को दे दिया। कौन सही है, कौन गलत है, इसकी तह में जाना जरूरी है लेकिन एक बात तो तय है कि राजनीतिक दलों का एकही ध्येय है-आओ आरोप-आरोप खेलें।



सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### सपा सरकार में मां, बहन बेटियां असुरक्षित थी : पाठक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्नाव से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डा. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी (स्वामी साक्षी महाराज) की नामांकन सभा को सम्बोधित किया। श्री पाठक ने कहा कि हम पार्टी देख कर चुनें, एक ओर भ्रष्टाचारियों व अपराधियों के संरक्षण वाली सपा है तो दूसरी तरफ विकसित भारत का संकल्प लेने वाली पार्टी भाजपा है। आप सब से अपील है कि भाजपा को चुने और साक्षी महाराज को एकतरफा जिता कर रिकॉर्ड बनाए। भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से लेकर 2024 तक का लेखा-जोखा जनता के सामने है। हर व्यक्ति का अपने घर का सपना होता है। मोदी जी ने गरीब के उस सपने को पूरा किया है। राहुल गांधँ की दादी कहती थी गरीबी हटाओं। कांग्रेस दशको तक गरीबी हटाने का नारा लगाती रही लेकिन गरीब की गरीबी मिटाने के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस सरकार में गरीबों के हक का पैसा कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ सरकार की योजनाओं को गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं को समर्पित किया। गरीब तक घर, शौचालय, नल से जल, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्माननिधि, 80 करोड़ जनता को राशन पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है। उत्तर प्रदेश में आज विश्वस्तरीय सड़को का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से युवाओं को रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गुण्डई, अराजकता खुलेआम सड़को पर दिखाई देती थी। गुण्डे, माफिया बंदूके लेकर खुलेआम घुमते थे। सरकारी ठेकों की लूट होती थी। प्लाट, दुकान, मकान, खेत-खलिहान पर कब्जे होते थे। मां, बहन, बेटियां असुरक्षित थी। जनता की सम्पत्तियों पर सपा का झण्डा लगाकर कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।



# पूर्वांचल में राजनैतिक दलों ने 20 नये चेहरों पर लगाया दांव

## बसपा सबसे आगे, 13 में से 11 सीटों पर नए चेहरे, भाजपा ने 4 तो सपा ने 3 नये चेहरों पर खेला जुआ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वांचल में लगभग 20 ऐसे चेहरें हैं जो पहली दफा लोकसभा चुनाव में अलग-अलग पार्टियों के सिंबल पर चुनाव मैदान में होंगे। नए चेहरों या यूं कहें कि 'पहली बार' को मौका देने में बहुजन समाज पार्टी सबसे आगे है। बसपा ने पूर्वांचल की 13 में से 11 सीटों पर नए चेहरों पर अपना भरोसा जताया है। वहीं सत्तारुढ़ भाजपा ने 13 में से चार सीटों पर ऐसे लोगों को टिकट दिया है, जो पहली दफा लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं सपा ने तीन नए चेहरों को अलग-अलग सीटों से मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्वांचल की हॉट सीटों में शामिल गाजीपुर संसदीय सीट से सपा के अफजाल अंसारी के खिलाफ शिक्षक पारसनाथ राय पर दांव लगाया है। वहीं राजपूत बहुल जौनपुर सीट पर पार्टी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं भदोही सीट से भाजपा ने डॉ. विनोद बिंद को अपना उम्मीदवार बनाया है।

बिंद पेशे से चिकित्सक हैं और मूल रूप से चंदौली के रहने वाले हैं। भाजपा के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने घोसी सीट से अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। अरविंद पहली बार लोकसभा के प्रत्याशी बने हैं। रॉबटर्सगंज सीट पर सपा उम्मीदवार के नाम का एलान होना बाकी है। समाजवादी पार्टी ने चंदौली संसदीय सीट से प्रदेश के पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं मिर्जापुर संसदीय सीट पर पार्टी ने राजेंद्र एस. बिंद पर दांव लगाया है। इस सीट पर उनका मुकाबला अपना दल-एस की अनुप्रिया पटेल से है। सपा ने मछलीशहर सुरक्षित सीट पर पेशे से अधिवक्ता प्रिया सरोज को मौका दिया है। प्रिया सपा के वरिष्ठ नेता तूफानी सरोज की बेटी हैं।

# हाथरस में तीन दशक से भाजपा का कब्जा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाथरस लोकसभा सीट पर राम मंदिर आंदोलन के बाद से हमेशा भाजपा का ही दबदबा रहा है। 1991 से ही भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। केवल 2009 में रालोद के पास यह सीट गई थी। हालांकि उस समय भी रालोद भाजपा के साथ थी। गठबंधन के तहत उसे सीट मिली थी। मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर यहां से लगातार चार बार सांसद रहे हैं।

हालांकि इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है। सपा की तरफ से रामपुर मनिहार के प्रभारी जसवीर वाल्मीकि को मौका दिया गया है। बसपा ने हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। राम मंदिर आंदोलन वाले वर्ष 1991 में भाजपा से डा. लाल बहादुर रावल चुनाव जीते। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार किशलाल दिलेर चुनाव जीते। वर्ष 2014 में राजेश दिवाकर और फिर 2019 में राजवीर दिलेर यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया रखा गया था। साल 2012 में दोबारा इसे हाथरस कर दिया गया। हाथरस सुरक्षित सीट पर हमेशा ही भाजपा का दबदबा रहा है। अब तक हुए कुल 15 चुनावों में सात बार भाजपा जीती है। 2009 में भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी लोकसभा पहुंची थीं। कांग्रेस के चार बार सांसद हाथरस लोकसभा सीट से बने हैं। दो बार जनता पार्टी और एक बार जनता दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। यह सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। कोरी समाज के लोगों का भी इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले

**अब तक बने सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| 1962 | नरदेव स्नातक | कांग्रेस |
| 1962 | जोती सरूप | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया |
| 1967 | नरदेव स्नातक | कांग्रेस |
| 1971 | चंद्रपाल शैलानी | कांग्रेस |
| 1977 | राम प्रसाद देशमुख | जनता पार्टी |
| 1980 | चंद्रपाल शैलानी | जनता पार्टी |
| 1984 | पूरन चंद | कांग्रेस |
| 1989 | बंगाली सिंह | जनता दल |
| 1991 | लाल बहादुर रावल | भाजपा |
| 1996 | किशन लाल दिलेर | भाजपा |
| 1998 | किशन लाल दिलेर | भाजपा |
| 1999 | किशन लाल दिलेर | भाजपा |
| 2004 | किशन लाल दिलेर | भाजपा |
| 2009 | सारिका बघेल | राष्ट्रीय लोक दल |
| 2014 | राजेश दिवाकर | भाजपा |
| 2019 | राजवीर सिंह दिलेर | भाजपा |

● **हाथरस लोकसभा सीट :-जाट मुस्लिम का समीकरण हावी**

चुनावी आंकड़ों के अनुसार यहां पर करीब 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें से करीब 9.6 लाख पुरुष वोटर और 7.8 लाख महिला मतदाता हैं। हाथरस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदरा राऊ आती हैं। चार सीटों पर भाजपा और सादाबाद सीट पर रालोद का कब्जा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजवीर दिलेर ने 6,84,299 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। सपा के राम जी लाल सुमन को 4,24,091 वोट मिले थे। कांग्रेस के त्रिलोकी राम केवल 23,926 वोट हासिल कर सके थे। इससे पहले 2014 में बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर 5,44,277 वोट हासिल कर जीते थे। तब बसपा के मनोज कुमार सोनी 2,17,891 वोटों के साथ दूसरे और सपा के रामजी लाल सुमन 1,80,891 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

**मुस्लिम-जाट का समीकरण :** हाथरस सीट पर मुस्लिम-जाट का समीकरण हावी रहता है। यही कारण है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी इस सीट पर प्रबल दावेदार रहती है। साल 2014 में यहां पर बीजेपी के राजेश दिवाकर ने बसपा के मनोज कुमार को 3 लाख 26 हजार 386 वोटों से हराकर ये सीट हासिल की थी। बसपा दूसरे, सपा तीसरे, आरएलडी चौथे और आप 5वें नंबर पर रही थी। बीजेपी और बीएसपी के बीच मात्र 31.11 प्रतिशत वोटों का अंतर था।

**काका हाथरसी को जानें :** काका हाथरसी का जन्म 18 सितंबर, 1906 में हाथरस जिले में हुआ था। उनका असली नाम प्रभुलाल गर्ग था। पिता की मौत के बाद छोटी मोटी नौकरियां करते हुए काका हाथरसी ने व्यंग साहित्य की दुनिया में अपना अलग मुकाम बनाया। एक नाटक में उन्होंने काका का किरदार निभाया था तभी से वह काका हाथरसी के नाम से मशहूर हो गएए उनके नाम पर कवियों के लिए 'काका हाथरसी पुरस्कार' और संगीत के क्षेत्र में 'काका हाथरसी संगीत सम्मान' दिया जाता है।

## बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने बढ़ायी राजनीतिक बेचैनी

बसपा ने पूर्वांचल की 13 में से 11 सीटों पर नए और युवा चेहरों को टिकट दिया है। इतना ही नहीं टिकट वितरण में पार्टी ने सीटों के जातिगत समीकरण का पूरा ख्याल रखा है। मसलन, राजपूत बहुल सीट जौनपुर में बसपा ने बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने यहां से कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। इससे राजपूत मतदाताओं में बिखराव का खतरा है। वहीं आजमगढ़ सीट पर पार्टी ने भीम राजभर को उतारा है। इस सीट पर राजभर मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। इसे ध्यान में रखकर ही भाजपा ने प्रदेश में सुभासपा से गठजोड़ किया है। अब भीम राजभर के मैदान में आने से राजभर मतों में बंटवारा तय माना जा रहा है। बसपा ने गाजीपुर से उमेश सिंह, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य और मिर्जापुर से युवा मनीष त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उधर, लालगंज सीट से पार्टी ने बीएचयू की डॉ. इंदु चौधरी और राबटर्सगंज सीट पर धनेश्वर गौतम को मौका दिया है। दोनों के लिए यह पहला चुनाव है। गौतम पेशे से अधिवक्ता हैं जबकि डॉ. चौधरी शिक्षिका हैं। बलिया सीट पर बसपा ने भाजपा के नीरज शेखर के मुकाबले पूर्व सैनिक लल्लन यादव को टिकट दिया है। पार्टी ने भदोही सीट से अतहर अंसारी और मछलीशहर से पूर्व आईएएस कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है। दोनों पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं बसपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रत्याशी बदल दिया है। अतहर जमाल लारी की जगह अब सैय्यद नेयाज अली मंजू अब बसपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

# ईवीएम में आज बंद होगा दूसरे चरण के योद्धाओं के भाग्य का फैसला

● **सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ नहीं, बल्कि पाने के लिए पूरा आसमां**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चक्रव्यूह को भेदने लिए राजनीतिक दलों की सेनाएं अपना रणकौशल दिखा चुकीं है। मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह के हथियार की आवश्यकता हुई प्रत्याशियों ने पूरी तरह से इस्तेमाल किया। अब असली इम्तिहान की बारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर,

**विश्लेषण**

बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे।

2019 की बात करें तो इन 8 सीटों में से सात पर भगवा परचम फहराया था। वहीं, अमरोहा में हाथी जीता था, जबकि चार सीटों पर बसपा दूसरे स्थान पर रही थी। यानी बसपा के लिए यहां अच्छा मौका है। बसपा से गठबंधन में सपा को एक सीट गाजियाबाद मिली थी। यहां वह दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे चरण में सबसे बड़ी परीक्षा भगवा ब्रिगेड की होनी है। वहीं, सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ नहीं, बल्कि पाने के लिए पूरा आसमां है।

**मेरठ: राम का नाम और जातीय गोलबंदी की परीक्षा :** भाजपा ने तीन बार से सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण धारावाहिक में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मैदान में उतारा है। शुरूआत में राम के नाम पर वोट मांगने वाले अरुण गोविल को अंतिम समय जाति की दुहाई देनी पड़ी। सपा ने पहले दलित, फिर गुर्जर और फिर दलित समाज से ताल्लुक रखने वाली पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को मैदान में उतार कर मुस्लिम-दलित का समीकरण बनाने की कोशिश की है। बसपा ने देवव्रत त्यागी को मैदान में उतारा है। देवव्रत परंपरागत वोटबैंक के साथ त्यागी समाज के मतदाताओं को साधने की कोशिश की है।

**प्रमुख मुद्दे : स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विस्तार, गन्ना मूल्य बढ़ाने की मांग, मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना।**

बागपतः चौधरी बनने के लिए दिलचस्प जंग

बागपत सीट पर करीब पांच दशक बाद पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं है। फिर भी परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां से गठबंधन के तहत रालोद से डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। भाजपा के साथ ही रालोद ने अपने परंपरागत वोटबैंक को साधने की कोशिश की है। सपा ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा पर दांव लगाकर संघर्ष कांटे का कर दिया है। पार्टी के वोटर के साथ ही ब्राह्मणों को साधने की कोशिश। बसपा ने गुर्जर वोटबैंक को अपने पाले में लाने के लिए प्रवीण बैंसला को मैदान में उतारा है। बसपा के इस कदम ने जंग को रोचक बना दिया है।

**प्रमुख मुद्दे : गन्ना का बकाया भुगतान व मूल्य बढ़ाने की मांग, छुट्टा जानवर।**

**अमरोहा:** मुसलमान तय करेंगे चुनाव परिणाम

बसपा से सांसद बने कुंवर दानिश अली अब कांग्रेस से मैदान में हैं। बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को उम्मीदवार बनाया है, तो भाजपा ने पिछला चुनाव हारने वाले गुर्जर बिरादरी के पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर पर एक बार फिर दांव लगाया है। गुर्जर, जाट, सैनी सहित अन्य जातियों को लामबंद करने की कोशिश की है। दानिश अली इतिहास दोहराने की फिराक में हैं। सपा और कांग्रेस के परंपरागत वोटबैंक के साथ ही मुस्लिमों को साधने की कोशिश की है। मुजाहिद को बसपा के परंपरागत वोटबैंक और मुसलमान वोटों का सहारा। दानिश से नाराज लोगों को भी गोलबंद करने की कोशिश की है।




**आम बागवानों को एक्सपोर्ट की सुविधा की दरकार, प्रदूषण, बंद मिलें।**

**गौतमबुद्धनगर :** उलझे हैं जातीय समीकरण

भाजपा ने दो बार से सांसद ब्राह्मण बिरादरी के डॉ. महेश शर्मा पर तीसरी बार दांव लगाया है। कुछ इलाके में क्षत्रिय समाज की नाराजगी सामने आई, तो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डैमेज कंट्रोल की पूरी कोशिश की। सपा ने गुर्जर समाज के डॉ. महेंद्र नागर को उतारकर मुस्लिम वोटबैंक के साथ गुर्जरों की एकजुटता बढ़ा दी है।

बसपा ने क्षत्रिय समाज के बुलंदशहर निवासी पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी को मैदान में उतार कर समीकरणों को उलझा दिया है। बसपा प्रमुख मायावती खुद गुर्जर बहुल इलाके में जनसभा करके कह चुकी हैं कि भाजपा को रोकने के लिए क्षत्रिय उम्मीदवार उतारा है।

**प्रमुख मुद्दे**

**जमीन अधिग्रहण का मुआवजा मिलने में देरी, उद्योगों से निकलने वाले कचरे के लिए डंपिंग ग्राउंड।**

बुलंदशहर : त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

भाजपा ने दो बार के सांसद भोला सिंह पर फिर दांव लगाया है। उन्हें भाजपा के परंपरागत वोटबैंक के साथ लोध बिरादरी का सहारा है। जबकि कांग्रेस ने शिवराम वाल्मिकी को मैदान में उतारा है। इस समीकरण से कांग्रेस अल्पसंख्यक और पिछड़ी जातियों के साथ ही दलित मतदाताओं में सेंधमारी की उम्मीद लगाए है। जबकि बसपा ने गिरीश चंद्र जाटव पर दांव लगाकर दलितों को अपने पाले में खींचने की कोशिश की है। ऐसे में यहां त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है।

**प्रमुख मुद्दे**

**कई फैक्ट्रियों के बंद होने का मुद्दा, रेल मार्ग का सीधे जुड़ाव न होना, छुट्टा पशु।**

**अलीगढ़ : दिलचस्प होगी टक्कर**

भाजपा ने दो बार से सांसद सतीश गौतम पर फिर दांव लगाया है। कई स्थानों पर पार्टी उम्मीदवार से नाराजगी सामने आने पर वरिष्ठ नेताओं ने डैमेज कंट्रोल किया। सपा ने कांग्रेस से आए जाट समाज के पूर्व सांसद बिजेंद्र सिंह पर दांव लगाकर जाट बिरादरी को जोड़ने का प्रयास किया है। मुस्लिमों की एकजुटता का सहारा है। बसपा ने ब्राह्मण समाज के हितेंद्र कुमार उपाध्याय को मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है। यहां कांटे की टक्कर है।

**प्रमुख मुद्दे**

**शहर की टूटी सड़कें, रोजगार के साधन न होना।**

**मथुरा:** प्रवासी बनाम ब्रजवासी की परीक्षा

दो बार की सांसद हेमामालिनी पर भाजपा ने तीसरी बार भरोसा जताया है। रालोद के भाजपा के साथ आने से यहां जयंत चौधरी की भी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। कांग्रेस ने मुकेश धनगर को उम्मीदवार बनाकर प्रवासी बनाम ब्रजवासी का नारा दिया है। वहीं, बसपा ने भारतीय राजस्व सेवा से 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले जाट समाज के सुरेश सिंह को मैदान में उतारकर जाट वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है।

**प्रमुख मुद्दे**

**धर्म क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण, पेयजल की समस्या, जाम की समस्या।**

गाजियाबादः बड़ा सवाल, क्या टूटेगा रिकॉर्ड

भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समाज के अतुल गर्ग पर दांव लगाया है। वीके सिंह ने यहां रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने रोड शो कर, तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा कर रिकार्ड बढ़ाने का आह्वान कर चुके हैं। कांग्रेस ने डॉली शर्मा को दोबारा मौका दिया है। उन्हें मुस्लिमों व ब्राह्मणों की एकजुटता की उम्मीद है। बसपा ने क्षत्रिय समाज के नंद किशोर पुंडीर पर दांव लगाकर चुनाव को रोचक बना दिया है।

**प्रमुख मुद्दे शहर में जाम, प्रदूषण, रोजगार।**

# जेईई मेंस में चमके लखनऊ के सितारे

## अंशुमान मिश्रा ने सिटी रैंक 1 हासिल कर शहर को गौरवान्वित किया, सानवी पुरवार (99.937 परसेंटाइल) गर्ल्स टापर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज घोषित जेईई मेन्स अप्रैल परीक्षा 2024 के एनटीए स्कोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंशुमान मिश्रा ने सिटी रैंक 1 हासिल कर शहर को गौरवान्वित किया, वहीं सानवी पुरवार (99.937 परसेंटाइल) गर्ल्स टॉपर रही। एनटीए द्वारा संचालित जेईई मेन्स अप्रैल परीक्षा 2024 में फिटजी लखनऊ के छात्र अंशुमान मिश्रा (99.991 परसेंटाइल) ने प्रथम स्थान के साथ लखनऊ शहर में सर्वोच्च परसेन्टाइल अर्जित कर अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। अंशुमान मिश्रा ने 99.99 परसेंटाइल के साथ लखनऊ का टॉपर बना।

अंशुमान मिश्रा ने हाई स्कूल की परीक्षा में भी 95 फीसद अंक पाये थे। अंशुमान के पिता रवि शंकर असिस्टेंट ऑडिट ऑफिस में काम करते हैं। डीपीएस गोमती नगर के छात्र रहे अन्शुमान मिश्रा की माता सुषमा मिश्रा हाउसवाइफ है। अंशुमान शुरू से ही मेधावी रहा है। स्कूल के अलावा यह रेगुलर स्टडी 5 से 6 घंटे किया करता था, अन्शुमान आईआईटी कानपुर का छात्र बनना चाहता है। यह आईआईटी में कंप्यूटर साइंस द्वारा अपने देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहता है। गरीबों की सेवा का लक्ष्य लिये अंशुमान मिश्रा ने बताया कि वह आगे चलकर कंप्यूटर साइंस के माध्यम से गरीबों के लिए ऐसी तकनीक विकसित करेंगे ताकि उनको इस महंगाई में काफी राहत मिल सके। फिटजी के छात्र रहे अन्शुमान मिश्रा ने बताया कि यहां के शिक्षकों ने काफी मेहनत के साथ हमारी तैयारी कराई जिसकी वजह से हम 99.99 परसेंटाइल ला पाये। 99.984 परसेंटाइल प्राप्त कर शहर के दूसरे सिटी टॉपर रहे आरोह राय इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते है। इनके पिता शैलेन्द्र बीएसएनल में इंजीनियर हैं और उनकी माता संगीता हाउसवाइफ हैं। आरोह राय ने हाई स्कूल की परीक्षा 98 फीसद अंक के साथ वाराणसी से पास की थी। कंप्यूटर साइंस से आईआईटी की चाहत रखने वाले आरोह राय ने बताया कि देश की सबसे बड़ी समस्या गरीबी है। वह स्कूल के अलावा 6 से 8 घंटे की कठिन तैयारी से यह मुकाम पाने में सफल रहे है। इनको खेल में चेस पसंद



अंशुमान मिश्रा सिटी टॉपर

है और खिड़की में सचिन तेंदुलकर और धोनी पसंद है। आरोह राय का कहना है कि देश की गरीबी को मिटा कर ही देश को आगे ले जाया जा सकता है। 99.937 परसेंटाइल अर्जित करने वाली शहर की गर्ल्स टॉपर सानवी पुरवार ने बताया कि की कठिन



आरोह राय, दूसरे स्थान पर

परिश्रम से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। वह स्कूल के अलावा 6 से 7 घंटे कठिन तैयारी करती थी। उनके पिता डॉक्टर अनुपम और माता डॉक्टर सरिता अपना क्लीनिक चलाते हैं। यह कंप्यूटर साइंस लेकर आईआईटियन बनना चाहती हैं। इनको खेल में



सानवी पुरवार सिटी गर्ल्स टॉपर

बैडमिंटन पसंद है यह साइकिलिंग का भी शौक रखती हैं।वहीं युग शर्मा ने 99.920 परसेंटाइल अर्जित कर के शहर में पांचवां स्थान प्राप्त किया। फिटजी के 78 अधिक छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया। 128 अधिक छात्रों ने 98 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया। 209 अधिक छात्रों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया।335 अधिक छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किया। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों ने कहा कि सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से फिटजी के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा करायी गयी तैयारी के परिणामस्वरूप ही आज मुझे यह सफलता प्राप्त हुई है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए केन्द्र निदेशक एन के दूबे ने कहा कि जो आधारशिला हमने इनके प्रारम्भिक जीवन में रखी है वह इन्हें प्रत्येक स्पर्धा को साहस से जीतने में सहायता करेगी और यही कारण है कि 1992 से हमारे छात्र ओलिंपियाड, एनटीएसई, केवीपीवाई तथा आई.आई.टी जेईई जैसे गरिमामयी परीक्षाओं में निरंतर शिखर पर स्थापित हो रहे हैं।

फिटजी के अनुभवी प्रशिक्षकों ने आशा व्यक्त किया कि ये छात्र इस वर्ष 2024 में आयोजित जे.ई.ई मेन एवं जे.ई.ई एडवांस के भी सम्भवतः टॉपर होंगे। संस्था के केन्द्र निदेशक ने बताया कि जे.ई.ई एडवांस की अगामी परीक्षा 26 मई को होगी जो कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा आयोजित करायी जायेगी।



जेईई मेंस का रिजल्ट आने के बाद खुशियां मनाते छात्र

## सीएमएस के सर्वाधिक 169 छात्र जेईई मेंस परीक्षा में सफल

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से जेईई मेन्स परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर सीएमएस के सर्वाधिक 169 छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित कर जेईई एडवान्स में शामिल होने की अर्हता अर्जित की है तो वहीं दूसरी ओर सीएमएस के 26 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि हालाँकि सीएमएस के 181 छात्रों ने 90 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है परन्तु अलग-अलग वर्गों के कटआफ परसेन्टाइल के आधार पर सीएमएस के सर्वाधिक 169 छात्र जेईई एडवान्स परीक्षा में शामिल होंगे। जनरल वर्ग का कट-आफ 93.23621परसेन्टाइल है। श्री शर्मा ने बताया कि जेईई मेन्स परीक्षा में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सीएमएस छात्रों में श्रेयांस चतुर्वेदी (99.89 परसेन्टाइल), यथार्थ सेंगर (99.73 परसेन्टाइल), अभिसार सिन्हा (99.73 परसेन्टाइल), अनिकेश अग्रवाल(99.72 परसेन्टाइल), अर्णव त्रिपाठी (99.71 परसेन्टाइल), पार्थ अग्रवाल (99.66 परसेन्टाइल), गौरव गुप्ता (99.65 परसेन्टाइल), अक्षिता सिंह (99.64 परसेन्टाइल), किंजल सिंह (99.63 परसेन्टाइल), मयंक पाण्डेय (99.61 परसेन्टाइल), आदित्य सक्सेना (99.61 परसेन्टाइल), अनंत शुक्ला (99.58 परसेन्टाइल), प्रद्युम्न सिंह (99.58 परसेन्टाइल), मधुरम वत्सल (99. 58 परसेन्टाइल), शिवांस पाण्डेय (99.56 परसेन्टाइल), अमोध अनंत (99.50परसेन्टाइल), अनन्त त्रिपाठी (99.49 परसेन्टाइल), वैभव वर्मा (99.45परसेन्टाइल), आर्यन श्रीवास्तव (99.43 परसेन्टाइल), आयुष सिंह (99.33 परसेन्टाइल), मोहम्मद अनस अली उस्मानी (99.25 परसेन्टाइल),कृष्ण अग्रवाल (99.18 परसेन्टाइल), यश सक्सेना (99.17 परसेन्टाइल), प्रणाम गोयल (99.10 परसेन्टाइल), यथार्थ वंश (99.10 परसेन्टाइल) एवं दक्ष गोगना (99.07 परसेन्टाइल) शामिल हैं। इन छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व सफलता का श्रेय सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है।

# बिना स्वीकृति के होर्डिंग, यूनीपोल और विज्ञापन करना पड़ेगा महंगा

## नगर निगम के हटाने पर देना होगा 5000 से 30000 रू तक जुर्माना

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निगम सीमा में बिना स्वीकृति के होर्डिंग, बैनर, बोर्ड और अन्य विज्ञापन लगाना अब महंगा पड़ेगा। हटाने का खर्च वसूलने के साथ ही नगर निगम जुर्माना भी वसूलेगा। लाइसेंस प्राप्त एजेंसियों के शर्तों के उल्लंघन पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। इस सम्बंध में नगर आयुक्त ने प्रचार विभाग को प्रचार-प्रसार उपविधि 2018 के तहत कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

उपविधि के अनुसार, नगर निगम से बिना लिखित अनुज्ञा प्राप्त किए बिना कोई व्यक्ति निगम की सीमा में किसी भवन, पुल, मार्ग, फुटपाथ, उपरिगामी सेतू या उससे संलग्न भूमि या ट्री गार्ड, बाउन्ड्रीवाल, नगर द्वार, विद्युत या टेलीफोन के खंबे, चल वाहनों या किसी भी खुले स्थान आदि अन्य स्थल पर कोई विज्ञापन या किसी प्रकार की सूचना या चित्र जिससे व्यक्ति को विज्ञापन होने का आभास हो, प्रचार करने की अनुमति नहीं है। इसी तरह निगम की सीमाओं के भीतर किसी भूमि या भवन का स्वामी, अध्यासी या अन्यथा अधिभोग करने वाला कोई व्यक्ति नगर आयुक्त की लिखित अनुज्ञा के बिना ऐसी भूमि या भवन के किसी भाग पर कोई विज्ञापन प्रदर्शित नहीं करेगा और न ही किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे भवन या भूमि पर कोई विज्ञापन लगाने देगा। कोई विज्ञापन पट्ट इस रीति से प्रतिष्ठापित नहीं किया जायेगा कि यातायात के संचालन में कोई व्यवधान हो। खतरनाक होने व सुरक्षित यातायात संचालन के लिए अशांति का कारण हो तो नगर निगम की ओर से विज्ञापनकर्ता को किसी नोटिस के बिना उसे हटवा दिया जाएगा। ऐसा करने पर नगर निगम विज्ञापनकर्ता से उसका खर्च वसूल करेगा। ऐसी अवधि, जिसके दौरान ऐसा विज्ञापन या विज्ञापन पट्ट प्रदर्शित किया गया था, विज्ञापनकर्ता से धनराशि की वसूली की जायेगी। कोई भी व्यक्ति नगर आयुक्त से पूर्व में प्राप्त लिखित अनुज्ञा के बिना किसी झण्डी का प्रदर्शन नहीं करेगा।

**इस तरह से जुर्माना वसूलेगा निगम** : 6.1 गुणा 3.05 मीटर या उससे कम के विज्ञापन हटाने पर 10000 रु, विज्ञापन पट्टों से भिन्न किसी विज्ञापन एवं विज्ञापन पट्ट को हटाने पर 15,000 रु, किसी विज्ञापन या विज्ञापन पट्ट को साफ करने पर 5,000 रु, निजी भवन पर (छत के ऊपर) किसी विज्ञापन को हटाने पर 30,000 रु जुर्माना वसूला जाएगा। इस उपविधि के उपबन्धों का किसी प्रकार का उल्लंघन करने पर ऐसे 10,000 रु तक जुर्माना वसूला जा सकता है। बार-बार उल्लघंन करने पर प्रतिदिन 500 रु जुर्माना वसूला जाएगा।

### आंधी, बारिश में न गिरे होर्डिंग, यूनीपोल, 7 दिन में हटा लें

नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि बारिश व आंधी के दौरान अवैध होर्डिंग, कियास्क, यूनीपोल, ट्रैफिक आईलैंड, बस शेल्टर आदि के गिरने से जनहानि व धनहानि होने का अंदेशा बना रहता है। ऐसी स्थिति में नगर निगम सीमा में स्थापित अवैध विज्ञापन सामग्री व मानक के विपरीत तथा शर्तों का उल्लंघन करने की दशा में सभी प्रचार सामग्री सात दिन में हटा लें।

# मासूम की मौत : सीवर मैनहोल की टीम ने की जांच

- मृतक बच्चे के परिजनों व उसकी बहन से मिले अफसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार में खुले सीवर मेनहोल में गिरकर बच्चे की मौत होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। गुरुवार को कमेटी ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। कमेटी में शामिल अधिकारियों ने सीवर मेनहोल की नाप जोख की। पीड़ित परिवार के घर भी पहुंचे। मृतक बच्चे की बहन व घर वालों से बातचीत की। सभी के बयान लिए। जिस ठेकेदार एसके इंटरप्राइजेज को सीवर की सफाई की जिम्मेदारी दी गयी थी उससे जुड़े सारे दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। गुरुवार को जोनल कार्यालय में देर शाम तक रिपोर्ट बनाने में अधिकारी लगे रहे। हालांकि शुरूआती रिपोर्ट में ठेकेदार व जोन तीन के जोनल अभियंता, अवर अभियंता व सुपरवाइजर को जिम्मेदार बताया गया है। नगर आयुक्त की ओर से सभी इंजीनियरों व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शासन को संदर्भित कर दिया है।

**खुले मेनहोल व्हाट्सएप नंबर पर करें शिकायत** : शहर में खुले मैनहोल के बारे में अब कोई भी शिकायत कर सकता है। मेनहोल की फोटो खींचकर जलकल के जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेज सकते हैं। इस पर आने वाली शिकायत का 24 घंटे में निस्तारण होगा। खुले मैनहोल में ढक्कन लगाए जाएंगे। टूटे मैनहोल के ढक्कन बदले जाएंगे। लोग खुले मैनहोल की फोटो, लोकेशन तथा पते सहित व्हाट्सएप नंबर 6390909044 पर भेज सकते हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इस नंबर पर आने वाली शिकायत का तत्परता से निस्तारण होगा। उसी दिन खुले हुए मैनहोल के ढक्कन बंद कर दिए जाएंगे।

**हर वार्ड में बनेगा स्मार्ट कंट्रोल रूम** : शहर की समस्याओं स्मार्ट सिटी के कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर की तर्ज पर हर वार्ड के लिए एक स्मार्ट कंट्रोल रूम बनेगा। इस तरह से प्रत्येक वार्ड में कुल 110 कन्ट्रोल रूम होंगे। सम्बंधित वार्ड के लोग प्रस्तावित कन्ट्रोल रूम में उस वार्ड की समस्याएं व शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। सभी समस्याएं आनलाइन ही दर्ज होंगी। सम्बंधित जोन के अफसर की ही जिम्मेदारी उस कमाण्ड व कन्ट्रोल सेंटर में आने वाली समस्या के निदान की रहेगी।

**शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जेई के खिलाफ कार्रवाई** : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिया कि कंट्रोल सिस्टम में कितनी शिकायते आज आई हैं और कितने शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारी की ओर से बताया गया कि गुरुवार को कुल 597 शिकायतों के सापेक्ष 97 शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। शिकायत आख्या के अवलोकन के दौरान मंडलायुक्त ने अमरेंद्र प्रताप अवर अभियंता जोन-8 (जलकल) की ओर से कंट्रोल रूम में आई शिकायतों का निस्तारण आख्या गुणवत्ता पूर्वक न लगाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य बची शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के सापेक्ष फर्जी आख्या लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण लोकेशन फोटो सहित किया जाए। इसके बाद मंडलायुक्त ने मार्ग प्रकाश ,पशु संबंधित, साफ सफाई संबंधित शिकायतें, आवारा पशु, जल विभाग, उद्यान विभाग, सशुल्क सेवा, वायु प्रदूषण, कर विभाग, ट्रेफिक जंक्शन की शिकायत, सीवरेज विभाग, ड्रेनेज विभाग से संबंधित आए हुए सभी शिकायतों के निस्तारण की आख्या को गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेंडिंग शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को चेतावनी पत्र भी जारी किया जाए।

### एक दिन में 148 खुले सीवर मेनहोल व ड्रेनेज हुए दुरुस्त

नगर में क्षतिग्रस्त मेनहोल कवर एवं सीवर, ड्रेनेज के मरम्मत को लेकर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सख्त निर्देश दिए हैं। अब इसका असर भी दिखाई देने लगा है। नगर आयुक्त ने तीन दिनों के भीतर इस प्रकार की समस्याओं का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के आदेश दिए गए थे। उन्होंने इस संबंध में जलकल एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जलकल विभाग को प्रत्येक दिन जोनवार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे मेनहोल कवर को उसी दिन रिपेयर करने का कार्य करना है। साथ ही नियमित रूप से सुपरवाइजर व अवर अभियंता एक रजिस्टर बनवाकर दर्ज करेंगे व यथोचित कार्रवाई करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम अभियंत्रण विभाग, जलकल एवं सुएज इंडिया की ओर से नगर निगम सीमा में कुल 148 सीवर मैनहोल कवर और क्षतिग्रस्त ड्रेनेज को रिपेयर करवाया गया। जबकि बुधवार को 72 मेनहोल सीवर कवर को रिपेयर कराया गया था। यह कार्रवाई प्रतिदिन नियमित रूप से जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम के समस्त जोनों में कम से कम 100-100 मेनहोल कवर का स्टॉक मेंटेन रखने के निर्देश भी करी किये गए हैं। जिससे कि सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से टूट हुए मेनहोल कवर को रिप्लेस कराया जा सके। इस अभियान पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जोनल व्यवस्था लागू की गई है, प्रत्येक जोन एक अपर नगर आयुक्त की ओर से देखा जाएगा जिससे शिकायतों का निस्तारण निरंतर एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके। दूसरी ओर हाईकोर्ट ने पूरे मामले का स्वतः संज्ञान लिया। नगर निगम से अब तक हुए हादसे की जानकारी मांगी तो आंकड़े खंगाले जाने लगे हैं। जोनल स्तर पर अधिकारी व इंजीनियरों ने रिपोर्ट बनाना शुरू कर दिया है।

# प्रदेश में फिर चढ़ने लगा पारा, लू ने किया परेशान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत पूरे प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा। प्रदेश के कई हिस्सों में तीन से चार दिनों में तेज लू चलने की सम्भावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन-चार दिनों तक 36 से अधिक जिलों में दिन और रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी।

राज्य के अधिकतर हिस्सों में लू की भी चेतावनी जारी की गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पारा एक बार फिर 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। प्रयागराज 43.4 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं झांसी, वाराणसी में पारा 42 पार रहा। सामान्य से अधिक हो चुके तापमान के कारण गर्मी अधिक महसूस हो रही है।

वहीं, रात के पारे में उतार-चढ़ाव गुरुवार को भी बना रहा। मौसम विभाग ने दो दिन के भीतर 40 से अधिक जिलों के लू के चपेट में आने की चेतावनी जारी कर सतर्क रहने के कहा है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 28 अप्रैल तक पारे में उत्तरोत्तर वृद्धि के आसार हैं। लू चलने के आसार हैं, ऐसे में लोगों को सेहत को लेकर कुछ सतर्क रहना चाहिए। गुरुवार को ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान 40 के आस पास रहा। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक जा सकता है जबकि 30-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, शुक्रवार को बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, श्रावस्ती व आसपास लू के थपेड़ों से सावधान रहने के जरूरत है। अभी तक जो सिस्टम बना है, वो यहां पर लू चलने के आसार जता रहा है। अप्रैल के महीने में ही धूप इतनी तेज हो रही है कि थोड़ी देर धूप मे रहने पर ही त्वचा के जलने का एहसास होने लगता है। इस वजह से धूप में निकलने वाले लोगों को चक्कर आने और डिहाइड्रेशन की समस्या हो रही है। स्थानीय अस्पतालों में भी इसके मरीज बढ़ गए हैं।

**कल कुछ इलाकों में आंधी जैसे हालात** : शनिवार को आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, झांसी, ललितपुर, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, शामली व आसपास बिजली गिरने व 30 से 40 किमी तक की रफ्तार से तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गई है।

**लू कर सकती है बेहाल**

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आगरा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मिजार्पुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संत रविदास नगर, सिद्धार्थ नगर, संत कबीरनगर, सोनभद्र, श्रावस्ती, वाराणसी व आसपास लू चल सकती है।



# अखिलेश ने अपने पिता का सम्मान नहीं किया : केशव

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की नामांकन जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव सरकार के गुण्डाराज और अराजकता को ना कन्नौज भूला है और ना ही उत्तर प्रदेश। सपा सरकार में नारा था कि जिस गाड़ी में सपा का झण्डा, उस गाड़ी में बैठा गुण्डा। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव अपराधी, गुण्डों, माफियाओं तथा आतंकियों के रहनुमा ना होते तो 2017 में सदैव के लिए ना विदा होते और ना ही सपा सफा होती और ना ही समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनी होती। समाजवादी पार्टी गुण्डा, माफिया, दंगाई व भ्रष्टाचारियों की फैक्ट्री है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज सपाई ना तो बूथ लूट सकते और ना ही जनता को डरा धमका सकते है इसलिए सपा की हार निश्चित है। जिस अखिलेश यादव ने अपने पिता का सम्मान नहीं किया, वह अखिलेश यादव मेरे पिता या किसी और के पिता का क्या सम्मान करेंगे? अखिलेश यादव ने विधानसभा में मेरे पिता के लिए अपशब्द कहे। उन्होंने कहा कि जब मैं अखिलेश यादव को गुण्डों, माफियाओं, अपराधियों व भ्रष्टाचारियों का सरदार कहता हूं। तो वे भड़क जाते है। अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव समेत तमाम सपाई नेता मुझे गाली देते हैं।

# बच्चों को स्कूल जाने में मिलेगी सुरक्षा, भरोसा कर सकेंगे अभिभावक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों के संचालन के लिए 'मिशन भरोसा' कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार सिंह, एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पांडे, आरटीओ, विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब कहा कि मिशन भरोसा प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी लखनऊ की बेहतरीन और उत्कृष्ट पहल है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को संवेदनशील सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत होती है और मिशन भरोसा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित कर अविभावकों का भरोसा बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत समय समय पर चालकों की ड्राइविंग रिफ्रेशर ट्रेनिंग और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया जायेगा। इसमें जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पुलिस सभी विभागों के आपसी समन्वय से सभी स्कूली चालक परिचालक और स्कूली वाहनों को बच्चों के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जायेगा। मंडलायुक्त ने कहा कि मिशन से अभिभावकों को ये भरोसा मिलेगा कि उनके बच्चे के स्कूली वाहन के चालक सक्षम और सुरक्षित चालक हैं जो 18 साल की उम्र से ऊपर हैं, उचित ड्राइविंग लाइसेंस से लैस हैं और शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्षम हो।

बच्चा एक भरोसे के वाहन और भरोसे के चालक के साथ स्कूल आवागमन करं यही इस मिशन का उद्देश्य है। कभी कभी स्कूली बच्चों के साथ हादसे होते हैं, जो हमें झकझोर कर रख देते है और ऐसे हादसें होने से पहले उनके रोकथाम के लिए उचित व्यवस्था बनाना ही मिशन भरोसा का उद्देश्य है।



**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | वाया | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 05325 | गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक ट. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | बाराबंकी–लखनऊ | 10.05.2024 | 25.05.2024 (15 फेरे) |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट.–गोरखपुर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (प्रतिदिन) | लखनऊ–बाराबंकी | 12.05.2024 | 27.05.2024 (15 फेरे) |

नोट : शेष पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1244/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# दूसरे चरण के मतदान में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस फोर्स

- 60 कम्पनी पीएसी और 239 कम्पनी केंद्रीय बल रहेगा मुस्तैद
- जिलों की सीमाओं पर चल रही सघन चेकिंग, संदिग्धों पर कड़ी नजर : डीजीपी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है।60 कम्पनी पीएसी और 239 कम्पनी केंद्रीय बल लगाया गया है।चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे।डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि दूसरे चरण का कल होने वाला मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वृहद पुलिस प्रबन्ध किये गए है।जीडीपी ने बताया कि बीती सोलह मार्च को भारत निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के प्रवर्तन की घोषणा की थी। इसके उपरान्त आचार संहिता का पालन कराने की लगातार कार्रवाई की जा रही है।डीजीपी ने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान कल शुक्रवार को प्रदेश के नौ जिलों अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलन्दशहर, हापुड़, मथुरा, मेरठ, कमिश्नर गाजियाबाद एवं कमिश्नर गौतमबुद्धनगर में स्थित आठ लोकसभा क्षेत्रों के 7797 मतदान केंद्रों के 17,698 मतदेय स्थलों पर होगा है।द्वितीय चरण के मतदान को लेकर 6841 निरीक्षक / उप निरीक्षक तथा 39642 मुख्य आरक्षी / आरक्षी, 28784 होमगार्ड्स और 60 कम्पनी पीएसी बल तथा 239 कम्पनी केंद्रीय बल जिसमे सीएपीएफ और बीएफएफ तथा आईटीबीपी और सीआरपीएफ तथा सीआईएसएफ और एसएसबी तथा आरपीएफ को लगाया गया है।इसके अलावा अतरिक्त पुलिस फोर्स भी लगाई गई है।इसमें 5066 ग्राम चौकीदार व 105 पीआरडी जवान भी व्यस्थापित किए गये है।इसके अलावा अतिरिक्त सभी जिलों में राजपत्रित अधिकारी व अन्य पुलिस बल सामान्य तथा कानून व्यवस्था ड्यूटी निरन्तर गतिशील रहेंगे।इन नौ जनपदों में से जनपद मथुरा, अलीगढ़, बागपत, कमिश्नर गौतमबुद्धनगर व कमिश्नर गाजियाबाद के अन्तर्राज्यीय सीमा पर 79 बैरियर स्थापित कर अनवरत सघन चेकिंग करायी की जा रही है।सभी जनपदों में 216 अंतर्जनपदीय बैरियर भी स्थापित किये गये है। प्रदेश के सभी जिलों में कुल 2316 बैरियर स्थापित किये गये है। समस्त बैरियर पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन कराकर निरन्तर निगरानी, चौकसी व प्रभावी चेकिंग की जा रही है।डीजीपी ने बताया कि द्वितीय चरण से सम्बन्धित जनपदों में 251 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 288 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 32 क्यूआरटी टीम का गठन कर निरंतर चौकसी, सतर्कता तथा चेकिंग की जा रही है।प्रदेश के समस्त जनपदों में कुल 1878 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 1548 स्टैटिक सर्विलांस टीम तथा 428 क्यूआरटी टीमों का गठन कर चेकिंग व प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान को स्वतन्त्र भयमुक्त व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी जिलों में अभिसूचना तन्त्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय तथा सतर्क किया गया है। पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित चुनाव प्रकोष्ठ तथा नियंत्रण कक्ष के जरिए सभी जिलों से समन्वय व सूचनाओं को साझा करते हुए निरन्तर अनुश्रवण किया जा रहा है।

# गेमिंग वेटिंग एप से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने महादेव बुक एवं अन्य गेमिंग वेटिंग एप के जरिए अरबों रुपए की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के इंडिया हेड सहित दो लोगो को राजधानी के विभूतिखंड थाना क्षेत्र के समिट बिल्डिंग के अपोजिट तरफ सनआई हास्पिटल के पास शहीदपथ के सर्विस लेन से

गिरफ्तार किया है।पकड़े गए देवरिया के ग्राम-सौनालक्ष्मण के रहने वाले अभय सिंह और देवरिया के ग्राम जगत माझा के रहने वाले संजीव सिंह के पास से चार मोबाइल फोन और दो पैनकार्ड तथा दो आधार कार्ड और एक डीएल तथा एक ग्रांड विटारा कार और 276 विभिन्न कम्पनियों के सिम तथा वीआई- 138 और एयरटेल- 138 और सोने का एक ब्रेसलेट और एक चेन तथा फर्जी दस्तावेज भारी मात्रा में तथा नगद ग्यारह हजार छ सौ बीस रुपए बरामद किए।एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि अभय सिंह ने वर्ष 2021 में इंटरमीडिएट पास किया है।इसकी बुआ का लड़का अभिषेक सिंह दुबई में रहता है। वर्ष 2021 में अभिषेक ने फोन कर इसे बताया कि अपने क्षेत्र से गरीब अनपढ़ लोगों के नाम से सिम खरीदना है महीने की रुपए पच्चीस हजार की सैलरी व पांच सौ रुपए प्रति सिम मिलेगा।सिम एक कंपनी से दूसरी कंपनी में पोर्ट करना है। इसके बाद यह अपने गांव के आसपास के लोगों के नाम सिम पोर्ट कराने का काम शुरू किया।जिसका यूपीसी कोड चेतन जोशी निवासी भिलाई छत्तीसगढ जो दुबई में अभिषेक के साथ काम करता है।

# तेज रफ़्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, दो की मौत



दुर्घटना ग्रस्त हुई ट्रैक्टर ट्रॉली





मृतक की फाइल फोटो

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** रहीमाबाद क्षेत्र के अंतर्गत मवई कला में शादी समारोह में टेंट का समान लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गई। जिस पर सवार दो लोगों की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वही एक व्यक्ति घायल हो गया। गुरुवार की दोपहर में टेंट का सामान लेकर मवई कला से महबूब खेड़ा की तरफ एक ट्रैक्टर-ट्राली जा रही थी। तेज रफ्तार होने के कारण महबूब खेड़ा मोड़ के पास ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया अचानक निकल गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गई। जिस पर सवार शरीफ समेत राजेश उर्फ पताली निवासी मवई कला की उसके नीचे दबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल आशीष को पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। जिसका इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में एसीपी वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि मृतक शरीफ के परिवार में पत्नी रुकसाना समेत पुत्री सिमरन व समरीन हैं। जबकी मृतक राजेश के परिवार में पत्नी कलावती समेत बेटा नितिन, गोलू 6वर्ष व अरोही 4वर्ष हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# जज के बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

- हजरतगंज के बटलर पैलेस क्षेत्र का मामला
- बगैर पोस्टमार्टम कराये शव को ले गये गृह जनपद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के बेटे ने गुरुवार तड़के हजरतगंज में बटलर पैलेस स्थित आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवारीजनों ने अयोध्या में ले जाकर अजितेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

हजरतगंज में गुरुवार तड़के बटलर पैलेस स्थित आवास में एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद त्रिपाठी के बेटे अजितेश (18) ने फांसी लगाकर जान दे दी ली। उसका जेईई मेंस 2024 का परिणाम बुधवार रात ही आया था। इसमें उसे सफलता नहीं मिली थी। पुलिस अभी इसे ही खुदकुशी की वजह मान रही है। बटलर पैलेस में विवेकानंद त्रिपाठी अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने सुबह चार बजे इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह को फोन कर बेटे के खुदकुशी की सूचना दी। इंस्पेक्टर विक्रम ने बताया कि पिछले साल अजितेश का जेईई में चयन हो गया था। तब उसे आईआईटी मुम्बई में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच मिल रही थी। उसकी इच्छा कम्प्यूटर साइंस से बीटेक करना था। इस पर ही उसने प्रवेश नहीं लिया और इस साल फिर से जेईई दिया था। बुधवार को रिजल्ट आया तो उसका चयन नहीं हुआ था। इस पर वह काफी दुखी था। वह रात में कमरे में गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। मां और अन्य परिवारीजनों ने कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर घर वालों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर अजितेश पंखे से लटकता मिला। घर वाले तुरन्त उसे नीचे उतार कर सिविल अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। न्यायाधीश की सूचना पर पुलिस सुबह ही पहुंच गई थी। साथ ही जिला जज समेत कई न्यायिक अधिकारी व परिचित उनके घर पहुंचे थे। गुरुवार सुबह परिवारीजन व रिश्तेदार उसका शव लेकर अयोध्या रवाना हो गये, जहां अंतिम संस्कार किया गया। विवेकानंद त्रिपाठी मूल रूप से देवरिया के रहने वाले हैं। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि घर वालों ने अजितेश के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था। लिहाजा कानूनी औचपारिकतायें पूरी कर शव परिवारीजनों को सौंप दिया गया।

## महिला से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में अकेली महिला से युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता के बेहोश होने पर उसे मरा समझ कर आरोपी मौके से भाग निकला। घर पहुंचे बेटे ने मां को मरणासन्न हालत में पड़ा देख सीएचसी लेकर गया। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देख महिला को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी बेटे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को उसकी मां घर पर अकेली थी, देर शाम सुभाष घर में घुस आया और मां के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध पर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान मां के बहोश होने पर उसे मरा समझकर आरोपी सुभाष मौके से भाग निकला। काम से वापस घर लौटे बेटे ने मां को मरणासन्न हालत में पड़ा देखा तो आनन-फानन इलाज के लिये सीएचसी लेकर गया, जहां मौजूद डाक्टर ने महिला की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन एम्बुलेंस की मदद महिला को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गये।जहां भर्ती कर इलाज जारी है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया पीड़िता के बेटे की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म व हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हत्यारे भतीजे भेजे गये जेल

**नगराम।** किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फरार महिला आरोपी की तलाश की जा रही है।

एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम नगराम के पाल खेड़ा गांव निवासी सोहन लाल की पहले से घात लगाए बैठे उसके भतीजे धनीराम, मनीराम व हरीराम ने अपनी मौसी के लड़के निगोहां के शेखनखेड़ा गांव निवासी बब्लू के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि किसान की हत्या में शामिल धनीराम, मनीराम, हरीराम व बब्लू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## सिंथेटिक ड्रग्स बनाने के गिरोह का खुलासा, छह गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ और महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच ने प्रदेश के वाराणसी जिले के थाना बडागांव क्षेत्रान्तर्गत औसानगंज तथा आजमगढ़ से अन्तर्राज्यीय स्तर पर सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार उनके पास से भारी मात्रा में तैयार सिंथेटिक ड्रग्स एवं 20 किग्रा सिंथेटिक ड्रग्स बनाने के कैमिकल बरामद किए है।बरामद कैमिकल की कीमत करीब 20.18 करोड़ रुपए है।पकड़े गए संदीप तिवारी और ललित पाठक और अनिल जायसवाल व निलेश पाण्डेय और विजय पाल तथा बिन्दु पटेल के पास से 25 ग्राम नशीला सिंथेटिक ड्रग्स तथा बीस किग्रा नशीला सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने का कैमिकल और दो हॉटएयर ओवन और दो जार तथा दो मैगनेटिक लापर और चार मिक्सर और आठ मोबाइल तथा एक हुण्डई क्रेटा कार और एक महिन्द्रा थार बरामद किया है।


**सूचना**

मेरा नाम विवाह पूर्व रसीदा खातून (Rasheeda Khatoon) था तथा विवाह के बाद मेरा नाम रशीदा बेगम (Rashida Begum) हो गया है। दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे रशीदा बेगम (Rashida Begum) के नाम से ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जाये। **रशीदा बेगम पत्नी जाहिद अली नि.- ग्राम जगदीशपुर, पो. दुधौरा, जिला बस्ती उ.प्र.। हाल नि.- 536/2/377 मदेयगंज, पो.- निराला नगर, लखनऊ, उ.प्र.**


# यूपीएसआईएफएस ने आईआईआईटी के साथ किया आठवां एमओयू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स ने आज संस्थान को और अधिक गति देने के उद्देश्य से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), लखनऊ के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया। यह एमओयू यूपीएसआईएफएस, लखनऊ के निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी एवं आईआईआईटी, लखनऊ के निदेशक डॉ0 अरूण मोहन सेरी के बीच हस्ताक्षरित किया गया।

यूपीएसआईएफएस, लखनऊ का महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ यह आठवां टङ्कव है। जिनमें एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात, एकेटीयू लखनऊ, सीडीएफडी हैदराबाद, टीआईएसएस मुम्बई, एनयूजेएस पश्चिम बंगाल एवं आईआईटी कानपुर आदि प्रमुख है। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी ने बताया कि आईआईआईटी, लखनऊ से हुए इस एमओयू से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को ज्ञानार्जन हेतु एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। यूपीएसआईएफएस एवं आईआईआईटी, लखनऊ के बीचे संस्थान के छात्रों को फोरेंसिक, कानून, सामाजिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और अन्य विषयों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा तथा साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी विशेषज्ञता को हासिल करेंगे। उन्होंनें कहा कि दोनो संस्थान साइबर फॉरेंसिक एवं सूचना प्रद्योगिकी में नये ऑनलाइन कोर्स भी तैयार करेंगे, ताकि छात्रों एवं व्यवसायिक विशेषज्ञों को बेहतर शिक्षा दिलाया जा सके। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के छात्रों को सम्बोधित करते हुए आईआईआईटी, लखनऊ के निदेशक डॉ0 अरूण मोहन सेरी ने कहा कि छात्रों को किसी भी विषय के मूल तत्व को समझने की आवश्यकता है बजाय मात्र किताबी ज्ञान के। उन्होंने सामान्य जीवन का उदाहरण देकर बैन्डविथ जैसे जटिल विषय को छात्रों के सामने सरलता से प्रस्तुत किया। अन्त में डॉ0 सेरी ने मनोविज्ञान सोशल मीडिया तथा आईटी के बीच की बारीकियों को भी छात्रों को समझाया। एमओयू एवं उनके व्याख्यान को लेकर खासा उत्साह का वातावरण मिला। कार्यक्रम के अन्त में राजीव मल्होत्रा, अपर निदेशक, यूपीएसआईएफएस ने आईआईआईटी से आये समस्त अधिकारीगणों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूपीएसआईएफएस के छात्रों द्वारा किया गया।

# शहीद पथ पर ऑटो, ई-रिक्शा और ओला-उबर पर प्रतिबंध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबंधित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबन्धित रहेगा।

वहीं अर्जुनगंज की ओर से आने वाली ई-रिक्शा और आटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतरेंगे और पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की तरफ जायेंगे। इसी प्रकार सुल्तानपुर रोड से आने वाले आटो और ई-रिक्शा बाएं मुड़कर लूलू मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। वहीं ओला ऊबर व अन्य किराए के वाहन सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी न बैठायेंगे और न ही उतारेंगे।

**वाहन पार्किंग की व्यवस्था:** पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। जिनके पास वाहन पास नहीं हैं। वह अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी। वहीं दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लासियो माल के पीछे पार्क कराये जायेंगे। वीवीआईपी और वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस मॉल और पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे। प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-उधर अवैध पार्किंग करने पर गाड़ी टो कर ली जायेगी।

## आम व्यापारी को मिली जान से मारने की धमकी

**मलिहाबाद।** आम व्यापारी को पैसे नही देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। मलिहाबाद क्षेत्र के महमूद नगर निवासी कमाल अहमद खान उर्फ गुड्डू ने पुलिस को बताया कि मोहम्मद नगर निवासी सिराज अहमद खान उर्फ लल्लन के आम की फसल का सौदा दो वर्ष 2024-25 के लिए 30 लाख में तय हुआ था। शर्त के अनुसार लल्लन खां और पत्नी खुशनुमा बेटे फराज को एक वर्ष की रकम 15 लाख रुपये जनवरी मे दिये थे। लल्लन खां ट्रिपल हत्याकांड के बाद जेल चले गये। फरवरी मे पत्नी खुशनुमा ने दुबग्गा अपने घर बुलाया और जमानत में रुपयों की जरूरत होने की बात कह अगले वर्ष की फसल के रुपयों की मांग की। जबकि हत्याकांड के बाद सभी बाग न्यायालय कुर्क कर चुकी है। इस बात का हवाला देने पर वह खुशनुमा और रिश्तेदार शाहरुख नाराज हो गये और हत्याकांड की तरह अंजाम भुगतने की धमकी दी।


**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 05/06/ECTC/2024-25** : अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-1 टेक्निकल बिड एवं पार्ट-11 फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 05 कार्य का नाम :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र कन्दुनी सीतापुर पर M/S Radico Ltd. हेतु 01 अदद 33 के.वी. स्वतन्त्र फीडर ''बे'' का जानपदीय निर्माण कार्य। कार्य की अनुमानित लागत :-रू. 8.17 लाख, कार्यावधि-1 माह। 06 कार्य का नाम :- 132 के.वी. उपकेन्द्र बघौली हरदोई पर M/S Baghauli Sugar and distillery Ltd. हेतु 01 अदद 33 के.वी. ''बे'' का जानपदीय निर्माण कार्य। कार्य की अनुमानित लागतः-रू. 4.32 लाख कार्यावधि :-1 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 10.05.2024 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 13.05.2024 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ''राष्ट्रहित में बिजली बचाए''(पत्रांक : 1561, 25.04.2024)**


# विभूतिखंड के वीवो दफ्तर में आग लगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)








**लखनऊ।** विभूतिखंड स्थित वृजदर्शन कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर स्थित वीवो के कार्यालय में गुरुवार सुबह आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने चार दमकल की मदद से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विभूतिखंड में चार मंजिला वृजदर्शन कॉम्प्लेक्स है। भूतल पर हैवेल्स का कार्यालय और शोरूम, पहले माले पर वीवो फोन का कार्यालय, दूसरे माले पर वीवो का गोदाम व तीसरा माला खाली पड़ा है। गुरुवार सुबह 9:30 बजे पहले माले पर आग की लपट निकलने लगीं। आग देख आसपास के लोग चीख पुकार मचाने लगे। सूचना पर कुछ ही देर में चार दमकल के साथ एफएसओ गोमतीनगर मौके पर पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक दमकल कर्मी पहुंचे तो पहले मंजिल से आग की लपट निकल रही थी। पूरी बिल्डिंग में धुआं भरा हुआ था। दमकल कर्मियों ने दो हिस्से में बंटकर राहत कार्य शुरू किया। एक टीम ने पानी डालकर आग बुझाना शुरू किया। वहीं दूसरी टीम ने बिल्डिंग के शीशे तोड़े और स्मोक एक्सट्रैक्टर लगाकर धुआं निकाला। एफएसओ के मुताबिक शुरूआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। हादसे के समय बिल्डिंग में कोई नहीं था। राहत कार्य के दौरान लीडिंग फायरमैन लक्ष्मी नारायण यादव सीढ़ी से फिसलकर चोटिल हो गए थे। जिनको मामूली चोटे आई हैं।

**खेतों में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने पाया काबू:** सरोजनीनगर और बंथरा क्षेत्रों में कई जगह गेहूं की आग लग गयी। जिसे दमकल कर्मियों ने बुझा दिया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सरोजनी नगर सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि काजीखेड़ा बंथरा में गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसे पूर्णरूप से बुझा दिया गया। वहीं रानीपुर दरोगाखेड़ा में गेहूं के खेत में आग लगी थी। घटनास्थल पहुँच कर देखा कि आग खेत में रखे भूसे व गेहूं कि पराली व झाड़ियों व पेड़ो में लगी थी। लोगों ने खेतों में बेरीकेटिंग किया था। जिसके कारण आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोई जनहानि नहीं हुई। इसी तरह परवर पश्चिम बिजनौर में गेहूं के खेत में आग लगी थी। जिसे पूर्णरूप से बुझा दिया गया। वहीं ढाबापुर नियर विश्वकर्मा मंदिर बंथरा में भी गेहूं के खेत में आग लगी थी। आग खेत में रखे भूसे में लगी थी। जिसे बुझा दिया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से कई वर्षो तक किया दुराचार

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई इलाके में एक युवती ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है कि खुद कुंवारा बताकर युवक ने शादी का झांसा दिया और करीब चार सालों तक उसके साथ दुराचार किया। बताया जा रहा है कि युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ के मोहनलाल गंज क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि चार वर्ष पहले उसकी मुलाकात मौरावां उन्नाव निवासी संतोष कुमार से हुई। इस दौरान आरोपी ने उसे अपने झांसे में लेकर प्रेम जाल में फंसाया और खुद का कुंवारा बताया। जब संतोष की युवती से नजदीकियां बढ़ गयी तो उसने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण शुरू कर दिया और फिर यह सिलसिला करीब चार वर्षों तक चला। इस दौरान संतोष कुमार ने पीजीआई थाना क्षेत्र के शीतलखेड़ा में कमरा किराये पर लेकर साथ रखने का दबाव बनाया तो युवती परिवार को छोड़कर उसके साथ रहने लगी। पीड़िता ने बताया कि प्रेमी संतोष उसे अपनी पत्नी की तरह मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और पैरों में बिछिया पहनवा कर रखता था। इस बीच पीड़िता प्रेमी संतोष को शादी कर लेने के लिये कहती रही लेकिन संतोष उसे टरकाता रहा। धीरे धीरे चार वर्ष बीतने के बाद जब पीड़िता ने संतोष पर विवाह के लिये दबाव बनाया तो संतोष ने उसे कोर्ट मैरिज का झांसा देकर सारे गहने और मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया। मजबूर होकर पीडिता ने थाना पीजीआई मे तहरीर देते हुए पुलिस से न्याय की फरियाद लगाई।

# मिट्टी की बनी बोतलें और घड़े कर रहे देशी फ्रिज का काम







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मवैय्या क्षेत्र में इन दिनों लोगों की अच्छी भीड़ नजर आ रही है। वजह यह है कि यहां पर एक मिनट के अंदर ही पानी को ठंडा कर देने वाली बोतलें और घड़े मिल रहे हैं। इस भीड़ को लखनऊ की सरजमीं पर पहली बार गुजरात की लाल मिट्टी की बनी बोतलें और घड़े बेचे जा रहे हैं।

माटी हाउस के नाम से इस दुकान को चला रहे कृष्णा प्रजापति ने बताया कि यह दुकान करीब 50 साल पुरानी है। लेकिन पहली बार उन्होंने गुजरात की लाल मिट्टी की बनी हुई बोतलें और घड़े को नया लुक देकर और डिजाइनिंग अंदाज में बाजार में उतारा है। जो देखने में लोगों को बेहद आकर्षित भी लग रहे हैं और इनकी खास बात यह है कि सिर्फ एक मिनट के अंदर ही गर्म पानी भी इन बोतलों और घड़ों में रखने से ठंडा हो जाएगा। फ्रिज से भी जल्दी ठंडा पानी यह बोतले या घड़े कर देते हैं, इसलिए लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिन भर में 100 से ज्यादा पीस बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनको धोने से कोई खराबी नहीं आयेगी। लाल मिट्टी के इन घड़ों और बोतलों में पानी पीने से सेहत भी अच्छी होती है।

**बाजार में मिट्टी से बने मटके की अच्छी डिमांड:** बाजार में मिट्टी से बने मटके की अच्छी डिमांड देखी जा रही है। मिट्टी से बने मटके के अंदर हल्के हल्के छेद होते हैं, जिससे पानी हल्का-हल्का बाहर आता रहता है और वह मटकी को गीला रखता है। इससे हवा के संपर्क में आने से मटके का पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि मटके का पानी शरीर के पीएच लेवल को भी मेंटेन रखता है। मटके के पानी से शरीर में मिनरल्स की कमी भी पूरी हो जाती है। गर्मी में फ्रिज से बेहतर मटके का पानी पीना माना जाता है। गर्मी के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

## रंग-बिरंगी मिट्टी की बोतलें कर रहीं आकर्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माटी हाउस में आपको लाल मिट्टी की बनी हुई छोटी और बड़ी बोतलें दोनों मिलेंगी। दोनों पर खूबसूरत सी डिजाइन बनी हुई है। बोतलों की साइज के अनुसार ही उनके अंदर पानी भी आता है, किसी में सवा लीटर पानी आता है तो किसी में दो लीटर तक पानी आप भर कर रख सकते हैं। यही नहीं घड़े भी डिजाइनिंग है। इसके अलावा कार्टून के बने हुए घड़े भी यहां पर मिल रहे हैं, जिनके अंदर नल लगा हुआ है और देखने में वे किसी टेडी बियर से कम नहीं लग रहे।



**सेहत के लिए अच्छा है मटके का पानी:** आमतौर देखा जाता है कि लोग गर्मी के दिनों में अपनी प्यास बुझाने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स या फ्रिज का बेहद ठंडा पानी पीते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसा करना सही नहीं है। अत्यधिक ठंडा पानी सेहत को नुकसान पहुंचाता है। इससे सर्दी-जुकाम का अंदेशा रहता है। अक्सर लोग गर्मी के दिनों में धूप से आकर सीधे फ्रिज में रखा ठंडा पानी पी लेते हैं। इससे उनकी सेहत पर काफी असर पड़ता है।

**इतनी है कीमत:** कृष्णा प्रजापति ने बताया कि उनके पास छोटी मिट्टी की बोतले 150 रुपए की हैं जबकि फिल्टर वाले घड़े 500 रूपए के हैं। डिजाइनिंग घड़े भी 500 रुपए के ही हैं। इनसे कम की कीमतों पर भी लोगों को घड़े और बोतलें मिल जाएंगी। रवि ने बताया कि इस व्यापार को उनकी मां ने शुरू किया था। उनके निधन के बाद उन्होंने इस व्यापार को आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया है। वह बताते हैं कि उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से 2011 में बीएससी कंप्यूटर साइंस में किया था। इसके बाद रेलवे की तैयारी भी की थी लेकिन उसमें उनका सिलेक्शन नहीं हो पाया था, जिसके बाद उन्होंने अपनी मां का ही व्यापार संभाला। चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग के बीच में मवैय्या क्षेत्र पड़ता है, इसकी प्रमुख रोड पर ही आपको माटी हाउस की दुकान दिख जाएगी।

# 51 योग साधक, साधिकाओं को मिला महर्षि पतंजलि सम्मान

## एसएनए में भारतीय आदर्श योग संस्थान ने अपना द्वितीय स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

- योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है: मुख्य सचिव
- प्रत्येक नागरिक को योग के माध्यम से स्वस्थ रखना भारतीय आदर्श योग संस्थान का उद्देश्य : योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** भारतीय आदर्श योग संस्थान का द्वितीय स्थापना दिवस संमारोह संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में धूमधाम से मनाया गया। द्वितीय स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा मौजूद रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य सचिव ने संस्थान को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा कहा योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है, योग भारत के ऋषिंयो संतो द्वारा मानव समाज के लिए दिया गया अनमोल उपहार है उन्होंने कहा योग यू एन ओ का पहला ऐसा प्रस्ताव था जिसके विश्व के सभी देश प्रस्तावक बने। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा द्वारा योग साधको को महर्षि पतंजलि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भजन सम्राट किशोर चतुर्वेदी एवं श्रीमती स्वाति रिजवी एवं श्री मगन मिश्रा के भजनों का भी योगाभ्यासिओं ने आनंद लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए भारतीय आदर्श योग संस्थान के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा उत्तम स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है तभी कमाए हुए धन एवं प्राप्त पद की शक्ति का आनंद ले सकता है और योग के माध्यम से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखा जा सकता है भारतीय आदर्श योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने कहा संस्थान का उद्देश्य योग के माध्यम से सभी नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है उन्होंने कहा वात, कफ एवं पित्त को सही रखने से बीमारियां छूमंतर हो जाएंगी।

योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने कहा नियमित योग के माध्यम से असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को भी रोगमुक्त किया जा सकता है। भारतीय आदर्श योग संस्थान के सचिव राजकुमार राज ने कहा बाल्यकाल से संस्कार के रूप में बच्चों में अनिवार्य योग की शिक्षा दी जाए तो 20 साल बाद का भारत निश्चित रूप से सम्पूर्ण स्वस्थ भारत होगा। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर द्वारा किया गया।

समारोह को संगठन के संरक्षक को करनल अभय सिंह द्वारा भी संबोधित किया गया उन्होंने कहा समय रहते योग करने से स्वास्थ्य की रक्षा होती है। इस अवसर पर संस्थान की डॉक्टर अंजु भारती, श्रीमती शोभा श्रीवास्तव, श्रीमती शारदा श्रीवास्तव ,श्रीमती ललिता पांडे, श्रीमती मधु पांडे, श्रीमती कल्पना भदरा, श्रीमती रुचि सक्सैना, कुमारी सिमरन सिंह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बालिका गायत्री द्विवेदी द्वारा शिव तांडव की प्रस्तुति की गई। गणेश वंदना की प्रस्तुति अनुपम श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशक में भी हुई गणेश प्रस्तुत करने वाले बच्चों में श्रुति कुशवाहा निहारिका अग्रवाल संचालिका अयोध्या सिंह मीमांसा पीहू द्विवेदी अनामिका बाजपेई रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी मुरलीधर आहूजाभी मौजूद रहे।

# ललित कला अकादमी में पेंटिंग प्रदर्शनी आज से

- उत्तर प्रदेश कला समागम का प्रथम सोपान में 60 कलाकारों की पेंटिंग होगी प्रदर्शित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कला समागम द्वारा राज्य ललित कला अकादमी में 26 अप्रैल को 5:30 बजे सायं को कला प्रदशर्नी का उद्घाटन हो रहा है। समागम के सचिव गोपेन्द्र कुमार ने बताया कि यह कला समागम, कला विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा बनाया गया है, इस समागम द्वारा कला प्रदशर्नी का आयोजन प्रथम सोपान नाम से किया जा रहा है। यह प्रदशर्नी कला विद्यालय के पूर्व कला आचार्य बद्रीनाथ आर्या जी को समर्पित है।

इस प्रदशर्नी में 62 कलाकारों की लगभग 75 पेन्टिंग प्रदर्शित की जा रही है। जिन कलाकारों की पेन्टिंग देखने को मिलेगी, उसमें कई देश के महान कलाकार भी शामिल है जोकि विद्यालय के पूर्व छात्र भी रहें है। इन कलाकारों में गौरी शंकर वर्मा, पृथ्वी राज सिंह, श्याम वर्मा, सीताराम कश्यप, एम.के.कदम, राजीव मिश्र, अजीत सिंह सुशीला फेंक, नीरा निगम, प्रेम कुमार शर्मा, विभावरी सिंह, मनीषा सिंह, अंजू पाण्ड्ेय, रवीकान्त पाण्ड्ेय, सरोज सिंह, दिनंश गुप्ता, तूलिका कश्यप, शैफाली कपूर, श्रुति कौशिक, संजय प्रजापति, प्रदीप सिंह, पूनम नाग, सुनी वर्मा, जय गुप्ता, निहारिका सिंह, अकिंत प्रजापति, अकाश दुबे, अनिकेत पटेल, धीरज मंध्यानी अमर पाल, शुभम विश्वकर्मा, मानसी मौर्या, शिवम वर्मा, धरम सेन पाल, मोहिता शुक्ला, अरीन्द्र चौधरी, कीर्ती, मोनिका, ज्योति प्रजापति, सिद्धान्त गुप्ता, अर्चना गौतम, अंशिका शुक्ला, रुदांबा सिंह, वर्तिका त्रिपाठी, कलपना वर्मा, हर्शिका सिंह, वंदना प्रजापति, बरीजा नाजिम, धीरेन्द्र प्रताप, अनुज गुप्ता, श्रुति, शालिनी, श्रषभ, मदन, प्रांजली मदनलाल, अमनदीप, कौशिकी द्विवेदी, शिवांगी सिंह, तान्या सिंह, रितिका बुद्धराजा हैं। प्रदशर्नी के संयोजक शशिभाल सिंह ने बताया कि प्रदशर्नी का उद्घाटन 26 अप्रैल को 5:30 बजे सायं को राज्य ललित कला अकादमी में होगा।

# दो दिवसीय चित्र मूर्ति प्रदर्शनी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्य ललित कला अकादमी, उ. प्र. एवं धर्मार्थ कार्य विभाग उ. प्र. के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय चित्र मूर्ति प्रदर्शनी एवं चित्रकार शिविर का प्रारंभ आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में हुआ। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विज्ञान केंद्र नैमिषारण्य के प्रारूप एवं विकास की रूप रेखा पर आधारित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के अन्तर्गत हो रहा है जिसके चित्रकार शिविर में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों ने नैमिषारण्य के धार्मिक महत्त्व पर चित्रों का सृजन प्रारंभ किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः 10:30 बजे दुर्गा शंकर मिश्रा तथा मुकेश कुमार मेश्राम ने किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को किट बैग प्रदान कर चित्र मूर्ति प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने विशिष्ट अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया तथा सभी को शिविर के प्रारंभ होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकृतियों की सराहना की। इस अवसर पर लगभग 40 चित्र एवं 05 मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया। इस दो दिवसीय चित्रकार शिविर में कुल 06 कलाकार जिनमें विनोद कुमार, सुजीत कुमार, संजय राज, मैनाज बानो, सुश्री शिखा पाण्डेय एवं अरुणेश वासुदेव ने प्रतिभाग किया।

# 'अवध के राम' में भजनों और लोकगीतों की प्रस्तुति ने समां बांधा

- एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में हुआ रंगारंग आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था साकार फाउंडेशन द्वारा अवध के राम भजन एवं लोकगीतों की कार्यशाला के आयोजन के उपरांत एक मनमोहक प्रस्तुति गुरुवार को गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में की गई।

अवध के राम कार्यशाला का आयोजन 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक किया गया जिसमें अनेक प्रतिभागी कलाकार शामिल हुए तथा भजन एवं लोकगीत का प्रशिक्षण सुप्रसिद्ध लोकगायिका प्रीति लाल तथा वरिष्ठ भजन गायिका आशा श्रीवास्तव से प्राप्त किया। कार्यशाला में सिखाए हुए भजनों एवं लोकगीतों की प्रस्तुति 25 अप्रैल को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह और आकाशवाणी की पूर्व केंद्र निदेशक रश्मि चौधरी, विशिष्ट अतिथि आदित्य द्विवेदी तथा उमा त्रिगुणायत ने दीप प्रज्वलित करके किया। सभी अतिथियों का स्वागत संस्था की कार्यक्रम संयोजक एवं संगठन मंत्री रत्ना श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ देकर किया। मंचीय प्रस्तुति की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद भजन एवं लोकगीतों की मधुर संगीतमय प्रस्तुतियों का सिलसिला चला। भजनों तथा लोकगीतो की प्रस्तुति तृप्ति नागर, अनिता सिन्हा, सुषमा प्रकाश, अंजलि सिंह, बाला सिंह, मंजुला श्रीवास्तव, रचना गुप्ता, विभा श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, रीता नाथ, रीता श्रीवास्तव, कुमकुम श्रीवास्तव, कुमकुम मिश्रा, सरिता शर्मा, सरिता अग्रवाल, सिंधुजा मित्तल, अनुपमा श्रीवास्तव, सुमन शर्मा, निधि निगम, शशि सिंह, प्रियंका , मनीषा श्रीवास्तव द्वारा की गई।

इस संगीत संध्या पर ढोलक पर प्रदीप, तबले पर मनोज और कीबोर्ड पर अरविंद वर्मा ने शानदार संगत की। कार्यक्रम संचालन अभिषेक शुक्ला ने बहुत ही कुशलता पूर्वक किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा की इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हमारी संस्कृति का संरक्षण एवं विकास होता है। उन्होंने इस पहल के लिए साकार फाउंडेशन तथा लोकगायिका प्रीति लाल की विशेषरूप से प्रशंसा की तथा भविष्य में इसी प्रकार की कार्यशालाएं प्रदेश भर में आयोजित करने की कामना की।

कार्यशाला ने जिन भजनों एवं लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया गया उनके रचियता हैं विनीता मिश्र, प्रेमनारायण मेहरोत्रा, शिवपूजन शुक्ला, कनक श्रीवास्तव तथा उमा त्रिगुणायत और इन्हें सुर संयोजन वरिष्ठ भजन गायिका सुश्री आशा श्रीवास्तव एवं लोकगायिका तथा साकार फाउंडेशन की सचिव प्रीति लाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को साकार फाउंडेशन द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

# श्रीहरि का अवतार मानी जाने वाली खास मछली पहुंची लखनऊ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान विष्णु का पहला अवतार मत्स्य था। यह अवतार उन्होंने राक्षसों को मारने के लिए एक सुनहरी चाकू मछली के रूप में लिया था। तबसे लेकर आज तक ये मछली चाकू के आकार की ही है। अब इस मछली को चिताला कहते हैं और खास बात यह है कि यह मछली यूपी की राजकीय मछली है और इसे लखनऊ लाया जा चुका है। लोग यहां पर इस मछली के दर्शन भी कर सकते हैं और उससे जुड़ी जानकारी भी ले सकते हैं। इस मछली को गंगा एक्वेरियम में रखा गया है। उत्तर प्रदेश की राजकीय मछली को गंगा एक्वेरियम में आईसीएआर के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर हिमांशु पाठक ने डाला। यह मछली विलुप्तप्राय में आती है। इसके संरक्षण के लिए ही गंगा एक्वेरियम में इसे रखा गया है।

चिताला की अधिकतम लंबाई 122 सेमी (48 इंच) तक होती है, लेकिन आमतौर पर लगभग 75 सेमी (30 इंच) तक पहुंचती है। इसका रंग कुल मिलाकर चांदी जैसा होता है। यह देखने में एक तेज धार वाली चाकू लगती है। इसके निचले हिस्से से लेकर पूंछ तक छोटे-छोटे सफेद रंग के बाल होते हैं। यह पूरी मछली चांदी जितनी सफेद और चमकदार भी होती है।

गंगा एक्वेरियम के निदेशक डॉ. उत्तम कुमार सरकार ने बताया कि यह मछली बेहद खास है। इसका यहां संरक्षण होगा, जो लोग आएंगे वो जागरूक होंगे। उन्हें पता चलेगा कि यह मछली उत्तर प्रदेश की राजकीय मछली है।

**यहां पाई जाती है ये मछली:** ये मछली बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान तक में पाई जाती है। ये ब्रह्मपुत्र, सिंधु, गंगा और महानदी नदी घाटियों में पाई जाती है। पिछले कुछ वक्त से इस मछली की तादाद तेजी से घटने लगी थी, इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार अब इसके संरक्षण के लिए कदम उठा रही है। ये छोटी मछलियों, झींगा और घोंघे को खाती है।

**एक बार में इतने अंडे देती है:** चाकू के आकर की इस मछली का प्रजनन बड़ा रोचक होता है। प्रजनन काल में नर और मादा दोनों नदियों, तालाबों, झीलों आदि के तल के पास मिलते हैं और प्रजनन करते हैं। इनमें नर प्रजनन के समय मादा के पास ही रहता है और अण्डे देने के बाद मादा को अण्डों के पास से भगा देता है। मादा चाकू मछली एक बार में लगभग 10 हजार अण्डे देती है। इसके अण्डे 5 से 6 दिन के बीच परिपक्व होकर फूटते हैं और उनसे बच्चे निकल आते हैं। चाकू मछली के नवजात बच्चे देखने में चाकू मछली की तरह ही होते हैं।

**टिकट की कीमत:** गंगा एक्वेरियम में प्रति व्यक्ति टिकट 30 रूपए का है, जबकि चार साल से लेकर 18 साल के बीच के बच्चों का टिकट मात्र 25 रूपए का है। गंगा एक्वेरियम लखनऊ के तेलीबाग चौराहे से पहले स्थित है।

# सत्यप्रकाश जोशी की स्मृति में हुई शोक सभा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तराखंड महापरिषद के सलाहकार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष तथा उत्तराखंडी संस्कृति से बेहद लगाव रखने वाले सत्यप्रकाश जोशी जी पंच तत्व में विलीन हो गये। गुरुवार को सायं 7 बजे उनकी स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन उत्तराखंड महापरिषद भवन कुर्मांचल नगर, लखनऊ में आयोजित किया गया तथा प्रातः 10:30 बजे वैकुण्डधाम में इनका अन्तिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इनके द्वारा अनेक रचनाओं का लेखन व संकलन किया गया। उत्तराखंडी होलियों का संकलन हा हा मोहन गिरधारी काफी लोकप्रिय रही। श्री जोषी जी कुमाऊँ परिषद के दिनो से ही इससे वृहद रूप से जुड़े रहे। इनके द्वारा उत्तराखंडी रामलीलाओ में अनेक भूमिकाएं निभाई गई जिसे लोग आज भी याद करते है। लखनऊ के उत्तराखंडी संस्कृति का एक सजग प्रहरी आज खो गया है, जिसकी रिक्त स्थान की पूर्ति कर पाना सम्भव नहीं है। उत्तराखंड महापरिषद में इनका अतुलनीय योगदान रहा तथा इसे आगे बढ़ाने में इनके द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, जिसे भुला पाना मुमकिन नही है। ये कई वर्षो तक उत्तराखंड महापरिषद के पुस्तकालय के प्रमुख भी रहे। श्री जोषी एक सरल, मिलनसार, हसमुख ह्लदय के इंसान थे। आप कही भी रहें परंतु आप हमेशा हम सब की स्मृतियों में जीवंत रहेंगे। उत्तराखंड महापरिषद तथा उत्तराखंडी समाज आज शोकाकुल है एवं परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। शोक सभा में उत्तराखण्ड महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-मंगल सिंह रावत, उपाध्यक्ष महेश चन्द्र सिंह रौतेला, भुवन पटवाल, संस्कृतिक सचिव- महेन्द्र सिंह गैलाकोटी, प्रभात जोषी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# कटिहार, आनंद विहार, लालकुआं, छपरा के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05721/05722 कटिहार-आनन्द विहार टर्मिनस-कटिहार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन कटिहार से 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 10 फेरों के

- **ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को देंगी खासी राहत**

लिये निम्नवत किया जायेगा।

05721 कटिहार-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को कटिहार से 17.25 बजे प्रस्थान कर नौगछिया, खगड़िया, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, दूसरे दिन सीवान, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, सीतापुर, चंदौसी, मुरादाबाद, हापुड़ तथा गाजियाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनस 18.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05722 आनन्द विहार टर्मिनस-कटिहार ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 अप्रैल से 27 जून 4 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 23.25 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन कटिहार 01.30 बजे पहुंचेगी। इस गाडी में जीएसएलआरडी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 07 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

05301 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को मऊ से 04.00 बजे प्रस्थान कर बेल्थरा रोड, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनस 20.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05302 आनन्द विहार




टर्मिनस-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 22.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मऊ 14.30 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, शयनयान श्रेणी के 07, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 06 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। 05055 लालकुआं-वाराणसी सिटी ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 15.00 बजे प्रस्थान कर किच्छा, इज्जतनगर, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर, दूसरे दिन बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद , गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, बेल्थरा रोड, मऊ, औड़िहार होते हुए वाराणसी सिटी 10.00 बजे पहुँचेगी। 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 30 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी सिटी से 14.15 बजे प्रस्थान कर लालकुआं 06.30 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 16 एलएचबी कोच लगाये जायेंगे। 09125 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.-छपरा ग्रीष्मकालीन दैनिक विशेष गाड़ी 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 15.45 बजे प्रस्थान कर मोठ, एटा, उरई, कालपी, पोखराया, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, करनैलगंज, दूसरे दिन गोण्डा, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, सीवान होंते हुए छपरा 08.45 बजे पहुॅचेगी। वापसी यात्रा में 01926 छपरा-वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को छपरा से 12.00 बजे प्रस्थान कर वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. पर अगले दिन सुबह 07.00 बजे पहुंचेगी। 05325 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन दैनिक विशेष गाड़ी 27 अप्रैल से 10 मई तक गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, दूसरे दिन गोण्डा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, उरई , वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., बीना, भोपाल, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण, ठाणे होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस 07.25 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन दैनिक विशेष गाड़ी 27 अप्रैल से 12 मई तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.25 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर दूसरे दिन शाम 18.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में जीएसएलआरडी के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा शयनयान श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## ड़ेंगू व हीट स्ट्रोक से बचाव की दी जानकारी



**माल लखनऊ।** जल एवं मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिये गोष्ठी का आयोजन किया गया । वीरांगना ऊदा देवी राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित गोष्ठी में ड़ेंगु, मलेरिया, टायफाइड , फ्लू , हीट स्ट्रोक जैसे खतरों से बचाव की जानकारियां दी गयीं । गोष्ठी में मलेरिया निरीक्षक सुयश श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को मच्छरों के जरिये फैलने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के तरीके बताये । स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया गांवों में आशा कार्यकत्रियों द्वारा आभा पोर्टल पर लगातार पंजीकरण किया जा रहा है । सभी परिवारों को इसमें शामिल किया जाना है । गांवों में एंटी लार्वा का छिड़काव और साफ सफाई की जा रही है । अधीक्षक डॉ .संदीप प्रताप सिंह ने बताया पच्चीस अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है । इससे पहले ही जरूरी कार्य पूरे किये जा रहे हैं ।

## बेल्जियम प्रतिनिधि मंडल ने आरडीएसओ का दौरा किया



**लखनऊ।** बेल्जियम के प्रतिनिधि मंडलने बुधवार को आरडीएसओ का दौरा किया। प्रतिनिधि मंडल में सैमुएल बुचे बिजनेस डेवेलपर/एजीसीग्लास, सिल्वैन बटाको रीजनल डायरेक्टर/सी.ई.टी. पॉवर सहित बेल्जियम के कुल 06 कंपनियों के सदस्य सम्मिलित हुए तथा इस दौरे का उद्देश्य भारतीय रेल से जुड़ना तथा अपने उत्पादों को प्रदर्शित करना था । इसअवसर पर आरडीएसओ द्वारा हाल की उपलब्धियों और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं को उल्लेख करते हुए विस्तृत प्रस्तुति दी गयी। साथ ही भारतीय रेलवेकी खरीद प्रक्रिया का उल्लेख भी किया गया । इस प्रस्तुति के दौरान प्रतिनिधि मंडल एवंआरडीएसओ के अधिकारियों के बीच कई महत्वपूर्ण चचाएं की गयीं। अजय कुमार राणा महानिदेशक आरडीएसओ ने बेल्जियम के प्रतिनिधि मंडल को आरडीएसओ का दौरा करने के लिए धन्यवाद दिया एवं कहा कि इस प्रकार के दौरों से भारतीय रेल को नयी तकनीक से जुड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर आर. के. सिन्हा महानिदेशक विशेष( वी.डी. ), शरद कुमार जैन अपर महानिदेशक आरडीएसओ, दिनेश शुक्ला पीईडी रोलिंग स्टॉक, आर. के. गुप्ता पीईडी, पी.एस.एंड ई.एम.यू., अमित श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक अनुसंधान, आशीष कुमार गुप्ता निदेशक अनुसंधान एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

# 173 पूर्वी विधानसभा चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना के साथ लखनऊ पूर्वी विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ। भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार अपराह्न पंडितों द्वारा

- **भगवान गणेश जी के विधिवत पूजन अर्चन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प**

विधिवत्त मंत्रोच्चार और पूजन अर्चन के साथ भगवान श्री गणेश के समक्ष नारियल फोड़ कर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, लखनऊ उत्तर विधायक नीरज बोरा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के



ओएसडी केपी सिंह, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी उपाध्यक्ष राकेश सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, हेमंत दयाल, शिक्षक नेता महेंद्र नाथ राय, शिक्षक नेता अजय सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के वर्तमान व पूर्व पार्षदों, मंडल अध्यक्षों, पन्ना प्रमुखों सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इंदिरानगर के ईश्वरधाम मन्दिर के सामने मकान संख्या 9/983 में भाजपा प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। उनके चुनाव कार्यालय पर उमड़ी भीड़ से क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है और शीघ्र ही हम टॉप 3 में जगह बनाएंगे। आर्थिक समृद्धि के साथ ही देश की संस्कृति और आस्था का प्रतीक राम मंदिर निर्माण और काशी कॉरिडोर के सौंदर्य करण का कार्य भी पूरा हुआ है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त शासन के साथ उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी शहरों में शुमार हुआ है। देश के यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ को विश्व स्तरीय शहर बनाने के लिए अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। शीर्ष नेतृत्व के इन सभी कार्यों को लेकर हम जनता के समक्ष जाएंगे और उसके आधार पर जनता से बढ़कर भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि ओपी श्रीवास्तव शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे जिसके लिए प्रातः 10 बजे से हनुमान सेतु मंदिर पर वरिष्ठ नेतागण और कार्यकताओं के साथ एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बिजली कर्मचारियों की पैरवी पर नाम होगा ऑनलाइन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारी अपने ट्रांसफर और पोस्टिंग कराने के लिए माननीय, प्रशासनिक अधिकारी या अपने परिवार के लोग से पैरवी करायेंगे तो उनका नाम भी बिजली विभाग के पोर्टल ईआरपी पर दर्ज होगा। पावर कार्पोरेशन के एमडी पंकज कुमार ने गुरुवार को निर्देश जारी कर कहा है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी अपनी



सेवा से सम्बन्धित अपने हितों से जुड़े किसी मामले में कोई राजनीतिक अथवा अन्य दूसरे साधनो से न तो स्वंम ना अपने किसी रिस्तेदार से किसी सदस्य द्वारा कोई प्रभाव डालेगा या प्रभाव डलवायेगा का प्रयास करेगा तो उनके खिलाफ कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के तहत कार्रवाई होगी। एमडी ने निर्देश दिया है कि कोई भी कर्मचारी की सिफारिस आती है तो वह पत्र ईआरपी पर अपलोड कराया जाये। जिससे यह मालुम हो सके कि कितनी बार किस कर्मचारी ने किससे सिफारिस कराई है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी ने ऐसा कराया है तो उसका भी इस माह तक पत्र को ईआरपी पर अपलोड़ हो जाना चाहिए।

## जीसीआरजी ब्लू 220 रनों से हुआ विजयी



**लखनऊ।** जीसीआरजी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी में ऋषभ त्रिपाठी ने सीआरजी ब्लू टीम की तरफ से 319 रन बनाकर अपनी टीम को इंडिविजुअल क्रिकेट मैच में विजयी बनाया । जीसीआरजी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी में इंडिविजुअल क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ । जिसमे जीसीआरजी ब्लू टीम और जीसीआर ज ए टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जीसीआरजी ब्लू ने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में

- **ऋषभ त्रिपाठी ने 142 बालों पर 319 रन ठोंके**

431 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाएं। वही दूसरी इनिंग में जी सी आर जी ए टीम ने 211 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जी सी आर जी ब्लू टीम की तरफ से उनके बैटर ऋषभ त्रिपाठी ने 319 रन 142 बालों के साथ 25 चौके और 26 छक्के मार के साथ इंडिविजुअल स्कोर बनाकर कीर्तिमान बनाया । यह जी सी आर जी क्रिकेट अकादमी में अब तक का सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है ।

# सेंट जोजफ कॉलेज के छात्रों ने जीती खो-खो प्रतियोगिता



**लखनऊ।** सेंट जोसेफ कॉलेज ने अंडर 17 बालक वर्ग में 24 पॉइंट से सीएमएस और 30 प्वाइंट से जॉन बॉस्को को हराया। जोनल अंडर - 17 खो-खो बॉयज की विजेता बनी सेंट जोसेफ की टीम अंडर -17 खो - खो मैच बालक वर्ग में सेंट जोसेफ कॉलेज की सीतापुर रोड शाखा ने गोमती नगर के जॉन बॉस्को स्कूल में खेले गए जोनल खो-खो मैच में सी एम एस गोमती नगर शाखा को 24 पवाइंट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनायी। और फाइनल मैच जॉन बॉस्को स्कूल के साथ खेलकर 30 पॉइंट्स के साथ शानदार विजय अपने नाम दर्ज की। सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक-अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बच्चों की इस कामयाबी के लिए विद्यालय की टीम को बधाई दी।

# संरक्षा सेमिनार दुर्घटनाओं के रोकथाम पर दी जानकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में चल रहे द्वितीय संरक्षा महासम्मेलन के दूसरे दिन आज मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर संरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

जिसमें वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया द्वारा मण्डल में आपदा प्रबन्धन स्ट्रक्चर एवं आपदा के दौरान त्वरित रूप से की जाने वाली कार्यवाही, मण्डल विद्युत इंजीनियर/ आपरेशन एम.के.राव द्वारा स्पैड से संबंधित दुर्घटनाएं एवं इनकी रोकथाम, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/समाडि कु. चन्दा डे द्वारा रोलिंग स्टॉक से संबंधित दुर्घटना, संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अनुरक्षण के दौरान ध्यान देने योग्य विशेष कार्यवाही, आग की घटनाओं से बचाव व सावधानियां, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव द्वारा एचआरएमएस एप्लिकेशन पर आनलाइन लीव एवं दुर्घटनारहित सेवा पुरस्कार पर प्रस्तुति, वरिष्ठ मण्डल



सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यदेव पाठक द्वारा द्वारा रेल संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व सिगनल फ्लाईबैक से संबंधित केस की प्रस्तुति एवं अपर मण्डल चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तिवारी द्वारा मण्डल के चिकित्सालयों व हेल्थ यूनिटों में उपलब्ध सुविधाओं एवं आपात स्थिति के दौरान दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा पर प्रस्तुति, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक/ कोचिंग अमिताभ कुमार द्वारा दुर्घटना के दौरान संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ड्यूटी के दौरान विशेष कार्यवाही तथा सिविल डिफेंस निरीक्षक शिवनाथ श्रीवास्तव द्वारा आग लगने के दौरान अग्निशामक यंत्र के प्रयोग की प्रस्तुति दी गयी। संरक्षा सम्मेलन में आये हुए रेलकर्मियों को संरक्षा काउंसलिंग करने के साथ-साथ उनके सुझावों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान मण्डल रेल प्रबन्धक ने वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/फ्रेट, सहायक संरक्षा अधिकारी, सहायक परिचालन प्रबन्धक/कोचिंग आदि अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## इंस्टीट्यूट ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो छात्रों का हुआ प्लेसमेंट





**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो छात्रों का प्लेसमेंट हुआ । ऋषि कुमार और अश्विन यादव का चयन न्यू टेस्ट फूड एंड ड्रिंक लैब प्रा. लि. गुरुग्राम में पहले 6 महीने के लिए 12 हजार प्रतिमाह पर प्रशिक्षण पर रखा जाएगा। इन छात्रो को एकोमोडेशन , फुडिंग लॉजिंग , सिक लीव के साथ सारा ट्रांसपोर्ट खर्च भी कंपनी वहाँ करेगी । संतोषजनक ट्रेनिंग के बाद इन्हें ऊचे सैलरी पैकेज पर ( 6 लाख एलपीए अनुमानित ) पर रखा जाएगा । प्लेसमेण्ट निदेशिका डॉ मधुरिमा लाल ने बताया कि हालाँकि कम पैकेज देने वाली कम्पनीज को अब हम नहीं बुलाते पर इनके ट्रेनिंग स्टायपेंड के साथ तमाम सुविधा इतनी है जो एक संतोषजनक पैकेज का लाभ दे रहा है साथ में बच्चों की ट्रेनिंग भी । ट्रेनिंग के बाद इन्हें बड़े पैकेजेज पर कंटिन्यू कर दिया जाएगा, इसलिए ये अति उत्तम जॉब ऑफर है । वैसे भी फूड टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट मिलना एक गर्व का विषय है । इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्रों की जॉइनिंग की समस्त तैयारियाँ कर ली है ।

# न्यूक्लियर पावर नेट जीरो में बड़ी भूमिका निभा सकता है: डॉ. जगताप



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने एवं इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी आई एन एस, मुंबई द्वारा लखनऊ में पहली बार विद्यार्थियों के लिए देश के वरिष्ठ एवं विशिस्ट परमाणु वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु आज सेक्टर 14 इन्दिरा नगर एवं सेक्टर 6 विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आई एन एसए के अध्यक्ष एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र बीएआरसी मुंबई से सेवानिवृत देश के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ. बी एन जगताप ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बोला कि परमाणु ऊर्जा में काफी क्षमता है और इस से स्वच्छए हरित एवं सुरक्षित तरीके से बिजली का उत्पादन करके कार्बन का उत्सर्जन कम किया जा सकता है और वर्ष 2070 तक भारत नेट.जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल कर सकता है ।इसके साथ ही उन्होने भारत में न्यूक्लियर साइन्स एवं टेक्नालजी के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि के बारे में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत करवाया । इसके अलावा उन्होने ये भी बताया कि किस तरह से आई एन एस देश भर में लोगों को परमाणु ऊर्जा के महत्वपूर्ण आयामों के बारे में बताने एवं लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर लगभग 1500 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मुंबई से आए हुए परमाणु वैज्ञानिकों से परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता एवं भविष्य में इसके योगदान पर जानकारी हासिल की । कार्यक्रम की शुरूवात करते हुए विद्यालय के निदेशक मोहिंदर सिंह, निदेशिका आशा अरोरा एवं प्रधानाचार्या उमा मानवेन्द्र पांडेय ने मुंबई से आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और पहली बार इस तरीके के आयोजन को आरएलबी स्कूल में करने हेतु धन्यवाद प्रस्तावित किया।

# निकाली मतदाता जागरूकता रैली




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्कूल विशाल खंड 4 में सिविल डिफेंस लखनऊ के प्रखंड गोमतीनगर द्वारा शासन के आदेशानुसार और उपनियंत्रक अनिता प्रताप व चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र के निर्देशन में व सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली स्कूल प्रांगण विशाल खंड-4, से होते हुए कैप्टन मनोज पांडे चौराहा से वापसी लिंक रोड विशाल खंड 5 से होते हुए स्कूल प्रांगण पर समाप्त हुई। रैली समापन पर स्कूल प्रांगण में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। शपथ के बाद उन्होंने अपील की कि 20 मई 2024 को मतदाता वोट जरूर दें, वोट देना आपका अधिकार ही नहीं दयित्व भी है। रैली में आयोजक नफीस अहमद, विद्यालय के प्रबंधक सुरेश पाल, पूर्व स्टाफ अफसर वारिस अली खान , आशीष कुमार, शाजिया सिद्दीकी, सज्जन अली, अशोक कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, गंगा प्रसाद शर्मा, विद्यालय से-सीमा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव , अलका कनौजिया, आदि स्कूल स्टाफ मतदाता जागरूकता रैली के दौरान उपस्थित रहे।

# निलंबित जेई 24 घंटे बाद हुआ बहाल

लखनऊ। मोहनलालगंज डिवीजन के उपकेन्द्र मोहनलालगंज में 11 केवी तार को अवैध तरीके से हटाने के मामले में बीते दिनो एक्सीएन घनश्याम त्रिपाठी और जेई आशुतोष कुमार का निलंबन कर दिया गया था। जिसमें गुरुवार को एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खंगारौत ने फिर 24 घण्टे बाद उन्हें बहाल करते हुए उसी जगह पर तैनाती दे दिया। इसको लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि आदेश एमडी के यहा से हुआ है और जांच भी मुख्यालय स्तर पर हो रही है।

**जर्जर पोल के नहीं बदलने की वजह से कभी हो सकता है हादसा :** आशियाना, चौक, अमीनाबाद नादरगंजसहित अन्य क्षेत्रों एचटी लाइन का पोल नीचे से जर्जर हो चुका है जिसे बदलने के लिए लाखों का टेंडर हो चुका है लेकिन अभी तक पोल नहीं बदले गये हैं ऐसे में इन दिनों तेज हवाएं चलने के कारण यह जर्जर पोल कभी भी बड़े हादसे कोजन्म दे सकते हैं। इसी के साथ-साथ इंटरनेट के तारे बंधे होने के कारण पोल गिरने की संभावनाएं बढ़ गयी है।

## लेसा के कई क्षेत्रों में गुल रहेगी बिजली

**लखनऊ।** लेसा सिस गोमती प्रथम के वृंदावन डिवीजन के प्रियम क्रासिंग प्लाजा फीडर के 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को सही करने के लिए सुबह 10 बजे से शांम 5 बजे तक बिजली कटौती रहेगी। जिससे सेक्टर 5 बी सहित अन्य क्षेत्रों की बिजली गुल रहेगी। वहीं रहीम नगर डिवीजन में आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार बदलने के लिए सब स्टेशन इंजीनियरिंग कालेज जानकीपुरम, सेक्टर एफ, और शिव विहार सहित अन्य क्षेत्रों कि बिजली सुबह 9 बजे से शांम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जानकीपुरम निगम तिराहा से प्रभात चौराहे तक बिजली गुल रहेगी। अहिबरनपुर डिवीजन के डालीगंज के शिवनगर फीडर से सीवेज पंप का बंधे के किनारे 11 केवी पोल बदलने के कारण दोपहर 12 बजे से शांम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। जिससे आजाद नगर, घना का पुरवा, शिवलोक, आदि के क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी। अहिबरनपुर डिवीजन के बाबापुरवा का 250 केवीए का ट्रांसफार्मर बदलने के कारण शिवनगर, धनक का पुरवा, आजादनगर सहित अन्य क्षेत्रों मे सुबह 10 बजे से शांम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। राजभवन के उपकेन्द्र अर्जुनगंज में फ्रेंडस कालोनी में केबिल बदलने के कारण सुबह 10 बजे से शांम 5 बजे तक बिजली कटौती रहेगी।

संक्षेप

## चलाया गया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**देवरिया** । जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज विभिन्न ग्राम सभा में संबंधित बीएलओ एवं अध्यापकों द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। पथरदेवा विधानसभा के मुंडेरा ग्राम सभा में बीएलओ अभिषेक पांडेय ने प्रथम बार के मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क करके उन्हें एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित कियाभटनी विकास खंड में भटनी ब्लाक के स्वीप नोडल मारुति नंदन ने ग्राम सभा छपिया जयदेव में ग्राम वासियों को मतदान की शपथ दिलाई। भलुअनी ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय भरौली की बीएलओ गीता सिंह एवं प्रधानाध्यापक कौशल्न होने की स्थिति में नाम जुड़वाने तथा एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

# डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव पूरे देश का पर्व है। मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को इसका एहसास होना चाहिए।

जिलाधिकारी आज अपराह्न जूनियर हाई स्कूल खुखुंदू, प्राथमिक विद्यालय को खुखुंदू नंबर 1, कंपोजिट स्कूल नूनखार, आदर्श प्राथमिक विद्यालय सिसई, नगर पंचायत भटनी कार्यालय परिसर में बने मतदान केंद्र, सुभाष इंटरमीडिएट कॉलेज भटनी, श्री कृष्ण भगवान लाल माध्यमिक विद्यालय मजुरी बुजुर्ग, तिलक किसान लघु माध्यमिक विद्यालय कम्हरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, फर्नीचर, रैंप इत्यादि के समय जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने ग्राम प्रधानों को भोजपुरी भाषा में लिखित पाती भी सौंपी और उन्हें मतदान के दिन 1 जून को लोकतंत्र के उत्सव में प्रतिभाग करने का निमंत्रण दिया। इस दौरान एएसडीएम अंगद यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# आग कई गांवों तक फैली, ग्रामीणों ने बस्तियों को बचाया

**देवरिया** । तेज पछुआ हवा , लू के बीच आज तपती दोपहरी में सीमावर्ती बिहार के पगरा गांव के पास एक गैंहू के खेत के डण्ठल में लगी आग देखते देखते कई गांवों तक फैल गयी। आग की लपटों को आबादी की तरफ बढ़ते देख ग्रामीणों में कोहराम मच गया ।

● दो हरिजन बस्तियों की एक दर्जन झोपड़ियां, समान राख,बकरियां जली



बस्तियों को बचाने के लिए जहां गांवों के सैकड़ो युवा जान की बाजी लगाकर आग को बुझाने में जुट गए वही दर्जनों ट्रैक्टरों से आबादी के पास के खतों की जुताई तो अन्यलोग पमपिग्सेट चालू कर आग बुझाने में जुट गए । इस आग से समीपवर्ती विजयपुर ( बिहार ) और देवरीया जिले के भटनी विकास खण्ड के एक दर्जन गांवों में हाहाकार से मच गया । घरों की महिलाएं बच्चों,सिलिंडर,जानवर आदि को गांव के बाहर निकलती रहीं । लोग झोपडियों घरों पर पानी डालकर आग से बचाने के लिए घण्टों संघर्ष करते रहे । ग्राम महुराव के लोंगों के अथक प्रयास से हरिजन बस्ती तक आग को फैलने से रोक लिया ।। आग का विकराल रूप देख दहशत में आए लोग घरों से सामान , गाड़ियां सिलिंडर बाहर निकलते रहे ।भोरे( गोपालगंज) से आग बुझाने के लिए पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों भी आपको फैलने से नहीं रोक पाई । तेज हवा के साथ आग बारूद जैसे फैलती गयी ।रास्ते में जो कुछ भी आया उसको लपेटे में लेते हुए लगभग 10 किलोमीटर दूर तक खेतों बगीचों भूसा को जलाते हुए खनुवा नदी तक पहुंच गई । आग का बिकराल रूप देख पूरी बस्तियों के लोग जान बचाने के लिए महिलाओं, बच्चों समेत तपती दोपहरी में बाहर निकल आये ।ग्राम पिपरा और बगल के गांव महुआ की हरिजन बस्तियां चपेट में आ गई और एक दर्जन झोपड़ियां उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया । यहां बकरियां मुर्गियों अनाज भूसा आदि के जलने की भी खबर है ।जगह-जगह खेतों में मड़ाई के बाद रखे गए भूसे के ढेर में पहुंची आग की चिंगारियां हवा के साथ दूर तक कर आग फैलाती रही ।सबसे अधिक नुकसान पिपरा और महुआ गांव में होने की खबर है ।आग बुझाने के लिए भोरे ( गोपालगंज) से आईं अग्नि शमन की दो गाड़ियां भी आग को फैलने से रोकने में नाकाम रहीं। आग पिपरा गांव की 15 लोगों की झोपड़ियां आग की भेंट चढ़ गईं जिसमें अनीता देवी, राजेश , राम नंद जी , राम संतोष राम राजूराम कन्हैया , राम खुशबू राम नंदकिशोर राम , शैलेश राम सूरत राम शिवकुमारी देवी कमलेश राम , कैलाश राम वशिष्ठ राम , बद्रीराम आदि का घर और उसमें रखा सामान जलकर खाक हो गया ।इन लोगों का कहना था कि हमारे घर में पहनने से लेकर खाने तक ओढ़ने तक रुपया पैसा कहना बिस्तर आदि जलकर तब खाक हो गया हम लोगों के शरीर पर जो यह वस्त्र पहने हुए हैं । किसी तरह इसी को हम लोगों ने बचा पाया है आज की लपट इतनी तेज थी की कोई चारा नहीं चल पाया किसी तरह से हम लोगों ने अपने परिवार के बाल बच्चों सहित सभी के जीवन को बचाने में सफल हो पाए हैं बाकी यह सब जलकर खाक हो गया है जहां पर वहां के मुखिया जी पहुंचे हुए थे और सभी लोगों को विजयपुर थाने में बुलाने को कहे हैं जिससे सरकार के द्वारा इन गरीब मजदूरों को कोई सहायता दिलाई जा सके वहीं दूसरे तरफ यह आज का तांडव इतना भयभीत कर दिया था कि लोग कुछ भी कर करने से बच रहे थे।

# मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष विश्वसनीय ढंग से, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में आज मतदान कार्मिकों का तीसरे दिन प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से उदित नारायण इण्टर कालेज /उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना में संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण कर रहे मतदान कार्मिकों से वार्ता भी की । प्रशिक्षण दौरान मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील एवं रबर स्टैम्प ,मतदाता रजिस्टर (17क), एड्रेस टैग, लाख (लाह), मुहर पैड, एरोक्रास मार्क, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबुल मतदेय स्थल / मजरा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, समस्त फार्म एवं लिफाफे, डमी बैलेट यूनिट के बारे में प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान पी0पी0टी0 के अतिरिक्त ई0वी0एम0 के प्रयोग संबंधी समस्त जानकारी दी गई तथा मतदान कार्मिकों से निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों,



विभिन्न तरह के लिफाफे, सील , पीठासीन डायरी तथा मॉकपोल के बाद अपनाए जाने वाली प्रक्रिया क्लोज रिजल्ट क्लियर (सीआरसी) के बारे में भी सरलता पूर्वक जानकारी देने उपरांत प्रशिक्षणार्थियों मतदान कार्मिकों से विभिन्न तरह के प्रश्न भी पूछे गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रतिकूल है तेज धूप से बचने के लिए सर पर कपड़ा अवश्य रखें तथा लगातार पानी/ नींबू, ओआरएस पीते रहे, जिससे कि शरीर में पानी की कमी ना रहे। हम सभी को पूर्ण मतदान बिल्कुल निष्पक्ष होकर संपन्न करना है। उन्होंने कहा की पार्टी रवानगी के दिन सुबह आकर अपने निर्वाचन संबंधी ईवीएम वीवीपीएटी, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट मशीन प्राप्त कर ले जिससे कि दोपहर की गर्मी से बचा जा सके तथा सभी मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए वाहनों (बस) की उचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि मतदान केंद्रों पर पहुंचने हेतु आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी को कोई डाउट/कन्फ्यूजन हो तो अपने मास्टर ट्रेनर से उसे तुरंत पूछे। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो मुझे भी अवगत कराए। आप सभी ट्रेनिंग का शॉर्ट नोट्स जरूर बनाए रखें जिससे कि प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करने और रिवीजन करने में आसानी होगी। मतदान प्रतिशत भरने हेतु एप के बारे में आगे जानकारी दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें। सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के उपरांत स्वयं भी अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करें तथा अपने आसपास के घर, परिवार तथा समाज के लोगों को 01 जून को मतदान करने हेतु प्रेरित भी करें। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी मतदान कार्मिकों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन वेबसाइट पर पीठासीन अधिकारी मतदान कार्मिकों हेतु हैंडबुक उपलब्ध है जिसका अध्ययन आप लोग अवश्य करें।

# गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने विकास के लिए मांगा समर्थन

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । भाजपा की सरकार ने अपने शासन काल मे सिर्फ देश के सार्वजनिक संपत्ति व संस्थाओं को अपने दल के विकास के लिए उपयोग किया है। देश के गांव,गरीब,किसान ,नौजवान व व्यापारी के विकास की चिंता सिर्फ इंडिया गठबंधन व कांग्रेस को ही है। उक्त बातें रामपुर कारखाना क्षेत्र के गौरा,भीमपुर, बैकुंठपुर, बेलवा, शाहपुर गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से सम्पर्क के दौरान देवरिया संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा ।उन्होंने कहा कि अब पूरे देश व देवरिया संसदीय क्षेत्र में परिवर्तन की बयार बह रही है लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है ।

कांग्रेस के न्याय योजना में समाज के हर वर्ग के विकास के लिए योजना बनाई गई है। भाजपा केवल जाति व धर्म के सहारे चुनाव जीतना चाहती है ।जनता उसके इस मंसूबे को सफल नहीं होने देगी। सपा की पूर्व विधायक गजाला लारी ने कहा कि अखिलेश प्रताप सिंह वास्तव में विकास पुरूष हैं ।जनता अब इनको अपना सांसद चुनने का मन बना लिया है। गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता मजबूती के साथ जुटकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं ।कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि भाजपा के शासन में देवरिया क्षेत्र बहुत ही पिछड़ गया है। अब यहां की जनता सिर्फ विकास के लिए अपना समर्थन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को देगी।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राकेश, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, प्रभुनाथ यादव, दयाशंकर यादव,वेद प्रकाश पाण्डेय, अवधेश यादव, लल्लन यादव, वीरेन्द्र यादव, मुन्ना अंसारी,अशोक यादव, विवेक रंजन यादव, पवन प्रधान,पंकज चौरसिया,कांग्रेस वरुण राय, आनंद देव गिरि,महेन्द्र नाथ गुप्ता, आलोक त्रिपाठी राजन,नागेंद्र शुक्ल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## जेईई मेन्स की परीक्षा में लहराया अपना परचम

**कसया, कुशीनगर।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जे॰ई॰ई॰ मेन 2024 में नगर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था एबीसी क्लासेस कुशीनगर के बच्चों ने इस बार फिर बाजी मारी ।जे॰ई॰ई॰ मेन 2024 की परीक्षा में इस वर्ष बैठे 15 लाख छात्रों में आशीष पाण्डेय ने देश में 1014 जनरल रैंक देकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया व जयदीप कुशवाहा दूसरे स्थान पर रहे। संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोनबरसा पाण्डेय डीह, वार्ड नम्बर-19, शिवाजी नगर, कुशीनगर निवासी राजीव पाण्डेय व प्रधानाध्यापक निशा ओझा के पुत्र आशीष पाण्डेय को 99.94 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुआ और प्रधानाध्यापक रमेश कुशवाहा व उर्मिला देवी के पुत्र जयदीप कुशवाहा निवासी - मठिया खरीद, वार्ड नम्बर-10, सरोजनी नगर, तरकुलवा, देवरिया ने जे॰ई॰ई॰ मेन 2024 में 99.64 परसेंटाइल लाकर ज़िले में दूसरा स्थान प्राप्त किया, एबीसी क्लासेस से चयनित 5 बच्चों में तीसरे स्थान पर रही स्वेता कुशवाहा पुत्री चंद्रशेखर कुशवाहा व लक्ष्मी देवी निवासी - गंडक कॉलोनी, फाज़िलनगर ने 97.31 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है। चौथे स्थान पर उत्कर्ष कुमार पुत्र धीरज कुमार व अनीता पाठक निवासी - सेमरा हरदो पट्टी, कुशीनगर ने 97.10 परसेंटाइल प्राप्त किया और पाँचवे स्थान पर अराधना शर्मा पुत्री दिनेश्वर शर्मा व सरोज शर्मा निवासी - पचरूखिया, कुशीनगर ने 92.79 परसेंटाइल प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक व न॰पा॰प॰ कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल व निदेशक हिमांशु जायसवाल सहित शिक्षकों ने छात्रों और उनके माता पिता को सम्मानित किया व संस्था द्वारा विगत महीने ही जे॰ई॰ई॰ मेन 2024 के प्रथम चरण के परिणाम आने के बाद इन बच्चों के प्रोत्साहन और मनोबल हेतु ज़िले में प्रथम आए आशीष को 51000 रू॰, ज़िले में दूसरे पे आये जयदीप को 51000 रू॰ और स्वेता को 25000 रू॰ पुरस्कार राशि भेंट किया गया ।निदेशक राकेश जायसवाल ने कहा कि अपनी कर्मठता के बल पर व्यक्ति सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करता है। इसलिए कड़ी मेहनत, ईमानदारी से अध्ययन करें। आप सदा आगे बढ़ेंगे। इस दौरान शिक्षक ई॰ अंकुश गुप्ता, डॉ अरविंद शुक्ला, ई॰ राहुल कुमार गुप्ता, डॉ फि रोज अली अंसारी, सच्चिदानंद तिवारी, अमरेन्द्र पाठक, विनय प्रभाकर पाण्डेय, विवेक मिश्रा व ईशा जायसवाल ने सफल छात्र - छात्राओं को बधाई दी है।

# डीएम ने प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं. 1 को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**देवरिया** । जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1 विकास खण्ड-देवरिया नरेन्द्र मोहन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा गत 23 अप्रैल को विधान सभा क्षेत्र-देवरिया के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थल सं0 303, 304 प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1, विकास खण्ड-देवरिया के विद्यालय पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र मोहन सिंह द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानक का अनुपालन करते हुए आदर्श एवं सराहनीय कार्य किया जाना पाया गया। जिलाधिकारी ने इसी प्रकार से अपने कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता मोदी और योगी : स्वतंत्रदेव

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । तरकुलवा नगर पंचायत के एक मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया के कार्यकताओं का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह थे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू की गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी का मजबूत सिपाही है । पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के हजारों घरों की कुंडी खटखटाई तब जाकर अटल बिहारी वाजपेई जैसा समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को प्राप्त हुआ । इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने राम को नकार दिया राम को काल्पनिक कहा वो हमारी पुरातन संस्कृति के बारे में क्या बताएंगे, देश का प्रधानमंत्री जमीन पर उतर कर सफाई कर्मियों के पैर धोता है ये हमारा सौभाग्य है । पहले देश की संसद में बम फटता था, अयोध्या में बम फटता था देश के अन्य कई हिस्सों में आतंकवादियों के हमले होते थे लेकिन आज देश का नेतृत्व एक कुशल हाथों में होने के कारण आतंकियों के सरपरस्तों को उनके घर में घुसकर उन्हे सबक सिखाने का कार्य नरेंद्र मोदी ने किया । अन्नदाताओं को सम्मान, महिलाओं को सम्मान, युवाओं को रोजगार, गरीबों को छत देने का कार्य भाजपा ने किया । उन्होंने कहा कि बड़े संघर्षों के बाद पार्टी सत्ता में आई तो आप सभी देव दुर्लभ कार्यकताओं की बदौलत आई । देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, और शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो रही है, आज दुनिया के अंदर हिंदुस्तान की जय जयकार हो रही है । आप सबको मोदी बनकर, शशांक बनकर चुनाव लड़ना होगा, आज शूटर मरे नहीं हैं बल्कि मोदी और योगी के डर से दुबक कर घर में बैठे हैं, उन्हे मौका मिला तो वो फिर जम्मू कश्मीर से तिरंगा उतरवाने का कार्य करेंगे, धारा 370 हटाने का कार्य करेंगे। इनके इसलिए इनके बहकावे में नहीं आना है इनकी मानसिकता देश को लूटने की है । यहां बैठा भाजपा का हर कार्यकर्ता कल मोदी और योगी बन सकता है और ये सिर्फ भाजपा में संभव हो सकता है । हमारा एक गौरवशाली इतिहास रहा है क्योंकि हमने अंत्योदय का मंत्र दिया, हमने एकात्म मानववाद का नारा दिया और आज देश के करोड़ों गरीब की रोटी चलाने का कार्य भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार में किया जा रहा है । अपने स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का समय है कि आज इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का हम सबको मार्गदर्शन मिल रहा है, आज के इस दौर में मोबाइल और इंटरनेट का जमाना है जिसके माध्यम से समाज के भीतर सूचनाओं का आदान प्रदान बहुत ही सुगमता के साथ और बहुत ही कम समय में किया जा सकता है । इसका सदुपयोग पार्टी के कार्यकर्ता बहुत ही सकारात्मक रूप से करें और पार्टी के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवरिया लोकसभा के प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि आज भारत सूचना और तकनीकी के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपना डंका बजा रहा है, बड़ी बड़ी तकनीकी कंपनियों के सी ई ओ भारत के नागरिक हैं । उन्होंने सोशल मीडिया के कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी के योजना रचना के अनुसार सरकार के कार्यों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें । सोशल मीडिया का विभाग हर व्यक्ति के लिए है । 2014 से चुनावी प्रक्रिया बदल गई है आज का समय तकनीकी का समय है जिसके माध्यम से कम समय में जायदा कार्य किया जा सकता है ।उन्होंने कार्यकताओं से सोशल मीडिया को अपना हथियार बनाने की अपील किया ।सदर वित्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया के योद्धाओं की भूमिका इस चुनहै । देवरिया लोकसभा ने हमेशा इतिहास रचा है और इस बार भी चुनाव में पार्टी अपने पिछले इतिहास को ही तोड़ेगी ।

## ट्रक से भिड़ी डीसीएम, चालक की मौत

**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र अन्तर्गत फोरलेन हाइवे के मल्लूडीह फ़्लाईओवर पर गुरुवार तड़के सुबह करीब तीन बजे खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार डीसीएम जा भिड़ी ।मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई ।पुलिस व ग्रामीणों ने घंटो बाद फंसे शव को बाहर निकाला ।मल्लूडीह फ्लाईओवर के ऊपर एक खराब ट्रक खड़ी थी जिसका मरम्मत चल रहा था। इसी दौरान तमकुही की ओर से तेज गति से आ रही डीसीएम ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद डीसीएम ट्रक में फंस गया और चालक उसी में दब गया ।कसया पुलिस व आस पास के लोगों ने काफी मशक्कत से उसे बाहर निकाला ।जिसमें डीसीएम चालक मदन पांडेय (40 वर्ष) निवासी सिसवा उर्फ चंकपुर थाना गगहा जिला गोरखपुर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## आग से फसल व घर जलकर खाक

**कसया, कुशीनगर।** नगर से सटे बहोरापुर व साखोपार के सरेह में बृहस्पतिवार के दिन में अज्ञात कारणों से आग लग गई जो विकराल रूप लेकर जिगना गांव सहित कई जगह तक पहुँच गई। गांव के लोगो व मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग पर कांबू पाने तक आग ने जिगना गांव के पांचों घरों में रखा सारा सामान जलाकर खाक कर दिया ।जबकि दर्जनों किसानों के गन्ने की खेती भी जल गई। कई घंटों तक लगी आग से लोगों में अफरातफरी का माहौल बना रहा। बतरडेरा गांव व जिगना गांव के लोगों ने अपने घरों के सामान को निकाल कर सुरक्षित खेतो में रखने लगे थे तो वही कुछ लोगों ने पम्पिंग सेट चालू कर आग पर काबू पाने में लगे रहे। मात्र जिगना गांव के पांच घरों तक पहुँची आग को बुझाने में सफल रहे जिससे कि पूरा जिगना गांव आग के चपेट में आने से बच गया। तेज हवा की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था परंतु लोगो के सूझ बूझ व मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की मदद से समय रहते आग पर काबू पाया जा सका।

# समय से पहचान और इलाज से ठीक हो जाता है मलेरिया

**देवरिया।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया । सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में गुरुवार को मलेरिया दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों में बेहतर कार्य के लिए मलेरिया विभाग

● विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

के अधिकारी, कर्मचारियों और जागरूकता कार्यक्रम के लिए फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्यों को सीएमओ डॉ राजेश झा ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि लक्षण दिखने पर शीघ्र जांच और इलाज से मलेरिया पूरी तरह से ठीक हो जाता है । जिले में वर्ष 2020 से लेकर अब तक की अवधि में करीब 2.53 लाख लोगों की मलेरिया की जांच करवायी गयी, जिनमें से नौ लोग इस बीमारी से पीड़ित मिले। सभी का इलाज किया गया और सभी ठीक भी हो गये। उन्होंने कहा कि घर के बाहर




और भीतर एकत्रित हुए पानी की साफ सफाई और मच्छरों से बचाव के उपाय में विभागीय प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। प्रति वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के दिवस की थीम रखी है-ह्यह्यअधिक न्यायोचित विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना एसीएमओ वेक्टर बार्न डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि 2027 तक प्रदेश में भी मलेरिया का उन्मूलन करना है और इस कार्य के लिए समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर जोर है । लोगों को ह्यह्यहर रविवार, मच्छर पर वारह्लह्ल के नारे को साकार करना होगा और इस दिन घर के आसपास एकत्रित पानी को साफ करना पड़ेगा। कूलर और अन्य पात्रों के पानी की भी साफ सफाई जरूरी है। इस बीमारी का मच्छर साफ पानी में एकत्रित होता है और सुबह शाम काटता है । बारिश का मौसम शुरू होने से पहले पानी के टैंक, गमले, पशु पक्षियों के पीने के पानी के पात्र, नारियल के खोल और बोतल जैसी सामग्री में पानी को इकट्ठा होने से रोकने के लिए उपाय करने हैं या फिर निष्प्रयोज्य सामग्री को नष्ट कर देना है ।

जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने कहा कि संक्रमित मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से यह बीमारी होती है । मच्छर के काटने के तेरहवें से चौदहवें दिन में इसके लक्षण आते हैं। नियमित अंतराल पर तेज बुखार के साथ ठंड लगना, कमजोरी, पसीना होना, बार बार उल्टी होना, पेशाब में जलन, मूत्र का कम आना, लाल मूत्र आना और खाना खाने में असमर्थता इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। इसके रैपिड डॉयग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) की सुविधा आशा कार्यकर्ता से लेकर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक में उपलब्ध है । स्लाइड से जांच की व्यवस्था सभी सरकारी अस्पतालों में मौजूद है और इसकी सभी दवाएं भी वहां उपलब्ध है। कार्यशाला में फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्यों ने भी जागरूकता कार्यक्रमों में किए गए अनुभव को साझा किया।

कार्यशाला में डीपीएम पूनम, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, पाथ संस्था के प्रतिनिधि अभिषेक, फाइलेरिया नेटवर्क सदस्य पिंकी चौहान, पूनम सिंह, इंदूदेवी , उदयभान, मलेरिया विभाग के कर्मियों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने की बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा

**देवरिया** । जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में बाढ़ से निपटने के लिए ह्स्टेयरिंग ग्रुपह्न की बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने आगामी मानसून के दृष्टिगत बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाये। नाव मालिकों, नाविकों और गोताखोरों की सूची तैयार कर ली जाए। बाढ़ के दौरान पेयजल की समस्या के समाधान हेतु समय रहते इलाके के इंडिया मार्का हैंडपंप को इंडिया मार्का प्लेटफार्म के माध्यम से ऊंचा किया जाए। पशुपालन विभाग पशुओं के लिए टीका दवा एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख नालों की सफाई करा ली जाए, जिससे बारिश का पानी निर्बाध रूप से निकल जाए। डीएम ने सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम, सहित विभिन्न आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के अनुभव के आधार पर बाढ़ के दौरान जिन-जिन समस्याओं से आमजन को रूबरू होना पड़ता है, उनकी लिस्टिंग करके अभी से तैयारी शुरू की जाए, जिससे बाढ़ जैसी अप्रिय स्थिति में जनता को न्यूनतम असुविधा हो।

जिला समन्वय अधिकारी बाढ़ के रूप में अधिशासी अभियन्ता, बाढ कार्य खण्ड-देवरिया द्वारा समिति के समक्ष बाढ़ से निपटने की तैयारियो का विस्तृत विवरण पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 4 नदियां यथा राप्ती, गुर्रा घाघरा व छोटी गण्डक नदी एवं 3 नाले बथुआ नाला, खनुआ नाला व हाहा नाला है, जिस पर 40 तटबन्ध निर्मित है, जिसकी कुल लम्बाई 241.048 किमी है। जनपद में 12 तटबन्धों पर 17 संवेदनशील स्थलों का चयन किया गया है। कोई भी अतिसंवेदनशील स्थल नही है। जनपद में 22 अदद तटबन्धों ड्रेनों तथा नालों पर 61 अदद रेगुलेटर निर्मित है।

## वर्तमान में चल रही गर्म हवाएं प्रकृति की ओर से हम सबको चेतावनीः आरपीएन सिंह

**कु शीनगर ।** भौतिकता की चमक में हम सब प्रकृति से दूर होते जा रहे। वर्तमान में चल रही गर्म हवाएं प्रकृति की तरफ से हम सबको चेतावनी है। यदि हम नही सुधरे तो भविष्य में हमें प्रकृति का और विकराल रूप देखना पड़ सकता है। हम प्रकृति के कोप से बचें इस हेतु प्रकृति की ओर वापस लौटते हुए अपने आस पास के वातावरण को हरा भरा



खुशनुमा रखना होगा। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में राज्य सभा सांसद कुँवर आरपीएन सिंह ने जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पडरौना राज दरबार स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र के साथ पौधरोपण करते हुए कही। श्री सिंह ने कहा कि प्राणवायु ऑक्सीजन से लेकर फल, फूल, औषधि और जीवनोपयोगी अन्य चीजों के लिए हम पेड़ पौधों पर निर्भर हैं। इसलिए बेहतर कल के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने और बचाने की जरूरत है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाई जा रहे गतिविधियों के लिए नयी दिशा की सराहना भी की। पौधरोपण के पूर्व श्री सिंह द्वारा श्रीराधा कृष्ण मन्दिर में हवन, पूजन कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आर0के0 सिंह, प्रदीप मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## आबकारी टीम ने बरामद की शराब

पाटन, उन्नाव। पुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्त पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की खास सूचना पर ग्राम - कटहर थाना पुरवा में प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक मय हमराह व थाना स्थानीय पुलिस स्टाफ द्वारा एकबारगी दबिश देते हुए 55 लीटर अवैध कच्ची शराब व मय उपकरण सहित बरामद करते हुए 02 अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही निशा पुत्री बबलू निवासी कटहर थाना पुरवा तहसील पुरवा को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया अवैध कच्ची शराब प्रतिबंधित है। अवैध कच्ची शराब विक्रय व बनाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## परीक्षा के टापरों को कुर्सी विधायक ने किया सम्मानित

महमूदाबाद/सीतापुर। जीतने वाले कोई अलग कार्य नहीं करते बल्कि उनका प्रत्येक कार्य करने का ढंग ही अलग होता है। चुनौतियों के इस दौर में अपने को और अधिक बुलंदियों पर ले जाने के लिए जीवन का लक्ष्य तय करे और उसे पूर्ण करने का भी संकल्प लें। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स सहित विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा जो सम्मान प्राप्त कर चुके है वह और अधिक बुलंदियों पर पंहुचने का प्रयास करें जिन्हे सम्मान नही मिला है वह इन यूपी टॉपर्स से प्रेरणा लें। कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, नवनीत पांडेय ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बैज अलंकरण व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन यशपाल वर्मा ने किया।

## घोड़ा बुग्गी से टकराई बाइक, घायल

सीतापुर। लहरपुर-हरगांव मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलताजपुर ईंट भट्ठा के निकट घोड़ा बुग्गी से बाइक टकरा गई। जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को लहरपुर-हरगांव मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलताजपुर भट्ठा के निकट लहरपुर की तरफ से संजीव कुमार पुत्र परशुराम 45 वर्ष निवासी ग्राम बिलरिया मोटरसाइकिल से अपने जीजा दिलीप कुमार पुत्र अज्ञात निवासी कमलापुर के साथ जा रहा था, जो कि घोड़े के बिदक जाने से बुग्गी से टकरा गया जिससे उसकी मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और हेलमेट लगाए चालक संजीव कुमार को गम्भीर चोट आई। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई, मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत ग्राम डण्डपुरवा स्थित ढाबा के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने पेड़ में लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भदफर चौकी के ग्राम डण्डपुरवा स्थित ढाबा के पीछे श्याम नारायण की बाग में लगे जंगल जलेबी के पेड़ में नारियल की रस्सी से लटककर सुरेंद्र कुमार पुत्र मूलचंद 28 वर्ष निवासी ग्राम डण्डपुरवा ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा देखे जाने पर सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित किया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में भदफर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि, शव पीएम के लिए भेजा गया है, परिजनों के द्वारा कोई भी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया जा रहा है, मृतक एक विक्षिप्त युवक था।

# असमर्थ दिव्यांग व वृद्धजन का घर पर ही करायें मतदान

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह ने की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घर में मतदान कराने हेतु जो गाइडलाइन है उसके अनुसार ही टीम बनाकर मतदान कराया जाये। इसमें वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जो बूथ पर आने में असमर्थ है, उनको घर में ही मतदान कराया जायेगा। जहां मतदान कराने जायें वहां पहले से ही तिथि नोटिस के मतदाताओं को बता दी जाये। उन्होंने बूथों पर सामग्रियों की स्थिति की जानकारी ली। पोस्टल बैलेट की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बैलेट पेपर रखने हेतु तैयारी कर ली जाये। सभी बूथों पर पानी, शौचालय, प्रकाश व शेड की व्यवस्था जल्द से जल्द कर ली जाये ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को लाने व ले जाने हेतु गाड़ी रखी जाये ताकि दिव्यांगों को मतदान के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिये कि वोटर कार्डों का वितरण जल्द ही मतदाताओं को करा दिया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बीएलओ के माध्यम से वोटर कार्ड वितरित किये जायें।

उन्होंने ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं निर्देश दिये कि लॉगबुक रखी जाए ताकि अंदर जाने वाले लोगों को नाम दर्ज हो सके। स्ट्रांग रूम की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कार्य शेष बचा है उसको पूर्ण कराया जाए। हीट वेव के लिये शेड, पानी व ओआरएस की व्यवस्था बूथों पर कर ली जाये, जिससे मतदाताओं को परेशानी न हो। बैठक में सीडीओ निधि बसंल, आईएएस अधिकारी नितिन सिंह, एडीएम नीतीश कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह, डीडीओ हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित सभी एसडीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में चुनावी पाठशाला का आयोजन



सीतापुर। पिसावां ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्राथमिक विद्यालय हरैया फतेहपुर पश्चिम मे चुनावी पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुंज बिहारी ने की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। लोगों से कहा गया कि वह मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मित्र आंगनबाड़ी रसोईया सहित शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। यहां बता दे की चुनावी पाठशाला का आयोजन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया गया है।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर निरीक्षण



उन्नाव। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु लोकसभा क्षेत्र 33-उन्नाव हेतु नामित सामान्य प्रेक्षक बाबू ए. (आईएएस) द्वारा गुरुवार को नामांकन कक्ष, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग सेन्टर/मीडिया सेल (एम0सी0एम0सी0), कन्ट्रोल रूम एवं एन0आई0सी0 का निरीक्षण किया। प्रेक्षक द्वारा मीडिया सेल का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया कि चुनाव से संबंधित समस्त प्रिन्ट/ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले प्रचार-प्रसार का विवरण रखा जाए। चुनाव से संबंधित खबरों को संकलित किया जाए। उन्होंने चुनाव को सरल और प्रभावी बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु बनाए गए कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वोटर हेल्प लाइन नम्बर 1950 एवं एन0जी0एस0पी0 (नेशनल ग्रिवान्स सर्विस पोर्टल) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों/जानकारी से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी, व वोटर हेल्प लाइन नम्बर 1950 का और अधिक प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया। सी-विजिल (सी0आई0वी0आई0जी0) एप/पोर्टल पर सभी एफ0एस0टी0 फ्लाइंग स्क्वाइटिंग की लोकेशन चेक की गयी। मा0 प्रेक्षक द्वारा आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की गयी व निर्देशित किया गया कि निस्तारण विवरण विस्तार से पोर्टल पर अंकित किया जाए। साथ ही कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया कि एस0एस0टी0 टीमों का लाइव फुटेज कन्ट्रोल रूम में प्रदर्शित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एन0आई0सी0 में ईवीएम रेंडमाइजेशन व कार्मिकों के रेंडमाइजेशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय शुभम यादव, डीपीओ/लाइजनिंग ऑफिसर राकेश कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हज का प्रशिक्षण 20 से

जौनपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज-2024 में जाने वाले हज यात्रियों को जिलावार प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने हेतु निर्धारित केन्द्रों के माध्यम से हज यात्रियों को दिया जाना है। इस सम्बन्ध में राज्य हज समिति लखनऊ द्वारा हज में जाने वाले हज यात्रियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण टीकाकरण 20 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य अपनी सुविधा अनुसार तिथि निर्धारित कर प्रशिक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

## महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू

सीतापुर। इंडियन बैंक आरसेटी द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिला कारागार सीतापुर में निरुद्ध महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गाय के गोबर से धूपबत्ती, अगरबत्ती, दिये, हवन वेदी एवम ईट बनाने का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन जेल अधीक्षक एसके सिंह एवं इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार तथा आरसेटी निदेशक प्रीती पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने बंदियों से पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने को प्रेरित किया। संस्थान की निदेशक ने कहा कि आप लोगों को संस्थान द्वारा बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण मिलेगा। इस अवसर पर जिला कारागार के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में खाना बनाते सिलेण्डर में विस्फोट



जिला संवाददाता(vol)

बिछिया, उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछिया में सुबह खाना बनाते समय संदिग्ध परिस्थितियों में सिलेंडर विस्फोट होने से बाप बेटी व एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रिफर कर दिया गया।

गुरुवार सुबह खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिसमे श्यामू उम्र 35 पुत्र विश्वनाथ और उसकी बेटी सुनैना उम्र 8 वर्ष गंभीर रुप से जल गए जिनको बचाने के लिए गए पड़ोसी राम विलास पुत्र भीखा भी घायल हो गया जिन्हें बिछिया के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर पिता पुत्री को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि सुबह ही श्यामू पास के ही गांव रजनी खेड़ा स्थित गैस प्वाइंट से सिलेंडर लाया था शायद वो लीकेज रहा होगा जिससे विस्फोट हुआ। ग्रामीणों का ये भी आरोप है कि चोरी से सील बंद सिलेंडर से गैस निकालने के बाद सिलेंडर बेचने का व्यवसाय क्षेत्र में धड़ाके से फल फूल रहा है जिससे प्राय: गैस सिलेंडर लीकेज हो जाते है जिसके कारण भी विस्फोट होने का अनुमान है मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन वा दमकल कर्मी टीम ने छानबीन किया किन्तु विस्फोट हुए गैस सिलेंडर का कोई अवशेष नहीं मिला धमाका बड़ा होने के कारण पास के तीन घरों के परखच्चे उड़ गए जिसमे शिवनाथ पुत्र कालिका, मित्र पाल पुत्र छत्रपाल के घरों के भी परखच्चे उड़ गए।

### लीकेज से धमाका होने की जतायी संभावना

परिजनों ने बताया कि घर में गैस खत्म होने के कारण चूल्हे पर चाय बनने के बाद प्वाइंट से सिलेंडर लाया गया जिसे रेगुलेटर में लगाने के लिए सील तोडी गई अचानक पिन न होने से गैस लीक होने लगीं जिसे बंद नहीं किया जा सका और पास में जल रहे चूल्हे की आग से गैस सिलेंडर में धमाका हो गया। वहीं एचपी गैस एजेंसी मालिक नारायण मिश्रा ने खुद का पल्लो झाड़ते हुए बिछिया में कोई गैस प्वाइंट होने से इनकार किया जबकि ग्रामीणों के अनुसार गैस पॉइंट है।

## आतिशबाजी के साथ 15 दिवसीय वार्षिक मेले का समापन



महमूदाबाद/सीतापुर। हजारों लोगों की उत्सुकतापूर्ण नजरों से देख रही भारी भीड़ के बीच आसमान में तरह-तरह की रंग-बिरंगी मनोहारी छटा बिखेरती शानदार जवाबी आतिशबाजी के साथ संकटा देवी धाम के प्रसिद्ध वासंतिक नवरात्र पर होने वाले 15 दिवसीय वार्षिक मेले का औपचारिक समापन हुआ। मेले में समापन के दिन देर रात गए तक हजारों दर्शकों और भक्तों की भारी भीड़ से मेला परिसर में रेलम-रेल की स्थिति बनी रही। मां संकटा देवी धाम के वार्षिक मेले के समापन पर हुई शानदार आतिशबाजी में करीब एक घंटे अपनी आतिशबाजी का शानदार और मनोहारी प्रदर्शन आतशबाजों द्वारा किया गया। रात्रि ठीक साढ़े बजे से मोतीपुर के पुत्तन व बाबूपुर के अनवर ने आसमानी गोला दगाकर आतिशबाजी की शुरूआत की। आतिशबाजी में ध्रुवतारा, शोला और शबनम, राजा का किला, वनफूल, फुलझड़ी, चकरी, बारादरी, पनचर्खा सहित तरह-तरह के आइटम प्रदर्शित किए। करीब एक घंटे तक चली शानदार आतिशबाजी प्रतियोगिता का लोगों के भारी हुजूम ने जमकर आनन्द लिया। बाबूपुर के आतशबाज पुत्तन को धाम समिति की ओर से विजेता घोषित करते हुये पुरस्कृत किया गया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

सीतापुर। लहरपुर सीतापुर विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण से एक जागरूकता रैली निकाली गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है इसलिए बुखार आने पर स्वास्थ्य केंद्र में आकर बुखार की निशुल्क जांच करायें, रैली में लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित संगोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर अर्चना मिश्रा, अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा ने आशा, पियर एजुकेटरों व स्वास्थ्य कर्मियों को मच्छरों से बचाव, लू से बचाव, ओआर एस घोल एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा आदि के बारे में जागरूक किया। रैली में पियर एजुकेटर, क्षेत्रीय आशाओं सहित जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा, डाअर्चना मिश्रा, अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा, गौरव सक्सेना बीपीएम, मनोज वर्मा बीसीपीएम, प्रशांत पांडे, रतीभान एल टी सहित आशा, पियर एजुकेटर एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

## लूट की वारदात का राजफाश, दो गिरफ्तार

सीतापुर। थाना हरगांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरगांव इलाके के उमरी नहर पुलिया के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बाइक सवारों की पहचान सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नया पुरवा बलुइया निवासी राम सिंह पुत्र रामखेलावन व हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुमताजपुर निवासी दीपू पुत्र स्वर्गीय गुड्डू के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 30,000 रुपये, दो अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किए हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि जिस पर दोनों सवार थे, उसी बाइक का इस्तेमाल दोनों ने लूट की वारदात को अंजाम देने में किया था। इन दोनों बदमाशों ने 9 अप्रैल को ट्रक ड्राइवर अश्विनी से लूट की थी। ड्राइवर अश्वनी के मौरंग बिक्री से प्राप्त 64,200 रुपए थे। इन रुपयों को हरगांव हाइवे पर कलीनामा पूर्वी मोड़ के निकट मोटर साइकिल से लूटा था। ड्राइवर अश्वनी को ट्रक केबिन मे ही गमछे से हाथ व पैर बांधकर डाल दिया था। जान मारने की धमकी देते हुए 64,200 लूट लिए थे। पुलिस का कहना है कि इस वारदात में एक अन्य आरोपी भी है, जो फरार चल रहा है। जिसको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। लूट की वारदात का राजफाश करने के साथ आरोपियों के पास से बरामद अवैध तमंचों के संबंध में पुलिस ने हरगांव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, सुनील कुमार, कासिम व शुभम तोमर पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## चेन स्नैचिंग के मामले में फारेंसिक टीम ने की जांच पड़ताल

महमूदाबाद/सीतापुर। दर्शन के लिए मंदिर जा रही महिला से बुधवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों द्वारा चेन स्नैचिंग के मामले में गुरुवार की दोपहर फॉरेंसिक टीम जांच करने पहुंची। टीम ने घटना स्थल के साथ मंदिर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करते हुए साक्ष्य संकलित किए। घटना के दूसरे दिन तक घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

महमूदाबाद के कोतवाली मार्ग रामकुंड चौराहे के निकट रहने वाली पुष्पा जैन पत्नी कुमार जैन बुधवार की सुबह सात बजे सरावगी टोला स्थित जैन मंदिर में दर्शन करने निकली थीं। दर्शन करने जाते समय मंदिर जाने वाली गली में दो बाइक सवार युवकों ने इनके गले से सोने की चेन खींच ली और फरार हो गये थे। पुलिस छिनैती का केस दर्जकर मामले की जांच कर रही है। गुरुवार की दोपहर फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची। टीम ने यहां आसपास दुकानों के सामने लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साक्ष्य संकलित करते हुए आसपास के दुकानदारों से बातचीत की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना के सम्बंध के छिनैती की धारा में केस दर्ज है, मामले की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर जांचकर साक्ष्य संकलित किए गए हैं।

## सगे भाई ने ही कर दी हत्या, मौसी का लड़का वारदात में शामिल

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत काछिनखेडा के सनसनीखेज हत्याकाण्ड में उसका सगा भाई ही हत्यारा निकला। दुर्घटना का रूप देने के लिए भाई के शव को 2 किलोमीटर दूर बदनपुर -चोटिहा मार्ग पर डाला गया था। थाना बिहार पुलिस में मामले का खुलासा कर भाई व उसके साथ शामिल बालअपचारी मौसी के लड़के को गिरफ्तार कर न्याया० भेज दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के काछिनखेडा मजरे कलानी ग्राम सभा का है। जहा के निवासी सुनील पुत्र रज्जन उम्र लगभग 26 वर्ष का शव चोटिहा-बदनपुर मार्ग पर क्षत-विक्षत अवस्था मे रहगीरो को मिला था। मौके पर पहुँची पुलिस ने एक्सीडेंट मानकर शव तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया था। शुबह जब लोगो को घटना पता चली तब गाँव के कुछ लोग म्रतक सुनील के घर पहुँचे। घर के बाहर बरामदे में खून के छीटे पड़े देखकर लोगो को मार कर शव बाहर डाल देने का शक हुआ। गाँव वालों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। फील्ड यूनिट टीम व डॉग स्क्वायड ने बारीकी से तहकीकात की थी। खोजी कुत्ते द्वारा म्रतक के घर से थोड़ी दूर स्थित मौसी के घर जाना व खून से सना जूता बरामद होने परिवार के लोगो के द्वारा ही हत्या किया जाना दर्शा रहा था। म्रतक की हत्या में शामिल उसका ही सगा भाई अमन पुत्र स्व० रज्जनलाल व गाँव में ही रह रही मौसी के लड़के बाल अपचारी से जब कड़ी पूछताछ की गई तब दोनो ही टूट गए और बताया भाई सुनील शराब के नशे में आये दिन माँ सुंदरी देवी व मुझसे मारपीट किया करता था साथ ही मौसी के लड़के को भी जान से मारने की धमकी दी थी। हम लोगो ने भाई को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। 14 तारीख की रात जब मेरा भाई शराब के नशे में आकर सो गया तब हमने कुल्हाड़ी के उल्टे तरफ से उसके सर पर कई प्रहार किए जिससे वह अचेतन हो गया। जब हमे लगा कि अब उसके शरीर में जान नही बची है उसके शव को घर मे ही दफनाने की योजना बनाई। इसके लिए घर के अंदर कमरे में गड्ढा खोदा व उसमें दरी आदि बिछा कर गाड़ने की योजना बनाई। लेकिन अचानक मेरी योजना बदल गयी और इस हत्याकांड को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसके शव को तिरपाल में लपेट लिया जिससे उसके शरीर से रिस रहे खून रास्ते मे न गिरे। उसके शव को मोटरसाइकिल से ले जाकर बदनपुर - चोटिहा मार्ग के किनारे डाल दिया और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। घर आकर अपनी बनियान आदि कपड़ो में लगे खून को धो डाला।

## स्वामी विद्यानंद सरस्वती आश्रम में मना श्रीराम महोत्सव

सीतापुर। नैमिषारण्य स्थित स्वामी विद्यानंद आश्रम में श्रीराम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह रहे। गजेंद्र सिंह ने बताया कि ये जनजागृति कार्यक्रम लोगों को यह बताने के लिए है, कि रोम रोम में वास करने वाले राम हमारी चेतना के केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का हर क्षण अनुकरणीय है। उनका जीवन हम सबके लिए दर्शन है। राम एक सभ्यता है, उनका एक आचरण भी उतार पाएं तो जीवन सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम का व्यक्तित्व व कृतत्व पारिवारिक व सामाजिक एकता का उपदेश देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी विद्यानंद सरस्वती जी ने तुलसी दास जी की पंक्तियां - राम कौ नाम सु अपनौ सु घर है। - अर्थात राम का नाम ही अपना घर है। उन्होंने कहा कि राम का होना मतलब घर का होना है, परिवार का होना है। अर्थात संबंधों के निर्वाह का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से राम के आदर्श बच्चों युवाओं के बीच ले जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहला आश्रम के महंत नारायण दास, प्रीतम दास, अंजनी दास, महेंद्र पांडे, आत्म प्रकाश, मुमछा दीदी, सरोज दीदी, अजय, दिव्यांग, राज, शुभम आदि संत महंत उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा पास



उन्नाव। राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 के परिणामों की प्रतिक्षा कर रहे बच्चें एवम छात्रों में आज बृहस्पतिवार को उत्सव जैसा दिन रहा। जनपद में कुल स्वीकृत 243 सीटों के सापेक्ष 238 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अगले चार वर्षों में 12000 रुपए प्रतिवर्ष मिलने वाली कुल 48000 रुपए की छात्रवृत्ति को अपने नाम किया।

जनपद के प्रत्येक विकासखंड से चयनित छात्र छात्राओं की उपलब्धियों पर शिक्षक समाज ने सभी बच्चों और विद्यालय स्टाफ को बधाई एवम् शुभकामनाएं प्रदान की। विकासखंड औरास से कुल 38, पुरवा से 35, सरोसी से 34 चयन के साथ ही औरास ने सर्वाधिक चयन देने का रिकॉर्ड बनाया। अकेले उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ादेव से 10 एवम सरोसी के ममनापुर से 9 चयन विद्यालय परिवार के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि रही। विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में नियुक्त शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया की विद्यालय से तीन बच्चों नितिन तिवारी, सुधीर, का चयन हुआ है, चयनित नितिन तिवारी पुत्र स्वर्गीय पिंकू तिवारी बहुत ही साधारण परिवार से है। अपने मायके में रह रही मां इकलौते बच्चे नितिन तिवारी के पास होने पर बहुत खुश दिखीं, भविष्य को सजोने का सपना लिए उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। रामपुर के ही सुधीर और दलनखेड़ा की मोहिनी के उत्तीर्ण होने पर ग्राम प्रधान ओम प्रकाश रावत ने बढ़ाई दी। बीईओ औरास संजय शुक्ल एवम् ए आर पी इम्तियाज हुसैन ने औरास विकासखंड के चयनित बच्चों और विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए बड़ादेव विद्यालय पहुंचकर बच्चों का मुंह मीठा करवाया। रामपुर गढ़ौवा की प्रधानाध्यापिका शशी देवी, सहायक शिक्षिका रमनजीत कौर, शाहे खुबा एवम्प्रदीप वर्मा ने बच्चों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। ए आर पी आलोक अवस्थी द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में प्रथम, द्वितीय रैंक ले साथ ही टॉप टेन में 5 बच्चो ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। बीएसए संगीता सिंह, वरिष्ठ डाइट प्रवक्ता पवन तिवारी, बीईओ संजय शुक्ला, बीईओ मनींद्र कुमार, एस आर जी अखिलेश शुक्ल, रचना सिंह एवम मुसर्रत फातिमा और जनपद के ए आर पी शिक्षकों के साथ ही प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार एवम् संगठन के जिला मीडिया प्रभारी विद्या सागर मिश्र ने चयनित बच्चों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उन्नाव के संपूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया।

## मेधाशक्ति परीक्षा में एसडीएम ने मेधावियों को किया पुरस्कृत

महमूदाबाद/सीतापुर। नियमित रूप से लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। आजकल ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े बच्चे भी उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं।

विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कीर्तिमान गढ़ने के समान है। अन्य विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। बीडीओ श्रीश गुप्त ने कहा कि सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आना चाहिए। जो बच्चे रोज विद्यालय आते हैं, वे अवश्य सफल होते हैं। बीईओ रामपुर मथुरा उदय मणि पटेल जेबा व अन्नू वर्मा ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉप किया। इस उपलब्धि पर पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा, प्रधान प्रेम चन्द्र वर्मा व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एक-एक साइकिल बच्चों को पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के



बघाइन में मेधाशक्ति परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करके ब्लॉक व तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए एसडीएम शिखा शुक्ला ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय के तीनों बच्चों द्वारा सौ में से सौ अंक प्राप्त करना एक नया व बीईओ महमूदाबाद सीमा चौहान ने भी समारोह को संबोधित किया। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने बताया कि बाकी सब ठीक है सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित परीक्षा में महमूदाबाद, पहला व रामपुर मथुरा ब्लॉकों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों अनमोल, चेयरमैन आरके वाजपेयी ने इंटर तक तीनों बच्चों का आधा शुल्क माफ करने की घोषणा की है। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हंसराज वर्मा, मंत्री ज्ञानेश मिश्र, ट्रस्ट के प्रबंधक वागीश दिनकर, पवन वर्मा, दीप्ति वर्मा, ऊषा वर्मा व शिवेंद्र प्रताप ने बच्चों को बधाई दी।

संक्षेप

## टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**बांदा**। बदौसा कस्बे के बागें नदी पुल पर बाइक व टेंपो में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। बाइक सवार गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया। बदौसा थाना क्षेत्र के हड़हामाफी गांव निवासी 30 वर्षीय अजय यादव टेंपो चालक है। टेंपो का तेल खत्म हो जाने पर अजय यादव कस्बे के पॉवर हाउस रोड निवासी बबलू यादव की बाइक लेकर पेट्रोल पंप जा रहा था। उसी समय बागे नदी पुल पर दुर्घटना हो गई। घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

## टक्कर मारने का आरोप

**ललितपुर**। थाना बानपुर के ग्राम घुरा निवासी राधा पत्नी श्रीराम सेन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल को उसके देवर शिवदयाल पुत्र प्रीतम नाई रात करीब 8 बजे घर आ रहा था कि शराब कलारी के सामने ही पीछे से आये किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए टीकमगढ़ के अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में फैक्चर बताया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## उपद्रव मचाने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर**। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरियावंशा निवासी भजन पुत्र वीर सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 10 बजे गांव के भान सिंह पुत्र खिलान सिंह यादव, विक्की पुत्र भवानी सिंह, योगेश व पवन पुत्रगण रामान सिंह यादव उसके भतीजे की शादी में उपद्रव मचाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बताया कि बचाने आया उसके पुत्र आकाश के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर**। थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बछलापुर निवासी हरगोविन्द पुत्र बच्चूलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अजय बीती 22 अप्रैल की रात करीब 8 बजे अपने रिश्तेदार थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम भौंड़ी निवासी कोमल पुत्र हरिराम के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर पाली से अपने गांव जा रहा था।

बताया कि वह ग्राम भौंता के पास पहुंचा ही था कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया कि इस टक्कर से उसका पुत्र व रिश्तेदार कोमल को चोटें आयीं हैं। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया कि उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर पर परिवहन विभाग का कोई भी नम्बर नहीं है और ट्रॉली पर विक्रम कुशवाहा ग्राम ककोरिया लिखा है।

# निर्भीक होकर मतदान करें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)




**ललितपुर**। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक

● मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश

मो0 मुश्ताक ने जोन संख्या-01 बानपुर के सेक्टर-2 मोगान के ग्राम म्यांव, कैलगुआ, मौगान व बरतला एवं बिल्ला सहित संवेदनशीलध्अति संवेदनशील मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया, साथ ही मतदाताओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण तरीके से शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय म्यांव, प्राथमिक विद्यालय नं0-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैलगुवां, प्राथमिक विद्यालय ककरेला कैलगुवां, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोगान एवं प्राथमिक विद्यालय बरतला के मतदेय स्थलों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। इसके अतिरिक्त महिलाओं, उनके साथ आए बच्चों, वयोवृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं ताकि किसी भी मतदाता को मतदान के दौरान परेशानी न हो।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संवेदनशीलध्अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर मतदाताओं से वार्ता की, उन्होंने कहा कि सभी मतदाता शान्तिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान करें, मतदाता किसी भी बहकावे न आकर निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी घटना की सूचना हेतु निर्वाचन टोलफ्री नम्बर 1950 पर तत्काल जानकारी दें। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में रिकॉर्ड मतदान कराने में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी।जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत जिन बूथों पर कनेक्शन किये गए हैं, उनके संचालन की स्थिति निरीक्षण कर देख लें।उन्होंने निर्देश दिये कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंयायत स्तर पर भी टोलियां बनाकर भ्रमण कराया जाए, साथ ही इसमें बच्चों, बुजुगो व महिलाओं का सहयोग लिया जाए। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी महरौनी, खण्ड विकास अधिकारी बार, एसडीओ विद्युत, एसडीओ जल निगम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सकुशल एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लें: जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम) को जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में निर्वाचन सम्बंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासन की सख्ती

● प्रशासन की सख्ती से शत-प्रतिशत कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

के कारण 720 में से 718 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, मात्र 02 कार्मिक कारण सहित अनुपस्थित रहे, जिन्हें 27 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उपस्थित मतदान कार्मिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, जनपद के 749 मतदान केन्द्रों के 1056 मतदेय स्थलों पर 5वे चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है, जिसके लिए विधानसभा ललितपुर 538 एवं महरौनी के लिए 518 (कुल 1056) पोलिंग पार्टियां बनायी गई हैं, जो दिनांक 19 मई को अमरपुर मण्डी से रवाना होंगी। मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए 2 एआरओ, 15 जोनल व 107 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए हैं। इसके अलावा 8 एफएसटी व 6 एसएसटी टीमें भी बनायी गई हैं। बताया गया कि जनपद में कुल 15 लाख 64 हजार 711 जनसंख्या के सापेक्ष 9 लाख 50 हजार 593 मतदाता हैं जो 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी नियुक्ति पीठासीन अधिकारी/मतदान कार्मिक के रूप में की गयी है। उक्त अवधि में निर्वाचन आयोग के नियंत्रणधीन होंगे, आपको कार्य एवं व्यवहार में निष्पक्ष रहने के साथ निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरान्त प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय इण्टर कॉलेज में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान के दिन किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए, सुनिश्चित करायें कि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, उप जिलाधिकारी राघवेन्द्र शर्मा, जिला विकास अधिकारी केएन पाण्डेय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण एवं मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

## अतिम दिन 04 प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किया गया नामांकन

बहराइच 25 अप्रैल। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के सातवें दिन 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में राम रूप पुत्र राम नारायन, प्रभूनाथ पुत्र बहराइची व वृक्ष राम पुत्र पूसू लाल तथा बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचू लाल पुत्र लखराज द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।

# लोकसभा निर्वाचन के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण



**बांदा**। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शहर के पं.जेएनपीजीकॉलेज में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम को लोकसभा निर्वाचन के प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिक प्रथम को सम्बोधित किया। ईवीएम मशीन के संचालन व वीवीपैट को ईवीएम से जोडने की प्रक्रिया का कुशलता के साथ प्रशिक्षण में जानकारी करने को कहा। ईवीएम मशीन और वीवीपैट को कहां से और कैसे कनेक्ट करना है। मतदान के पश्चात मशीन को सील करने, आवश्यक प्रपत्रों को तैयार करने की भी जानकारी प्राप्त करने को प्रेरित किया। 20 मई को मतदान से पूर्व मॉकपोल को एजेन्टों के समक्ष कराये जाने, मतदाताओं का चिन्हीकरण किये जाने के सम्बन्ध में सवाल-जवाब किए। कहा कि प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी अपनी हैण्डबुक का भली-भांति अध्ययन अवश्य कर लें। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल, मास्टर टेज्नरों द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी महत्पूर्ण जानकारी दी गयी। वहीं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मतदान पार्टी की रवानगी 19 मई के संबंध में जानकारी दी। कहा कि रवानगी से पूर्व अपने सभी अभिलेखों को चेक करें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस की गाड़ी ने महिला को रौंदा, मौत

जिला संवाददाता(vol)

**बांदा**। थानाध्यक्ष चिल्ला की गाड़ी से घर के बाहर चबूतरे पर सो रही अधेड़ महिला को जोरदार टक्कर लगी। इससे महिला की मौके पर मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने जाम लगा दिया। एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र के उचित कार्यवाही के आश्वासन पर मामला

● मंत्री व आलाधिकारियों के पहुंचने पर मामला शांत
● ग्रामीणों ने लगाया जाम



शांत हुआ। गुरुवार की दोपहर में मृतका के घर जाकर राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सांत्वना दी और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा दिया।

चिल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत चिल्ला कस्बे के एक मंदिर के पास घर के बाहर चबूतरे पर सो रही अधेड़ महिला राजन देवी पत्नी विजय निषाद को पुलिस की अनियंत्रित जीप से करीब ढाई फिट चबूतरे पर चढकर टक्कर मार दिया जिससे दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी चला रहे ड्राईवर व अन्य कांस्टेबल मौके से गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। सुनील उर्फ गोलू पुत्र रघुवीर निषाद ने बताया कि उन्होंने मौके पर देखा कि पुलिस जीप की ड्राइवर सीट से अजय यादव सिपाही व बगल वाली सीट से जितेंद्र सिपाही और अन्य सिपाही गाड़ी से उतर कर भाग रहे है। ललकार कर रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं रुके। इसके बाद ग्रामीणों ने गाड़ी के अन्दर देखा तो अंग्रेजी शराब व बियर की बोलते पड़ी मिली।

शराब के नशे में चूर अजय यादव सिपाही ने महिला को मौत के घाट उतार दिया। घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र व सीओ सदर अजय कुमार सिंह ने हालात का जायजा लिया। परिजनों की मानमनौव्वल की। परिजन दोषियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर अडे.रहे। एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र के निर्देश पर चिल्ला थाना में अज्ञात कांस्टेबलो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मृतका के तीन लड़के व तीन लड़कियां हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पति व बेटे गुजरात में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है।

# मलेरिया दिवस पर निकली जागरूकता रैली



**बांदा**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस शहर की स्लम बस्ती खुटला में विभागीय कर्मचारियों ने जागरुकता रैली निकाली गयी। कैम्प लगाकर मलेरिया की जांच एवं पोस्टर व पम्पलेट्स वितरित किए गए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया बुखार मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से फैलता है। मलेरिया के लक्षणों में सिरदर्द, पसीना आना, ठंड लगना, उल्टी होना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त मुहल्ले में निरोधात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत रक्त पट्टिकाओं का एकत्रीकरण, हाउस इण्डेक्स सर्वे, जल भराव वाले स्थानों पर लार्वा निरोधक दवा का छिडकाव एवं मलेरिया से संक्रमित हाने से बचाने के लिये जनमानस को पम्पलेट्स के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। बचाव की जानकारी दी गयी। बुखार होने पर बचाव की जानकारी दी गयी। टीम ने बताया कि घर के आस पास छत पर तथा आंगन में पडे.पुराने बर्तनों, टायर, कूलर फूलदान, गमले में पानी इकट्ठा न होने दें। घर के आस पास कूड़ा एकत्रित न होने दें एवं सफाई पर ध्यान दें। घर में यदि बुखार का रोगी है तो उसे बिना मच्छरदानी के न रहने दें अथवा ऐसे कमरें में रोगी की देखभाल करें जिसके खिड़की तथा दरवाजे पर जालियां लगी हों। बुखार का रोगी बिना रक्त की जांच कराये दवा का इस्तेमाल न करें तथा खाली पेट दवा न खाये। इस दौरान नोडल अधिकारी, वी0बी0डी0 डा0 मुकेश पहाडी, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, बायोलॉजिस्ट अतुल कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राकेश कुमार खरे आदि ने प्रतिभाग किया।

## 33 अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई

**महोबा**। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में आगामी दिनांक 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में चिन्हित किये गये ऐसे अपराधी जिनका आपराधिक इतिहास है, अपराधियों की कार्यशैली से समाज में भय व्याप्त होने तथा कानून व्यवस्था एवं लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को बाधित किये जाने की संभावना के मद्देनजर ऐसे अपराधियों को चिन्हित किया गया है, जिसमें थाना कबरई से 18 अपराधी, थाना चरखारी से 5 अपराधी, थाना खरेला से 5 अपराधी एवं थाना कुलपहाड़ से 5 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की गयी है।

# दो बच्चों के साथ मां नदी में कूदी, मौत

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा**। कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम दादौं निवासी राजेश निषाद पत्नी के साथ बीते दिवस जनपद फतेहपुर के किशनपुर क्षेत्र के एक गांव में भट्ठे में ईंटा पाथ करके वापस घर आया था। राजेश निषाद टीबी का मरीज है, दवा लेने के लिए कमासिन सीएचसी आया। वहां से दवा लेकर घर वापस पहुंच गया। इसके बाद उसकी पत्नी 28 वर्षीय मंटू देवी, ईंट पाथने के लिए भट्ठे में चलने के लिए जिद की।

इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया। राजेश ने पत्नी को समझाते हुए तेज धूप में चलने की बजाय ठंडे समय में चलने के लिए कहा। लेकिन पत्नी अपनी जिद पर अड़ी रही। इसके बाद राजेश खाना खाने के बाद लेट गया। इसी समय मंटू देवी ने अपनी 6 वर्षीय पुत्री काजल, 4 वर्षीय पुत्र दीपक को साथ लेकर तमतमाते हुए पैदल निकल गई। बुधवार सायंकाल दांदौ किशनपुर घाट पर बने पक्के पुल के ऊपर पहुंचकर ममता का गला घोंटते हुए पहले पुत्री काजल फिर पुत्र दीपक को यमुना नदी में फेंक कर स्वयं पुल से छलांग लगा कर यमुना नदी की बीच धारा में कूद गई। कूदते समय कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने देख लिया। जिन्होंने तुरंत दांदौ पुलिस चैकी को सूचना दी। सूचना पाकर एसआई नरेंद्र कुमार ने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मल्लाहों व गोताखोरों की मदद से एक घंटे बाद तीनों शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। गुरुवार को शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। घटना की खबर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह व सीओ बबेरू राजवीर सिंह, किशनपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़े के कारण मंटू देवी ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है।

# दहेज में पांच लाख न देने पर वापस लौट गयी बारात

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। दहेज में पांच लाख रुपए न देने पर दुल्हन के घर से बारात वापस चली गयी। प्रकरण में दुल्हन पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर एफआईआर दर्ज कर विवेचना किये जाने की मांग उठायी है। थाना जखौरा अंतर्गत कस्बा बांसी के मजरा खरउमापुरा निवासी रामप्रसाद कुशवाहा ने अपनी पुत्री मंजू का विवाह तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा नाटो चक्क में रहने वाले पप्पू कुशवाहा के पुत्र रामसिंह के साथ तय किया था। आरोप है कि शादी तय होते समय लड़का पक्ष से पप्पू पुत्र स्व.हजारीलाल, रामसिंह व अरविन्द पुत्रगण पप्पू व रामप्रसाद द्वारा किसी भी प्रकार के दहेज देने की बात नहीं कही गयी थी। बताया कि 23 अप्रैल को फलदान में उन्होंने लड़के को एक पल्सर गाड़ी, 50 हजार रुपये नकद और परिजनों को कपड़े वर्तन आदि दिये थे। बताया कि इस बात पर दूल्हा पक्ष बिफर गया और दहेज में पांच लाख रुपये की नकदी की मांग करने लगे। पांच लाख रुपये देने में असमर्थता व्यक्त करने पर उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे, लेकिन मेहमानों के समझाने पर मामला शान्त हुआ। इसी बीच 24 अप्रैल को जब बारात लेकर लड़का पक्ष के लोग आये, जिस पर उन्होंने बारातियों का टीका किया। आरोप है कि दूल्हा को टीका में 10 हजार रुपये दिये तो यह देखकर उक्त लोग फिर भड़क गये और 5 लाख रुपये देने की बात कहने लगे। आरोप है कि दूल्हा का बड़ा भाई बारात के बीच में कट्टा लहराकर धमकाते हुये बारातियों के साथ दूल्हा को लेकर बारात वापस लेकर भाग गया, जिससे पीड़ित की पुत्री की शादी नहीं हो सकी। अब पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठायी है। प्रकरण को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने बयान जारी करते हुये बताया कि पूरे प्रकरण को लेकर दुल्हन पक्ष की ओर से तहरीर मिली है, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।

## समय पर करें पहचान, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पाये निदानः डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि जनपद में बढ़ती आत्महत्या के प्रयास की घटनाओं के दृष्टिगत जनपदवासियों से अपील है कि यदि आपको चिन्ता, घबराहट, नींद न आना, उदासी एवं आत्महत्या के विचार आते हैं तो सहायतार्थ टेलीमानस के निःशुल्क टोल फ्री नम्बर 14416 या 1800-891-4416 पर तुरंत कॉल करें।

उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया था। भारत सरकार के टेली मानस संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमुखता के साथ प्रदेश में टेली मानस सेवा प्रदान की जा रही है। टेली मानस मेडिकल सर्विस को जन-मानस को प्रदान करने के लिए प्रदेश में एक डिजिटल मेंटल हेल्थ नेटवर्क की तत्काल जरूरत महसूस की गई, जिसका उद्देश्य देश के सबसे दूर-दराज हिस्से में भी मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को हर समय उपलब्ध कराना है।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में चार टेली मानस सेल 1. बी. आर.डी. मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, 2. मानससिक स्वास्थ्य संस्थान, आगरा, 3. मानसिक अस्पताल बरेली, 4. मानसिक अस्पताल वाराणसी में ट्रेंड काउंसलर्स के जरिए से मेंटल काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। टेली मानस पर मिलने वाली ज्यादातर कॉल उदास मन, तनाव से संबंधित कॉल, परीक्षा से संबंधित चिंता, घरेलू गड़बड़ी और नींद न आने की समस्या से संबंधित होती है।

## लोस चुनाव से संबंधित टीमों को दिया प्रशिक्षण



**महोबा**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उड़न दस्ता टीम, स्थाई निगरानी टीम, लेखा टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम एवं आई टी टीम को प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव सहित समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन का पेंटो टूटने से सात घंटे बाधित रहा रेल मार्ग

ललितपुर। प्रयागराज से अम्बेड़कर नगर जा रही ट्रेन जैसे ही ललितपुर से होकर भोपाल की ओर निकली तभी जाखलौन-धौर्रा रेलवे स्टेशन के मध्य ट्रेन का पेंटो टूट जाने के कारण ललितपुर- भोपाल अप रेल लाइन पूरी तरह से ठप हो गयी। इसके चलते यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। वहीं दूसरी ओर ललितपुर से भोपाल की ओर जाने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से करीब सात घण्टे देरी से रवाना हुयीं। बताया जा रहा है कि प्रयागराज से चलकर अम्बेड़कर नगर की ओर जा रही गाड़ी संख्या 14116 रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही जाखलौन-धौर्रा रेलवे राजमार्ग पहुंची कि तभी गाड़ी का पेंटो टूट गया।इसके चलते ट्रेन मौके पर ही रूक गयी।ट्रेन में पेंटों टूट जाने के कारण ललितपुर- भोपाल रेल राजमार्ग बाधित हो गया। आनन-फानन में रेलवे इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंच कर घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद पेंटो को ठीक किया, तब कहीं जाकर रेल मार्ग सुचारू हो सका। बताया जा रहा है कि ललितपुर से होकर भोपाल की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस, दक्षिण एक्सप्रेस सदन, इन्दौर-पटना एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस और सचखण्ड जैसी गाडि ?ं करीब सात घण्टे देरी से चली। इन ट्रेनों को झांसी के अलावा से ललितपुर की ओर बबीना, बसई इत्यादि स्टेशनों पर ही हाल्ट कर दिया गया था।

# पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**ललितपुर**। दो दिन पहले 23 अप्रैल को कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर में बच्चा जेल के सामने एक शादी समारोह में प्रेम प्रसंग के चलते युवक की मारपीटकर चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्यहत्यारोपी थाना जखौरा

● शादी समारोह में आये युवक की हत्या का मामला



के ग्राम सिरोंन कलां निवासी संजय सिंह सहित तीन लोगों को आज गुरुवार की सुबह भागने की कोशिश करते समय सिद्दन मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया । उनके पास से चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने बताया कि हत्यारोपी संजय व व मृतक ग्राम दुधई निवासी 20 वर्षीय शैलेन्द्र सिंह आपस में रिश्तेदार थे और वह लोग अपने रिश्तेदार की शादी में आये थे , जहां संजय व शैलेन्द्र ने पहले शराब पी। इसी दौरान संजय व शैलेन्द्र में मारपीट हो गई। जिसके बाद संजय ने अपने भाई इंद्रजीत व पिता ऊदल के साथ मिलकर चाकू मारकर हत्या कर दी।

इस मामले में अन्य लोगो की भूमिका की जांच कराई जा रही है। हत्यारोपियों को पकड ? वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी राहुल राठौर, हे.कां.शीलेन्द्र, हे.कां.स्वदेश, कां.भानप्रताप, हे.कां.चालक दीपक दुबे, सर्विलांस टीम प्रभारी कुलदीप राणा, हे.कां.जिनेन्द्र, कां.रोहित, कां.आमिर, कां.प्रशान्त व कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण सिंह, निरीक्षक जर्नादन यादव, उ.नि.देवराज मौर्या, उ.नि.बांके बिहारी, उ.नि.विनीत कुमार सिंह, उ.नि.विवेक धामा, कां.विक्रम सिंह, कां.गनेश कुशवाहा, कां.करन प्रताप सिंह, कां.जितेन्द्र कुमार व कां.संजीव कुमार शामिल रहे।

## युवकों को दबंगों ने किया मरणासन्न

**ललितपुर**। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे युवक को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने रास्ते में रोकते हुये शराब पीने के लिए दस हजार रुपये मांगे और रुपये देने में असमर्थता व्यक्त करने पर उक्त लोगों ने भारी हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में एक युवक मौके पर ही बेहोश हो गया।इस प्रकरण में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कोतवाली महरौनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम चढऊ व हाल निवासी मोहल्ला रावतयाना पटेल मार्केट सागर रोड पर रहने वाले सोनू पुत्र नन्दकिशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 22 अप्रैल को रात करीब 10 बजे वह अपने साथ रहने वाले थाना नाराहट के ग्राम पिपरिया निवासी देवेन्द्र पुत्र लाखन सिंह के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

# स्वास्थ्य सेवा के लिए गंभीर चुनौती है मलेरिया


अरविन्द जयतिलक



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत मामले भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है। जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती हैं। देश में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम दशकों से चल रहा है। 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आयी। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गयी जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं।

मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया के 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं।

मलेरिया से निपटने के लिए 2019 में देश के चार राज्यों में पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाई बर्डन टू हाई इम्पैक्ट पहल की शुरूआत हुई है। इसी तरह इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने मलेरिया उन्मूलन अनुसंधान गठबंधन-भारत (एमईआरए-इंडिया) की स्थापना की है जो मलेरिया नियंत्रण पर कार्य करने वाले भागीदारों का एक समूह है। गौरतलब है कि 1953 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम (एनएमसीपी) शुरू किया जो घरों के भीतर डीडीटी का छिड़काव करने पर केन्द्रित था। इसके अच्छे प्रभाव देखकर राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एनएमईपी) 1958 में प्रारंभ किया गया। लेकिन 1967 के बाद मच्छरों द्वारा कीटनाशकों के तथा मलेरिया रोधी दवाओं के प्रति प्रतिकार क्षमता उत्पन कर लेने के कारण देश में मलेरिया ने पुनः पैर फैलाना शुरू कर दिया। उसका परिणाम यह हुआ कि देश में मलेरिया तथा उसके प्रभाव से उत्पन अन्य बीमारियां बढ़ने लगी। इसे ध्यान में रखते हुए 1997 में भारत सरकार ने अपना लक्ष्य रोग के उन्मूलन से हटाकर उसके नियंत्रण पर केंदित किया और कीटनाशकों के सार्वत्रिक छिड़काव को रोककर चुनिंदा भीतरी जगहों पर छिड़काव शुरू किया। गौरतलब है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गयी थी। यह परियोजना सरकार द्वारा मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयासों से हटकर उनके निवारण, जल्द निदान और उपचार के प्रयासों के समर्थन पर केन्द्रित थी। जहां भीतरी छिड़काव अधिक लक्ष्य केंदित एवं पर्यावरण संरक्षक विकल्पों वाला होना था वहीं लार्वा भक्षक मछलियों तथा जैव लार्वा नाशकों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दिया गया। यही नहीं कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानियों के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया गया।

**भारत में हैं मलेरिया के अस्सी फीसद मामले**

यानी कहा जा सकता है कि परियोजना ने पहले के आदेश-आधारित उपायों से हटकर समुदाय समावेशित तथा स्वामित्व आधारित उपायों को अपनाया। उसका परिणाम यह हुआ कि परियोजना की समाप्ति पर जहां अधिकांश परियोजनाओं में बीमारी की घटनाओं में कमी पायी गयी। एनवीबीडीसीपी के आंकड़ों पर गौर करें तो इस दरम्यान यानी 1997 में मलेरिया की घटनाएं 26.6 लाख से घटकर 2003 में 18.6 लाख रह गयी। साथ ही यह भी अनुभव किया गया कि कार्यक्रम के संचालन में आमुलचूल परिवर्तन की जरुरत है। इसे ध्यान में रखते हुए 2009 में भारत सरकार की नई राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण नीति के तहत मलेरिया निवारण में टिकाऊ कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानियों के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दिया गया और त्वरित निदान उपकरण एवं आर्टेमेसिनिन-आधारित समिश्र उपचार में प्रशिक्षित समुदाय स्वयंसेवियों के जरिए घटना प्रबंधन का विस्तार किया गया।

गौर करें तो मलेरिया मानव को हजारों वर्षों से प्रभावित करता रहा है। संभवतः यह सदैव मनुष्य जाति पर परजीवी रहा है। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। तब उसने ही यह प्रस्तावित किया कि मलेरिया रोग का कारण यह प्रोटोजोवा परजीवी है। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया प्रमुख रुप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। क्योंकि मलेरिया के रोगवाहक तापमान एवं आर्द्रता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं। इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। इन क्षेत्रों में अमेरिका, एशिया तथा ज्यादतर अफ्रीका आता है। लेकिन गौर करें तो इनमें से सबसे ज्यादा मौतें भारत और उप सहारा अफ्रीका में होती हैं। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। मलेरिया के कारण कितना आर्थिक नुकसान हो रहा है वह इसी से समझा जा सकता है कि केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है।

# फार्मा उद्योग का निर्यात

वैसे तो कोरोना काल में ही भारत के फार्मास्युटिकल उद्योग की मजबूती दुनिया के सामने तब आ गयी थी जब अमरीका जैसे देश को भी अपने यहां दवाओं की आपूर्ति के लिए भारत की तरफ देखना पड़ा था। कोरोना महामारी के दौरान न सिर्फ पूरी दुनिया में दवाओं की आपूर्ति भारत से की गयी बल्कि सस्ती दवाएं भेजी गयीं, वैक्सीन की आपूर्ति की गयी। सस्ती और सटीक जांच किट विकसित की गयी जिसके कारण कोरोना से लड़ने में पूरी दुनिया को भारत से संबल मिला। लेकिन असली तस्वीर अब सामने आ रही है। वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग ने निर्यात में करीब-करीब पौने दस फीसद वृद्धि दर्ज करते हुए 27.9 अरब डालर के आंकड़े पर पहुंच गया। इसे अगर रुपये में समझेंगे तो यह आंकड़ा 231,570 करोड़ बैठता है। आईटी निर्यात के बाद शायद यह आंकड़ा सबसे बड़ा है। कुल मिलाकर भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग न सिर्फ अब आत्म निर्भरता की तरफ बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक निर्यात में एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरा है। जब पांच ट्रिलियन, दस ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात करते हैं, विकसित भारत का सपना देखते हैं देश के प्रधानमंत्री इस सपने को जमीन पर उतारने के लिए दिन-रात देश की आर्थिक प्रगति के लिए प्रयासरत हैं। तब यह जरूरी हो जाता है कि न सिर्फ देश के हरेक क्षेत्र का पर्याप्त विकास हो, देश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़े बल्कि उन क्षेत्रों के विकास पर अधिक फोकस्ड हो जहां संभावनाएं अपार हैं और बड़ा कारोबारी अवसर मौजूद है। देश का दवा उद्योग ऐसा ही एक क्षेत्र है जिसके विकास, अनुसंधान और निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। रोजगार के मौके भी बहुत अधिक हैं। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार भारतीय दवाओं के निर्यात को दुनिया के हरेक कोने तक पहुंचाये। फिलहाल अभी भारतीय दवाओं का प्रमुख बाजार अमरीका और यूरोप के कुछ देश हैं। इसे एशिया अफ्रीका और दक्षिणी अमरीका तक विस्तारित करने, बढ़ाने की जरूरत है। कई बार भारतीय दवाओं को लेकर सवाल भी उठे हैं। विशेष कर कफ सीरप आदि को लेकर। इसलिए यह भी जरूरी है कि जेनरिक दवाओं के रेग्यूलेशन को और चाक-चौबंद बनाया जाये ताकि ऐसी घटनाएं न हों जिससे संपूर्ण दवा उद्योग के निर्यात पर असर पड़े। गौरतलब है कि वर्ष 2000 तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह से आत्मनिर्भर था। दवा निर्माण में जो सामग्री इस्तेमाल होती है, उसे एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स, यानी एपीआई के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2000 तक दवा निर्माण के क्षेत्र में जिन एपीआई की आवश्यकता होती थी, वे अधिकांशतः भारत में ही निर्मित होते थे। देश में इनके निमार्ताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी, जिसके कारण दवा निमार्ताओं को देश में एपीआई आसानी से और उचित कीमत पर उपलब्ध हो जाती थी। इसके कारण देश का दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनियाभर के लोगों को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था। चीन ने एक षड्यंत्र के तहत भारत के एपीआई क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया। चीन से आने वाले एपीआई को अत्यंत ही कम कीमतों पर भारत में भेजा जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि भारत का एपीआई उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं रह गया। एपीआई इकाइयां धीरे-धीरे करके बंद होने लगी। लेकिन अब स्थिति बदली है और फार्मा उद्योग बढ़ भी रहा है, आत्म निर्भर भी बन रहा है। एपीआई में आत्मनिर्भरता के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो पहल की उसका भी सार्थक परिणाम है कि देश का दवा उद्योग अब आत्म निर्भरता के साथ तेजी से बढ़ रहा है।



**भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग धीरे-धीरे आत्म निर्भर हो रहा है। इसी का परिणाम है दवाओं का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।**

## विचार

मनुष्य में जिज्ञासा दरअसल तेज बुद्धि का एक स्थायी और सुनिश्चित गुण होता है।
-सैम्युअल जानसन.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।
-वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा-तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।
- महावीर.

पत्नी पुरुष की अर्धांगिनी और परम मित्र है। संसार में जिसका कोई सहायक न हो, उसकी पत्नी ही जीवन यात्रा में सहायता करती है।
-महाभारत.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।
-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

## सोशल मीडिया

मोदी देश के लिए नहीं दोस्तों के लिए काम करते हैं, आपका बेटा सियाचिन में देश की रक्षा करेगा और मोदीजी का भतीजा जो बैट पकड़ना नहीं जानता बीसीसीआई अध्यक्ष बनेगा। संजय सिंह.



पुण्यभूमि बिहार की यात्रा में जन-जन का उत्साह और विशाल समर्थन बता रहा है कि विकसित भारत निर्माण के लिए प्रदेश अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। जेपी, नड्डा.



कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा धन वितरण की आड में अमेरिका की तरह निजी संपत्ति पर विरासत टैक्स की सोच गरीबों की भलाई कम व राजनीति प्रेरित ज्यादा लगती है। -मायावती.



# परंपरागत ज्ञान

**अंतर्दृष्टि**

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# भ्रष्टाचार से मिटेगा अंधेरा...

**व्यंग्यलोक**

कथा इस प्रकार है कि अगर जरा भी हिम्मत है, अनीति में अभीप्सा है, रस है, लगाव है, प्रेम है अपने आत्म तत्व से, तो तुम्हारे भीतर ही भ्रष्टाचार को पैदा कर लो। और सब हो जायेगा। कार भी, कन्या भी, कोठी भी और विशिष्ट अलौकिक कुर्सी भी। सब वहां घटित हो जायेंगे। वहां न जन्म है न निर्वाण। वहां महासुख है अलौकिक। न वहां पराया है कोई न अपना, न कोई मैं न तू। भ्रष्टाचार में कोई किसी का भेद नहीं। वहां भ्रष्टाचार ही असली शिष्टाचार है। वहां अपने-पराये का तो होश अलग, खुद स्वयं तक का होश छूट जाता है। किसको ख्याल रह जाता है, ऐसा भ्रष्टाचार घटित होता है। क्योंकि भ्रष्ट आचरण की उस परम अवस्था में इतना भी भेद कहां रहता है? कौन पिता, कौन बेटा! हे प्राणी! होश किसी का भी न रख! भ्रष्ट अधिपति के मंदिर में कौन मैं और कौन तू? सकल शिष्टाचार को विस्मृत कर दे! भ्रष्टाचार की तल्लीनता में तो भक्त भगवान हो जाता है, भगवान भक्त हो जाता है। भ्रष्टाचार की तल्लीनता में न तो कोई पुजारी है, न कोई पूज्य है। वहां तो परम अनीति है। वहां तो अन्याय का नाद बजता है। वहां तो डॉलर ही परम संगीत है। बड़ी अलौकिक घड़ी है। घोर अंधेरे चंद्रमणि जैसे करे उजास। जैसे घोर अंधकार में चंद्रमणि बड़ा मनमोहक उजाला कर देती है, इसी तरह यह अपूर्व महासुख एक क्षण में ही संपूर्ण कष्टों का नाश कर देता है। भ्रष्टाचार की ऐसी चंद्रमणि की प्राण-प्रण से रक्षा करनी चाहिए। ऑफिस रूपी मंदिर में इसकी प्राण प्रतिष्ठा बहुत जरूरी है। समूचे गर्भगृह से लेकर ऑफिस रूपी मंदिर के कंगूरे परिक्रमा स्थल तक, भ्रष्ट आचरण की पताका को बड़े साहस से फहराना चाहिए। इस वचन को ख्याल में लेना, क्योंकि राजा हरिश्चंद्र की कुछ औलादें तुम्हें कुछ और ही समझा रही हैं। वे समझा रही हैं कि जन्मों-जन्मों के कर्म हैं, सच्चाई और नीति पर चलने के लिए। नहीं चलोगे तो जन्म-जन्म लगेंगे कटने में, जल्दी होने वाला नहीं है कुछ। लेकिन भ्रष्टोमणि अधिपति कहते हैं- साहस कीजिए रिश्वत लेने की। कोई जरूरी नहीं है कि वह रोकड़े के रूप में ही हो। वह किसी नमकीन कन्या के रूप में भी हो सकता है। किसी फैक्ट्री की रजिस्ट्री भी हो सकती है। कोई खेत का टुकड़ा आपके नाम किया जा सकता है! कोई पाइप बिछाने का ठेका भी दिया जा सकता है। ये तमाम चीजें भक्षण योग्य है। अगर भ्रष्टाचार करें तो एक क्षण में जीवन में प्रकाशमान होने की घटना घट जाती है, एक पल में। जैसे नीति रूपी अंधेरा हजारों साल से घिरा हो तो क्या तुम सोचते हो रिश्वत रूपी दीया जलाओगे तो अंधेरा मिटेगा नहीं?


राम विलास जॉगिड़

# ढाई दशक बाद बहुमत में होंगे हमारे वरिष्ठजन



**विशेष**

**अपराजिता**

सिर्फ ढाई दशकों बाद अपने ही देश में बूढ़ों की कुल आबादी 230 से 250 मिलियन के आसपास होगी। क्या भविष्य की इस जनगणना को लेकर हमने कोई ठोस रणनीति बनाई है? यह इसलिए जरूरी है क्योंकि आजकल दुनिया के पश्चिमी देश 50 साल बाद की रणनीति बनाकर चल रहे हैं। इसलिए हमें भी इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। क्योंकि सिर्फ अपने देश में ही नहीं बल्कि अगले ढाई से तीन दशकों में पूरी दुनिया की जबर्दस्त डेमोग्राफिकल चेंज होने वाला है। एक वैश्विक अध्ययन पर रिपोर्ट बताती है कि भविष्य में जवान और बच्चों की संख्या कम तथा बूढ़ों की संख्या ज्यादा होगी।

2050 तक दुनिया में 65 या इससे ज्यादा की उम्र के लोगों की जो मौजूदा जनसंख्या है, वह बढ़कर ढाई गुनी से भी थोड़ी अधिक हो जाएगी। अभी समूचे संसार की आबादी में इनका हिस्सा महज 10 प्रतिशत है। लेकिन 26 सालों बाद यह 25 फीसदी के आसपास हो जायेगी। जबकि 15 से 59 बरस के लोगों की आबादी महज 10 फीसदी बढ़ेगी, यह कहना है अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग का। आज हम ही नहीं दुनिया के वे 10 देश जो अपने को अपेक्षा जवान मानते हैं, वे तब बूढ़ों की कतार में शामिल होंगे या तेजी से उधर बढ़ रहे होंगे। 1950 तक अमरीका में जहां औरतें औसतन तीन बच्चे पैदा करती थीं, वहीं 1990 आते आते दो तक और अब यह संख्या कई बार एक तक भी सिमट गयी है।

गरीब विकासशील देशों में भी प्रजनन दर कम होती जा रही है हालांकि विकसित देशों के मुकाबले यहां कम होने की रफ़्तार धीमी है। प्रजनन दर का ज्यादातर जगहों पर कम होना और अधिकतर जगह पर स्वास्थ्य सेवा में बेहतरी तथा जीवन सुविधाओं में बढ़ोतरी से मिलती दीर्घायु और भी खलनायक की भूमिका निभा रही है। साल 2050 औसत उम्र के लिहाज से सबसे बूढ़ा देश होगा जापान और दक्षिण कोरिया, जहां बहुतायत आबादी 53 के पार होगी। जर्मनी, चीन, ब्राजील, मैक्सिको भी बेशुमार बूढ़ों से भरे होंगे। यहां की अधिकांश आबादी 50 से ऊपर पहुंच चुकी होगी तो अमेरिका के भी ज्यादातर लोग पचास के पेटे में होंगे। यहां जवान लोग 18 प्रतिशत रह जायेंगे जबकि बूढ़ों की तादाद 21 फीसद से भी ज्यादा होगी। अभी वहां 40 मिलियन बूढ़े हैं या कहें 65 से पार वाले लोग हैं। 2050 में इनकी संख्या 90 मिलियन के पार जाएगी। फ्रांस में कभी 65 पार के लोग आबादी में महज 7 फीसद थे अब 14 प्रतिशत हैं भविष्य में ये 28 प्रतिशत तक पहुंच सकते हैं। स्वीडन का भी यही हाल है वहां भी बूढ़ों की तादाद न सिर्फ बढ़ती जा रही है बल्कि 2050 तक उनकी संख्या इस कदर बढ़ जायेगी कि सरकार को इनके लिये अलग से सामाजिक आर्थिक नीति बनानी पड़ेगी। ब्रिटेन में भी बूढ़े बदस्तूर बढ़ रहे हैं। चीन की बुढ़ाती आबादी 2050 तक 330 मिलियन हो जायेगी। चीन में 100 मिलियन बूढ़े.तो 80 के पार होंगे।

इन तेजी से बुढ़ाते देशों की तो बात ही क्या हम भी जो अपनी जवान आबादी पर इतराते हैं, हम पर भी इसका प्रभावित करने वाला असर होने जा रहा है। अभी हमारे यहां बूढों की संख्या जहां करीब 70 मिलियन है, 2050 में ये 230 से 250 मिलियन के बीच हो जायेगी। तकरीबन 280 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज होगी इस क्षेत्र में। स्थिति यह होगी कि 2050 में देश के हर 100 लोगों में से महज 45 से 47 ही कार्यक्षम होंगे। तब काम करने वाले कम और निर्भर लोग ज्यादा होंगे। मौजूदा समय में जहां जीवन प्रत्याशा दर वैश्विक तौर पर 70 साल है, वहीं 2050 में इसके बढ़कर 76.2 तक पहुंचने की उम्मीद है यानी नये बूढ़े बरसों तक टिकेंगे। स्वास्थ्य और फिटनेस की अत्याधुनिक सुविधायें, नयी दवाइयां, स्वास्थ्य बीमा और तमाम दूसरे कारण मिलकर जीवन प्रत्याशा बढ़ा देंगे, जीवन सुदीर्घ हो जायेगा। जो बुढ़ापा पहले संक्षिप्त होता था, भविष्य में लंबा खिंचेगा। लेकिन यह लंबा बुढ़ापा स्वस्थ भी होगा इसमें शक है। शारीरिक क्षमतायें चुकेंगी, इम्यून सिस्टम कमजोर होगा। नयी पुरानी बीमारियां सिर उठाएंगी। कमजोर पड़ते शरीर और प्रतिरक्षा प्रणाली पर संक्रमण का धावा ज्यादा ही घातक होगा। यह अलग बात है कि भविष्य में स्वास्थ्य संसाधन और तकनीक तथा दवाएं अति विकसित होंगी। बढ़ते बूढ़ों की यह संख्या सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भारी बोझ होगी। इसलिए समय रहते हमे अपनी स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा इस स्तर तक विकसित करना होगा जिससे भविष्य की चुनौतियां का सामना किया जा सके।

## आप की बात

### शिक्षा से बदलेगा समाज

देश की युवा रत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। अगर अच्छी शिक्षा लोगों को मिलेगी तो लोग अपने आप आगे निकल जायेंगे और बहुत सारी कमियां पीछे छूट जायेंगी। इसलिए शिक्षा पर फोकस करना जरूरी है।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### अपराध पर लगे लगाम

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी हैं। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप तो हुई ही है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। पुलिस बड़े अपराधियों को चिन्हित करके एनकाउंटर अभियान चलाती रहती है और इसकी आड़ में थाने और चौकी के छुटभैये वसूली अभियान चलाते हैं। पुलिस का सूचना तंत्र लगातार कमजोर होता रहा। अपराधों पर उसकी पकड़ पूरी तरह ढीली पड़ गयी है और पूरा का पूरा पुलिस महकमा प्रतिक्रियावादी ढर्रे पर चलते हुए अपराध होने पर लकीर पीटने तक सिमट गया है। प्रदेश में कोतवाली, थाना और चौकियों का संजाल है। अगर पुलिस तंत्र मुस्तैद रहे तो उसके पास सारी सूचना मौजूद होनी चाहिए और अपराध होने से पहले वांछितों की गिरफ्तारी, बेदखली या बांड आदि भराकर घटना को रोका जा सकता है। लेकिन पुलिस ने अपना जो खौफनाक चेहरा गढ़ा है उसमें अब शांतिप्रिय लोग पुलिस से मतलब नहीं रखते। सिर्फ दलाल, अपराधी किस्म के लोग पुलिस के आगे पीछे-घूमते हैं। पुलिस से लोगों के दूर रहने के कारण सामाजिक तनाव, दुश्मनी व आपसी विवाद को लेकर वास्तविक सूचनाएं उसके पास नहीं होती हैं। जब सूचनाएं नहीं होंगी तो घटनाएं रोकना भी मुश्किल है। यही कारण है कि ताबड़तोड़ हत्या, दुराचार, डकैती के साथ बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, बिलिंग सेंटर अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस में लगातार भर्तियां हो रही हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। देश के कुल अपराधों में 10 फीसद अकेले यूपी से होते हैं।

**विवेक श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**महराजगंज,रायबरेली।** असनी गांव में बच्चों के थूकने के विवाद में हुई मारपीट में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सीएचसी में घायल शकीला बानो ने बताया कि उनके घर के बच्चों द्वारा गांव के ही विपक्षी शमी अहमद पुत्र वली अहमद की जमीन पर थूक दिया इसी बात से छुब्ध होकर विपक्षी ने कोतवाली क्षेत्र के मांझगांव के रहने वाले मुमताज अहमद तथा अरमान दोनों पिता पुत्र के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला कर दिया है, जिससे उसे व शायरा बानों पत्नी अहमद अली व रेशमा बानो बानो पत्नी शाह आलम को गंभीर चोटे आई हैं। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, दो घर राख

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरेजगन मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर जलकर राख हो गये। जानकारी के अनुसार पूरे जगन निवासी सतन पुत्र सुरजू और चेतराम पुत्र सतन मजदूरी करने के लिए परिवार सहित खेत गए थे, घर पर कोई मौजूद नहीं था दोपहर में अज्ञात कारणों से दोनों घरों में भीषण आग लग गई, जिससे गांव में कोहराम मच गया देखते ही देखते दोनों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई, सूचना पर पहुंची फायर विभाग की गाड़ी ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,मौके पर पहुंचे बावन बुजुर्ग बल्ला प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता ने दोनों परिवारों को आर्थिक मदद सहित राशन और बर्तन मुहैया कराया ,वही हल्का लेखपाल विपिन कुमार मौर्य ने सरकारी आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया।

## आग से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल राख

**महाराजगंज, रायबरेली।** अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गनीमत तो यह रही की सभी खेतो के गेंहू कट चुके थे वहीं लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। बताते चले की महाराजगंज तहसील क्षेत्र के असनी व सलेथू के बीच उस समय हड़कंप मच गया जब दोपहर 1रू00 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। हवा इतनी तेज थी की आग ने अपना विकराल रूप रख लिया और वह सलेथू गांव के निकट पहुंच गई। गनीमत यह रही की समय से सबके खेत के गेंहू कट चुके थे ।लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जो मुरैनी के रहने वाले किसी व्यक्ति के जलकर राख हो गए। अग्नि दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कानूनगो सहित लेखपाल सुशील कुमार शर्मा ने रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौंप दी है।

## निकाली जागरूकता रैली

**महराजगंज, रायबरेली।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के सैकड़ो छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, मतदाता जागरूकता रैली नवोदय विद्यालय से निकलकर नवोदय चैराहा होते हुए अजीजगंज पूरे सूबेदार सहित अन्य गांव में पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया, इस दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल चंदन बागीच, एन डी रस्तोगी,मनोज तिवारी, अशोक कुमार, राहुल प्रजापति, ज्योति जून, अनिल विक्रम सिंह, एस के मौर्या, वी के पाठक, आलम ,अभिषेक गौरव सहित जवाहर नवोदय विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# पत्नी की हत्याकर की आत्महत्या

## सीओ सिटी ने किया घटनास्थल का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

- मृतका का गला चापड़ से रेता मिला, पति टीन शेड में लगी बांस में दुपट्टे से लटका मिला

**सुलतानपुर।** घर के अंदर छत पर टीन शेड की चद्दर के नीचे पति ने पत्नी का गला रेत कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरूवार की सुबह मृतक की बेटी चाय देने पहुंची तो दोनो को खून से लथपथ देख आवक रह गई। घटना की जानकारी होते ही सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने कुड़वार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। गुरुवार सुबह घर के अंदर छत पर टीन शेड के नीचे फिरोजपुर कला गांव निवासी किसमतुल निशा (48) पत्नी अफाक खून से लथपथ व अफाक (50) पुत्र सुनीर अहमद फांसी से लटका मिला। अलसुबह जब मृतकों की छोटी बेटी आशिफा चाय लेकर छत पर पहुंची तो घटना देख अवाक रह गई। हल्ला-गुहार करते हुए छत से नीचे आई उसके बाद मृतक के बेटो सहित अगल बगल के लोग छत पर पहुंचे। घटना की सूचना परिजनो ने पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवो का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दंपति के पांच संताने सादिका (22), शहबाज (18), शादाब (16), अरबाज (13), आशिफा (09) है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिसमे बड़ी बेटी सादिका की शादी हो चुकी है। प्रभारी अपराध निरीक्षक यदुवीर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंचने पर मृतका का गला चापड़ से रेता मिला, वही पति टीन शेड में लगी बांस में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना का कोई विशेष कारण अभी जानकारी में नहीं आया है। मृतका के भाई कुड़वार कस्बा निवासी तस्लीम पुत्र अब्दुल रहमान की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली है कि मृतक मानसिक बीमार चल रहा था जिसका इलाज भी चल रहा था लेकिन इलाज का कोई पर्चा नही मिला है।

# पोखरों में उड़ रही धूल कुएं इतिहास में दफन



**ऊँचाहार ,रायबरेली।** किसी जमाने में जल के स्रोत रहे पोखर और कुएं अब इतिहास में दफन हो रहे है। ज्यदातर कुएं खत्म हो चुके है तो तालाब की खोदाई में खर्च हुए करोड़ो रुपए व्यर्थ हो रहे है। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण तालाबो में धूल उड़ रही है। जिसके कारण मवेशियों तक को हलक तर करने के लिए एक बूंद पानी तक मयस्सर नहीं हो रहा है।

एक जमाना था जब पूरी आबादी कुएं के पानी पर ही जिन्दा रहती थी। समय बदला और कुएं जवाब दे गए। जलस्तर घटा तो कुएं के पानी सुख गए। अब केवल उन्ही गांव के कुओं में पानी है जहाँ सीपेज के समस्या है। और उन कुओं का पानी पीने योग्य नही है। विशेष कर शारदा सहायक नहर के आस पास गांव और रोहनिया ब्लाक में बकुलाही झील से प्रभावित गांव में ऐसी स्थित है।

तालाबों का आलम यह है कि पूरे क्षेत्र में करीब 467 तालाबो की खोदाई मनरेगा के तहत कराई गयी है। इस काम में करोड़ो रुपये खर्च हुए और हर साल तालाबो की मरम्मत के नाम पर भारी रकम खर्च की जा रही है। लेकिन तालाबो के निर्माण का उद्देश्य सरकारी दुर्व्यवस्था के कारण पूरा नही हो पा रहा है। पुरे क्षेत्र के सारे तालाब सूखे पड़े है। तालाबो का आलम यह है कि उनमे पानी के स्थान पर धूल उड़ रही है। पुरे क्षेत्र में करीब 40 आदर्श तालाब है। और आदर्श तालाबों में भी पानी नही है। गांव गांव भटक रहे बेसहारा मवेशियों को हलक तर करने के लिए कहीं एक बूंद पानी तक नहीं मिल रहा है। इस समय पूरा सरकारी अमला लोकसभा चुनाव के व्यस्त है। गांव में मूलभूत जरूरत पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नहरें, तालाब सभी सूखे पड़े हैं। खेतों में मौसमी सब्जियों के अलावा पिपरमेंट की फसल है। जो किसी तरह निजी ट्यूबवेलों के सहारे जिंदा है, किंतु बेजुबान जानवर, पक्षियों के लिए कहीं पानी नहीं है। गांव पंचायतों को तालाबों में पानी भरवाने की जिम्मेदारी दी गई हैं, किंतु गांव के जिम्मेदार कर्मचारी और ग्राम प्रधान दोनों बेपरवाह बने हुए है। कोई भी इस समस्या की ओर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है।

# 86.25 प्रतिशत अंक लाकर रियांशी बनी कॉलेज टॉपर



**सुल्तानपुर (वीओएल)।** बीएससी मैथ तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रियांशी तिवारी ने पूरे कॉलेज में 86.25 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज व परिवार का नाम रोशन किया है। बेटी के परीक्षा परिणाम को सुनते ही परिजनों ने मिलकर मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। भदैया विकासखंड क्षेत्र के बभनगवां गांव निवासी रियांशी तिवारी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध राणा प्रताप पीजी कॉलेज से बीएससी मैथ से तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि वह सेल्फ स्टडी कर तृतीय सेमेस्टर में 800 में से 690 अंक हासिल की हैं। आपको बताते चले रियांशी तिवारी पहले से ही मेधावी छात्रा रहीं हैं, उन्होंने द्वितीय सेमेस्टर में 700 में से 613 अंक और प्रथम सेमेस्टर में 800 में से 673 अंकर लाकर कालेज टॉप किया था। रियांशी के पिता राजकुमार तिवारी खेती करते हैं, जबकि उनकी मां एक गृहणी है। रियांशी तिवारी ने बताया कि वह सिविल सर्विसेज की परीक्षा देकर आईएएस बनना चाहती हैं। आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

## छात्र को वाहन ने मारी टक्कर , घायल

**ऊँचाहार ,रायबरेली।** कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहे एक छात्र को राजमार्ग ने जोरदार टक्कर मार दी और तेजी से साथ भाग गया। इस हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यह हादसा गुरुवार की दोपहर लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर क्षेत्र के अरखा में हुआ है। रायबरेली प्रतापगढ़ जनपदों की सीमा पर स्थित गांव ब्रम्हौली निवासी संतोष कुमार का बेटा निशु उर्फ बाबुल अरखा बाजार में कोचिंग पढ़ने आया था। जहां से गुरुवार की दोपहर साइकिल से वापस अपने घर जा रहा था। बाजार में जवाहर इंटर कालेज के सामने प्रयागराज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन तेजी के साथ लखनऊ की ओर भाग गया। आसपास के लोगों ने घायल छात्र को उठाया और उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## जागरूकता रैली में शत-प्रतिशत मतदान करने का आवाहन

**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड के पखनपुर अतरेहटा, मुरैनी, ओथी सहित कई ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता स्वीप की रैली का आयोजन कर शत-प्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया गया। ग्राम पंचायत पखनपुर में सचिव वैभव मिश्रा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया।आयोजित रैली में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, व सम्बंधित ग्राम के परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों भी मौजूद रहे। एडीओ पंचायत सतीश चतुवेर्दी ने बताया कि मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रैली के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## खाद्य विभाग ने की दो होटलों में छापेमारी, भरे सेंपल

**खीरों,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के महरानीगंज में गुरुवार को नायब तहसीलदार लालगंज व खाद्य विभाग द्वारा दो होटलों में छापेमारी की गई। जांच के दौरान पनीर ,छेना,मलाई के सेंपल भरे गए। करीब दो कुंतल पनीर व मलाई नष्ट कराई गई। महरानीगंज की दुकानों में नकली खोया,पनीर ,छेना विक्री जोरो से हो रही है।जिसकी शिकायत किसी अज्ञात व्यक्ति ने नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडेय से की थी।जिसपर नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडेय व जिला खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को महारानीगंज बाजार में स्थित दो दुकानों नातेदार स्वीट्स हाउस व गुप्ता स्वीट्स में छापेमारी की। छापेमारी की जानकारी अन्य दुकानदारों को होने पर दुकानदार अपनी अपनी दुकानें बंद कर इधर उधर भाग खड़े हुए।जिला खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि नातेदार स्वीट्स से छेना,पनीर के नमूने भरे गए साथ ही एक कुंतल अस्सी किलो पनीर, मलाई व चालीस किलो चीनी के घोल को नष्ट कराया गया है वहीं गुप्ता स्वीट्स से पनीर का सेंपल व बीस किलो पनीर को नष्ट कराया गया।सेंपल की रिपोर्ट आने के बाद दुकानदारों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट का तृतीय प्रशिक्षण संपन्न



- डीएम-सीडीओ ने मजिस्ट्रेट को दी ट्रेनिंग

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट का तृतीय प्रशिक्षण प्रेरणा सभागार में दो पाली में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के निर्देशन में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को ट्रेनिंग प्रदान की गई। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि एम.पी.एस. ऐप से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त कर लें। इस बार ऐप के माध्यम से वोटर टर्न आउट का रियल टाइम डेटा लिया जायेगा। जनपद स्तर पर तैयार की गई पीपीटी को बारीकी से देख लें, जिससे मतदान दिवस में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने पार्टी रवानगी स्थल से मतदान कराने व मतदान के उपरांत संग्रहण स्थल पर ईवीएम व सामग्री जमा करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्त ने पीठासीन अधिकारी रिपोर्ट भाग 1 से 5 को भरने का डेमो दिया। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट के चेक मेमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए अलग-अलग प्रपत्रों पर चेक मेमों के अनुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी मतदाता की पहचान करेंगे। द्वितीय मतदान अधिकारी मतदाता के बायें हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाकर, मतदाता रजिस्टर पर मतदाता का विवरण अंकित करेंगे। उन्होंने मतदाता पर्ची, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने मतदान के दौरान तैयार किए जाने वाले लिफाफों व पीठासीन की डायरी पर डेमो देते हुए चर्चा की। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि दोनों पाली में कुल 210 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, अनुपम द्विवेदी, मंदीप पाण्डेय, आसिफ जमाल, राम तीर्थ आदि मौजूद रहे।

## डीजे पर डांस को लेकर शादी समारोह में हुआ विवाद, बाराती भागे

शिकोहाबाद। डीजे पर डांस को लेकर बरातियों में आपस में झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिससे शादी समारोह में भगदड़ मच गई। जिसके बाद दूल्हा बरात को लेकर भाग गया। दूल्हा की हरकत को देख दुल्हन ने शादी करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद मामला थाना पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठा कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन लड़की किसी कीमत पर नहीं मानी। जिसके बाद सामान और खर्चा को लेकर पंचायत हुई। डाहिनी गांव में अंजली की शादी 24 अप्रेल की थी। बारात रजावली थाना क्षेत्र के गांव भोंडेला निवासी मयंक पुत्र साहगब सिंह लेकर आये थे। शादी की रश्म बटेश्वर रोड स्थित एक गैस्ट हाउस में हो रही थी। बारात चढ़ने के बाद डीजे पर बराती डांस कर रहे थे। इसी दौरान डीजे वाले ने डीजे बंद कर दिया। जिसके बाद बरातियों ने डीजे चालू करने के लिए कहा। बताया जाता है कि डीजे वाले ने डीजे नहीं बजाया तो बरातियों ने उसकी पिटाई कर दी। आक्रोशित डीजे वाले ने अपने साथियों को बुलाया और बरातियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद बराती भी आपस में भिड़ गये। हंगामा होने से शादी समारोह में भगदड़ मच गई। इस दौरान कई लोगों के चोटें भी आई हैं। बारात में मारपीट और हंगामा की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल कराया। झगड़ा और हंगामा के बाद दूल्हा अपने परिवार और बरात को लेकर भाग गया। लाल जोड़े में सजी दुल्हन ने जब दूल्हे की हरक को सुना तो उसने निर्णय लिया और परिजनों से कहा कि अब वह शादी इस दूल्हे के साथ नहीं करगी। परिजनों ने शादी कराने का पूरा प्रयास किया। सुबह दूल्हे और उसके पिता को भी बुलवा लिया, लेकिन दुल्हन किसी तरह शादी करने के लिए तैयार नहीं हुई। थाने में दूल्हा-दुल्हन को भी बुलवा लिया और प्रयास कराया कि दोनों में सहमति बन जाए। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष के दो लोगों को शांति भंग में निरुद्ध किया है। तय हुआ है कि दोनों पक्ष आपस में बैठ कर अपने मामले को निपटा लेंगे।

# टीबी उन्मूलन को लेकर हुई कार्यशाला

- विशेषज्ञों ने उपचार की जानकारी को किया साझा
- देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लिया संकल्प

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग द्वारा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम मेडिसिन विभाग के एलटी 4 में आयोजित किया गया। सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि टीबी का इलाज करते वक्त डॉक्टर द्वारा मरीज को नियमित दवा लेने के महत्व के बारे में बताना अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक टीबी मुक्त भारत करने की बात कही' प्रधानाचार्य ने डॉक्टर को अपनी सुरक्षा जैसे मास्क ग्लव्स इत्यादि पहन कर इलाज करने पर ध्यान देने की भी बात कही।

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के आचार्य एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि टीबी में बार-बार मरीजों द्वारा टीबी की बीच में दवाइयां छोड़ने से बहुत नुकसान होता है तथा ड्रग रेजिस्टेंट टीबी बन जाती है। ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के मरीजों से आम जनमानस में टीबी ज्यादा फैलने की संभावना रहती है। डॉ. जीवी सिंह आचार्य एवं विभाग अध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन एवं अध्यक्ष, स्टेट टास्क फोर्स फॉर टीबी एलिमिनेशन ने एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी के निदान में माइक्रोबायोलॉजिकल पुष्टी पर जोर देते हुए ऐसी टीबी में मॉलिक्यूलर जाँचो जैसे सीबीनाट की उपयोगिता बताई। टीबी एवं चेस्ट विभाग के डॉ. संतोष आचार्य ने टीबी की डायग्नोसिस एवं इलाज के बारे में बताया। डॉ. मानस शर्मा, डबल्यूएचओ कंसलटेंट, प्रभारी आगरा मथुरा निक्षय पोर्टल के बारे में बताया' उन्होंने बताया कि किस प्रकार टीबी के मरीजों को इनरोल किया जाता है। डॉ अनुराग मेडिकल ऑफिसर/ कंसल्टेंट स्टेट टीबी ट्रेनिंग सेंटर ने एंड टीबी 2025, यस वी कैन का स्लोगन दोहराया' उन्होंने बताया कि टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी भारत सरकार की योजना के तहत टीबी के मरीजों के परिवार के सदस्यों को डॉक्टर के सलाह के उपरांत एक गोली रोज 6 महीने तक दी जाती है' टीपीटी पर डा. गीतू ने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की योजना के तहत घोषित टीबी मरीजों को पोषण के लिए 500 रुपये हर महीना 6 महीने के इलाज तक दिया जाता है। डॉ. सचिन गुप्ता, सहायक आचार्य टीबी एवं चेस्ट विभाग द्वारा के टीबी की दवाइयां से होने वाले दुष्परिणाम एवं उसके रोकथाम के बारे में पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को विस्तार से बताया। डॉ. मधु नायक ने टीबी की गांठ के उपचार के बारे में विस्तार से बताया' इस ट्रेनिंग में लगभग 90 रेसिडेंट डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य डॉक्टर टीपी सिंह, मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. मृदुल चतुवेर्दी, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मोना वर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर योगेश कौशल, मीडिया प्रभारी डॉक्टर प्रीति भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## सत्तर लाख की चोरी में एसओजी ने पुनः खंगाला साक्ष्य , खुलासे के करीब पुलिस

**ऊँचाहार ,रायबरेली।** पांच माह पूर्व क्षेत्र के लबेदवा गांव में रोहनिया ब्लॉक के पूर्व प्रमुख समेत तीन घरों में हुई लगभग 70 लाख की चोरी की घटना में एसओजी ने नए सिरे से घटना को खंगालना शुरू किया है। गुरुवार को दोपहर बाद गांव पहुंची एसओजी की टीम ने पीड़ित परिवारों से सिलसिलेवार बातचीत करके मामले की टोह ली है। ज्ञात हो कि दिसंबर माह की 11 तारीख की रात लबेदवा गांव निवासी रोहनिया ब्लाक के पूर्व प्रमुख शिव कुमार यादव , उनके भाई राजेंद्र यादव तथा एक पड़ोसी के यहां चोरी की बड़ी घटना हुई थी। इसमें पूर्व प्रमुख के यहां से 18 लाख रुपए नगद और सोने चांदी के आभूषण तथा उनके भाई के घर से 13 लाख रुपए नगद और सोने चांदी के आभूषण चोरी की बात सामने आई थी। कुल करीब 70 लाख की चोरी की बड़ी वारदात के बाद पुलिस मोहकमा दंग रह गया था। एसपी समय आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली , किंतु कोई सुराग नहीं मिला। पांच माह तक स्थानीय पुलिस के अलावा अन्य टीमें घटना के खुलासे के लिए लगी रही , किंतु नतीजा शून्य निकला है। अब इसमें पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे है। जिसको लेकर एसओजी पुनः सक्रिय हुई है। गुरुवार को गांव पहुंची एसओजी इस बात के साक्ष्य जुटा रही थी कि दोनो घरों में करीब 31 लाख रुपए की बड़ी रकम आखिर आई कहां से ? एसओजी ने दोनो परिवारों से मगर राशि के स्रोत को जानने की कोशिश की है। पुलिस की जांच दिशा से अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुलिस को घटना को लेकर संदेह है। अब पुलिस इसी टोह में लगी हुई है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना उनके ऊंचाहार कोतवाली में पोस्टिंग से पूर्व हुई है। इसमें बड़ी गहनता के साथ हम जांच कर रहे हैं। एसओजी टीम ने गुरुवार को गांव पहुंचकर छानबीन की है। सच को जल्द सामने लाया जायेगा।

## सबसे नाता सबसे प्यार , मेनका गांधी फिर एक बार



**सुलतानपुर (वीओएल)।** लोकसभा क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर, गोसाईगंज में मेनका गांधी ने बड़ी नुक्कड़ सभा को संबोधित किया, सम्बोधन के दौरान सुलतानपुर लोकसभा क्षेत्र में हुए पांच सालों के विकास कार्यों को बताया और प्रधानमंत्री मोदी के 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को साकार करने व भाजपा को समर्थन प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक राजबाबू उपाध्याय, कार्यक्रम आयोजक रमन सिंह, आनंद तिवारी, प्रधान मनोज सिंह, प्रधान मनीष तिवारी, प्रधान रौनक सिंह, प्रधान ओम प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, रामजीत पाल, विद्या निषाद, शिखा तिवारी, फौजदार सिंह ॄआल्हा सम्राटॄ, ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला, ब्लाक प्रमुख नवनीत सिंह ॄसोनूॄ, ब्लाक प्रमुख चंदन सिंह, लवकुश गुप्ता, बृजेश निषाद आदि मौजूद रहे।

## कथा श्रवण मात्र से होता है मनुष्य का कल्याण : आचार्य वीरेंद्र त्रिपाठी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य वीरेंद्र त्रिपाठी जी महराज ने कुड़वार विकाश खण्ड के बिनायकपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस श्री कृष्ण की बाल लीला और सुदामा चरित्र का वर्डन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा भगवान के बचपन के बाल सखा थे फिर भी उन्होंने कभी भगवान से कुछ नही मांगा। फिर भी भगवान ने उन्हें सबकुछ दे दिया। इस लिए मनुष्य को चाहिए कि भगवान की निःस्वार्थ भक्ति करें तो भगवान उसे सब कुछ बिना मांगे ही दे देंगे ।गुरुवार को कथा के पंचम दिवस आचार्य बीरेंद्र त्रिपाठी ने भक्तों को कथा श्रवण कराते हुए कहा की भगवान श्रीकृष्ण ही सत्य है। सनातन है और सच्चिदानंद है। भगवान की कृपा से ही मानव जीवन सुखमय हैं। गरीबों एवं असहायो की सेवा ही प्रभु की सच्ची पूजा है। कथा व्यास ने कहा की श्रीमद् भागवत महापुराण कथा श्रवण मात्र से ही मानव का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपने को भगवान के प्रति समर्पित कर दें, क्योंकि प्रभु सदैव सबका कल्याण ही करते हैं। कथा के अंत में मुख्य यजमान बंशराज शुक्ला सप्तनी कथा व्यास की आरती उतारी। इस मौके पर फौजी ओम प्रकाश शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, जयप्रकाश शुक्ला, सुभाष चंद्र शुक्ला, गया प्रसाद शुक्ल, माता प्रसाद शुक्ल, लल्लू शुक्ला, सुमित शुक्ला, पीयूष, सार्थक, शोम सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने की मीडिया ब्रीफिंग



**रायबरेली।** लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 सकुशल निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी और अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने नामांकन के लिए हुई तैयारियो के संबंध में मीडिया ब्रीफिंग की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी तैयारियां पूरी कर लीजिए गई है। नामांकन के दिन प्रत्याशी के साथ केवल पांच लोगों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। उन्हें अपना वाहन नामांकन कक्ष से 100 मीटर दूर पार्किंग स्थल पर ही रखना होगा। प्रत्याशी को केवल तीन वाहन ही ले जाने की अनुमति होगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नामांकन कक्ष के चारो ओर बैरिकेटिंग की गयीं है। सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है।

# कांग्रेस ने गारंटी कार्ड को किया वितरित



**रायबरेली।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस के गारंटी कार्ड को चंदापुर कोठी स्थित अभय त्रिवेदी के कार्यालय में एक बैठक कर सुपर मार्केट, कैपरगंज में जनता के मध्य वितरण गया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव एवं नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने कांग्रेस गारंटी कार्ड भरकर जनता को राहुल गांधी की गारंटी का भरोसा दिलाया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने जनता के बीच जाकर कांग्रेस की 5 न्याय गारंटी की जानकारी दी और कहा कि राहुल गांधी जी ने देष की जनता से वादा किया है कि कांग्रेस की सरकार आने पर इन गारंटी को पूरा किया जायेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने सुपर मार्केट स्थित दुकानों पर जाकर गारंटी कार्ड भरवाये और व्यपारियों से कांग्रेस को सर्मथन देने की अपील की। साथ ही व्यापार में मंदी के लिए भाजपा सरकार की नीतियों को जिम्मेदार बताया। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा से मोदी सरकार की मुष्किल बढ़ गई है, जनता का विष्वास राहुल गांधी की गारंटी पर दिख रहा है, ऐसे में भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव को हिन्दू-मुस्लिम कर साम्प्रदायिक रंग देने की असफल और आखरी कोषिष की जा रही है लेकिन देष की जनता ने भाजपा को सत्ता से उखाड़ने का पूरा मन बना लिया है। कांग्रेस गारंटी कार्ड वितरण में मुख्यरूप से अभय त्रिवेदी, प्रवक्ता महताब आलम, अनिल मिश्रा, सर्वोत्तम मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, सूर्यकुमार बाजपेयी, संजीव शुक्ला, मनोज मिश्रा, संजय शुक्ला, अंषुमान गांधी, अंकुर सिंह चैधरी, शान जैदी, महेष्वर सिंह और सत्येन्द्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सोना 110 रुपये टूटा व चांदी 350 रुपये तेज

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 110 रुपये की गिरावट के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये बढ़कर 84,100 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 83,750 रुपये प्रति किलो था। दिल्ली में हाजिर सोना कीमत 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रहा जो पिछले बंद भाव से 110 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार पर रहा जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर कमजोर है।

## एसबीआई जनरल के राजस्व में वृद्धि

मुंबई। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 23-24 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23-24 में 319 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) अर्जित करते हुए वृद्धि गति को जारी रखा, जो वित्त वर्ष 23 के मुकाबले 30 फीसद अधिक है। कंपनी के ग्रॉस रिटेन प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) में पिछले साल के मुकाबले 17 फीसद की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 12,731 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के विविध प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो, वितरण पहुंच, ब्रांड और लागत अनुकूलन की वजह से इन आंकड़ों को प्राप्त करने में मदद मिली। मोटर और हेल्थ के नेतृत्व में रिटेल बिजनेस में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। प्राइवेट मार्केट में पर्सनल एक्सिडेंट सेगमेंट में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस नंबर पर बना हुआ है। वहीं हेल्थ, होम, फसल, वाणिज्यिक और मोटर सहित व्यवसायों में कंपनी की मजबूत उपस्थिति बरकरार है। कंपनी के राजस्व और कर पूर्व लाभ में मजबूत उछाल आया और पीबीटी वित्त वर्ष 22-23 के 244 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 23-24 में बढ़कर 319 करोड़ रुपये हो गया।

## 100 करोड़ क्लब में पॉकेट एफएम की एंट्री

नई दिल्ली। पॉकेट एफएम ने आज इस बात ऐलान किया कि उनके दो मशहूर ऑडियो सीरीज ने दुनिया भर में श्रोताओं के जरिए हासिल की रुपये 100 करोड़ क्लब में एंट्री . उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही शोज - 'एक लड़की को देखा तो' और 'इंस्टा मिलेनियर' पॉकेट एफएम की 10 सबसे मशहूर सीरीज में टॉप पर ट्रेंड कर रही हैं।गौरतलब है कि 'एक लड़की को देखा तो' एक काल्पनिक कहानी है जिसमें बताया गया है कि कैसे एक दिन अनिका अपनी बेटी के साथ मनाली में अपने घर लौट जाती है जहां उसे अपनी जुड़वा बच्चे के बारे म पता चलता है. यह दिलचस्प कहानी नायिका के संघर्ष की दास्तां को दिलचस्प तरीके से बयां करती है। यह सीरीज दुनिया भर में इस कदर लोकप्रिय साबित हुई है कि इसने अब तक कुल 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

## सबसे पहले जियोसिनेमा दिखयेगा टीवी शो

नई दिल्ली। जियोसिनेमा ने खुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो क्वालिटी के वीडियो और ज्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियोसिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश 'जियो सिनेमा प्रीमियम' की घोषणा की है। मात्र 29 रुपये मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापनमुक्त 4के क्वालिटी और ऑफलाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे। सदस्य कनेक्टेड टीवी सहित किसी भी डिवाइस पर एक्सक्लूसिव सीरीज, मूवी, हॉलीवुड, किड्स और टीवी मनोरंजन का लुत्फ उठा सकते हैं।

## भारत का सेवा निर्यात 11.4 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की एक रिपोर्ट के अनुसार,भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं।

# सेंसेक्स में 487 अंकों की उछाल



मुंबई। बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 718.31 अंक तक उछलकर 74,571.25 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है।एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने बाजार को कमजोर शुरुआत दी। लेकिन दिन के दूसरे हिस्से में कुछ बैंकों और एफएमसीजी कंपनियों में खरीदारी आने से बाजार लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक ने छह प्रतिशत की लंबी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजे से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.71 प्रतिशत और स्मालकैप सूचकांक में 0.54 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड में 1.71 प्रतिशत और धातु खंड में 1.16 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि टिकाऊ उपभोक्ता और रियल्टी खंड में गिरावट देखी गई।

## कंपनियों की बाजार पूंजी रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बृहस्पतिवार को 404.18 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी तेजी से निवेशकों की पूंजी में 11.29 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 1,850.45 अंक चढ़ चुका है।

## रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले एक पैसे की हल्की बढ़त के साथ 83.32 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख से मिले समर्थन को विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली दवाब ने बेअसर कर दिया। हालांकि, अपने प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.34 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.31 प्रति डॉलर के ऊपरी स्तर पर गया और 83.40 के निम्नतम स्तर तक आया। कारोबार के अंत में यह डॉलर के मुकाबले 83.32 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थनः वित्त मंत्रालय




नयी दिल्ली। अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है।

मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 7.8 प्रतिशत किया है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाओं में कमी और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है लेकिन हाल के घटनाक्रमों के बावजूद जोखिम धारणाएं फीकी पड़ी हैं। इससे वृद्धि तेज होने की संभावना दिख रही है। वैश्विक आर्थिक वृद्धि में सुधार के बारे में रिपोर्ट कहती है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में यह प्रगति पर है लेकिन असमानताएं बरकरार हैं। रिपोर्ट कहती है कि जहां प्रमुख संकेतक आर्थिक गतिविधि में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव में कमी का इशारा कर रहे हैं वहीं हाल के संघर्षों से जोखिम पैदा हो रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत अपने मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ अलग दिख रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार वाली वृद्धि को दर्शा रहा है और वैश्विक वृद्धि के समर्थन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का दावा कर रहा है। इसके मुताबिक, वैश्विक सुस्ती के कारण भारत के व्यापारिक निर्यात और आयात में नरमी आई है। व्यापार मंदा होने से वित्त वर्ष 2023-24 में वस्तु व्यापार घाटा कम हो गया है, क्योंकि आयात की तुलना में निर्यात में कम गिरावट आई है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात ने पिछले कुछ महीनों में निरंतर वृद्धि के साथ जुझारूपन दिखाया है।

# महापौर चुनाव रोकने की साजिश रच रही है केंद्र सरकार : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार महापौर चुनाव रोकने और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से आप को बाहर करने की साजिश रच रही है।

मंत्री ने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव नरेश कुमार ने उन्हें दरकिनार कर महापौर चुनाव कराने के लिए एक पीठासीन अधिकारी को नामित करने में नियमों का उल्लंघन किया है। आप नेता ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा, पीठासीन अधिकारी को नामित करने का प्रस्ताव मुझे दरकिनार करके गुपचुप तरीके से उपराज्यपाल को भेजा गया था। मैंने फाइल वापस करने के लिए उपराज्यपाल को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि यह नियमों का उल्लंघन करके सीधे उन्हें भेजी गई थी। शहरी विकास मंत्री ने दावा किया कि, कल (बुधवार) मैंने फिर से मुख्य सचिव को पत्र लिखा और उनसे पूछा कि किस नियम के तहत उन्होंने मेरी अनदेखी की और फाइल भेज दी। मैंने (पत्र की) एक प्रति उपराज्यपाल को भेजी। उपराज्यपाल कार्यालय या मुख्य सचिव कार्यालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी है। हमने सुना है कि उपराज्यपाल केरल के दौरे पर हैं।

# संदेशखाली में सीबीआई ने दर्ज किया केस




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने ऐसे मामलों में शिकायत करने के लिए लोगों के लिए एक ईमेल आईडी जारी की थी जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके। क्षेत्र के दौरे के दौरान शुरुआती सत्यापन के बाद सीबीआई ने भूमि हड़पने और महिलाओं पर हमले के आरोप में ऐसी पहली प्राथमिकी दर्ज की है।

# भारत जैसे-जैसे विकसित होगा, उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या कम होती जायेगी

नयी दिल्ली। आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (उच्च खाद्य मुद्रास्फीति) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गये दो माओवादी



भुवनेश्वर। ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानतकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के विशिष्ट विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि अभियान स्थल से दो माओवादियों के शव, हथियार, हथगोले और अन्य सामान बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों का यह अभियान बृहस्पतिवार सुबह तक जारी रहा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मुताबिक मारे गए माओवादियों की पहचान सुनील और संतू के रूप में की गई है। दोनों माओवादियों की 8वीं कंपनी से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि सुनील छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था जबकि संतू राज्य के बीजापुर का रहने वाला था। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा, इस अभियान के दौरान वन क्षेत्र में लगभग 40 लाल विद्रोहियों ने एसओजी कर्मियों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की।

## सबरीमला हवाई अड्डा भूमि अधिग्रहण के संबंध में कोई और कदम नहीं उठाया जायेगाः कोर्ट

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राज्य सरकार को कोट्टयम जिले में सबरीमला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रारंभिक अधिसूचना के संबंध में दो महीने तक कोई और कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया। यह अंतरिम निर्देश न्यायमूर्ति विजू अब्राहम ने दिया। एकल पीठ ने राज्य सरकार और हवाईअड्डा परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारियों को नोटिस भी जारी किये तथा भूमि अधिग्रहण अधिसूचना को चुनौती देने वाली एक धर्मार्थ ट्रस्ट और उसके प्रबंध ट्रस्टी की याचिका पर उनका रुख जानना चाहा। अदालत ने कहा कि रिट याचिका पर विचार होने तक एक अंतरिम आदेश रहेगा, जिसमें आधिकारिक प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 11(1) के तहत जारी अधिग्रहण अधिसूचना के आधार पर कम से कम कम दो महीने तक कोई कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया जाएगा। अदालत ने ट्रस्ट की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली और उसे तथा सरकार को संपत्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। अयाना चैरिटेबल ट्रस्ट और उसके प्रबंध ट्रस्टी सिनी पुन्नोज ने अपनी संयुक्त याचिका में आरोप लगाया है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया का उद्देश्य उनकी संपत्ति (लगभग 2,263 एकड़ का रबर बागान) पर अवैध रूप से कब्जा करना है।

## कल्पना सोरेन गांडेय सीट से लड़ेंगी उपचुनाव

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बृहस्पतिवार को कहा कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव लड़ेंगी। झामुमो विधायक सरफराज़ अहमद के इस्तीफे के कारण गिरिडीह जिले में स्थित यह सीट खाली हुई है। गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को होगा जब राज्य में संसदीय चुनाव के तहत वोट डाले जायेंगे। कल्पना गृहणी हैं और उनकी शैक्षिक योज्ञता एम.टेक तथा एमबीए है। उन्होंने ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपाडा में स्कूली शिक्षा प्राप्त की और इंजीनियरिंग तथा एमबीए की पढ़ाई भुवनेश्वर के अलग-अलग संस्थानों से की। उनका राजनीतिक सफर चार मार्च को गिरिडीह जिले में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस समारोह से शुरू हुआ।

# वाईएसआर कांग्रेस में आंध्रा पांच साल पिछड़ गया : पीयूष गोयल



विजयवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में आंध्र प्रदेश विकास के मामले में पांच साल पीछे हो गया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में और केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आएगा और समृद्धि तथा विकास लाएगा। गोयल ने उंदावल्ली में तेलुगू देसम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद विजयवाड़ा में एक संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्ञ की बात है कि विकास के मामले में आंध्र प्रदेश पांच साल पीछे रह गया है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि जगन मोहन रेड्डी की प्रतिशोध लेने वाली और भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को इस बार हराया जाएगा और नायडू एक बार फिर राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। गोयल ने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश जैसा तेजी से विकास करता राज्य पिछले पांच साल में रेत, शराब और जमीन माफियाओं के चंगुल में फंस गया और लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से सहारा मिला।

## पेज एक का शेष

### आबकारी नीति

गिरफ्तार करने की खातिर साक्ष्य के विभिन्न मानकों के लिए धन-शोधन निवारण अधिनियम-2002 में कोई अलग प्रावधान नहीं हैं और याचिकाकर्ता अपने ओहदे का हवाला देकर खुद के लिए एक विशेष श्रेणी बनाने का प्रयास कर रहा है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। एजेंसी ने केजरीवाल के उस तर्क का खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की बुनियाद और सिद्धांत का उल्लंघन करती है। ईडी ने कहा, तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है। उसने कहा, यदि उपरोक्त तर्क को स्वीकार कर लिया जाता है तो अपराधी नेताओं को इस आधार पर गिरफ्तारी से छूट मिल जाएगी कि उनका चुनाव में प्रचार करना जरूरी है। गिरफ्तारी को उचित ठहराते हुए ईडी ने कहा कि केजरीवाल को प्रामाणिक आधार पर गिरफ्तार किया गया है, किसी दुर्भावना के आधार पर नहीं।

### जेईई मेन्स का

अप्रैल को घोषित किए गए। इसके साथ ही एनटीए ने अप्रैल सत्र के लिए पंजीकृत 12 लाख से अधिक उम्मीदवारों में सम्मिलित हुए 10 लाख से अधिक कैंडिडेट्स के स्कोर और रैंक कार्ड डाउनलोड के लिए लिंक भी परीक्षा पोर्टलपर एक्टिव कर दिया है। ऐसे में जो स्टूडेंट्स एनटीए द्वारा 4, 5, 6, 8 और 9 अप्रैल 2024 को आयोजित जेईई मेन अप्रैल 2024 में सम्मिलित हुए थे, वे अपना स्कोर और रैंक पोर्टल पर एक्टिव लिंक या नीचे दिए गए डायरेक्ट लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए स्टूडेंट्स को परिणाम पेज पर अपने अप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ की डिटेल से लॉग-इन करना होगा। एनटीए ने जेईई मेन अप्रैल 2024 में सम्मिलित 10 लाख से अधिक उम्मीदवारों में पूरे अंक (100 पसेर्टाइल) अंक प्राप्त करने वाले 56 उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी है। इन 100 पसेर्टाइल प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स में 2 लड़कियां भी शामिल हैं। इसी प्रकार, राज्यवार टॉपर्स की बात करें तो कुल 56 में से 15 स्टूडेंट्स अकेले तेलंगाना राज्य से हैं। दिल्ली के 6 स्टूडेंट्स को 100 पसेर्टाइल प्राप्त हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के सिर्फ एक स्टूडेंट हिमांशू यादव (रोल नंबर 240310073377) को 100 पसेर्टाइल प्राप्त हुआ है।

### गोरखपुर के

यह बड़ी खुशखबरी आई है। हिमांशु के जेईई मेंस में 100 परसेंटाइल पाने की सूचना के बाद गोरखपुर, महराजगंज से लेकर गाजीपुर तक जश्न का माहौल है। हिमांशु के यूपी टॉप करने की खबर के बाद ग्लोबल एकेडमी स्कूल में भी शिक्षक व छात्र आहलादित हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक पाने वाले हिमांशु यादव पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे हैं। पिता संजय यादव ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया तथा माता सुमन यादव भी हमेशा साथ रहीं। आज परिणाम सामने है। हिमांशु दो भाइयों में छोटे हैं। हिमांशु के बड़े भाई प्रियांशु यादव भी पढ़ने में मेधावी हैं। प्रियांशु इस समय मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से बीटेक कर रहे हैं। हिमांशु ने बताया कि वे हमेशा मोबाइल से दूर रहते हैं। फोन का इस्तेमाल भी सिर्फ बात करने के लिए करते हैं। घर के लोगों और शिक्षकों से ही फोन पर प्रायः कि लेकर बात करते हैं।

### लोस चुनाव

में गई थी। पिछले चुनाव में इन 88 सीटों पर कुल 70.09 फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.14 फीसदी मतदान मणिपुर की बाहरी मणिपुर सीट पर हुआ था। वहीं, सबसे कम 53.70 फीसदी मतदान कर्नाटक की बैंगलोर दक्षिण सीट पर दर्ज किया गया था।

### यूपी की आठ

चुनाव मैदान में हैं। अमरोहा लोकसभा सीट में कुल 17,16,641 मतदाता है, जिसमें 9,08,551 पुरुष मतदाता, 8,08,035 महिला मतदाता व 55 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1856 मतदेय स्थल है। मेरठ लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मेरठ लोकसभा सीट में कुल 20,00,530 मतदाता है, जिसमें 10,75,368 पुरुष मतदाता, 9,25,022 महिला मतदाता व 140 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2042 मतदेय स्थल है। बागपत लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बागपत लोकसभा सीट में कुल 16,53,146 मतदाता है, जिसमें 8,97,703 पुरुष मतदाता, 7,55,369 महिला मतदाता व 74 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1737 मतदेय स्थल है। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गाजियाबाद लोकसभा सीट में कुल 29,45,487 मतदाता है, जिसमें 16,23,506 पुरुष मतदाता, 13,21,804 महिला मतदाता व 177 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3092 मतदेय स्थल है। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट में कुल 26,75,148 मतदाता है, जिसमें 14,50,795 पुरुष मतदाता, 12,24,234 महिला मतदाता व 119 थर्ड जेण्डर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2717 मतदेय स्थल है।

### सलमान खान

थी कि हथियार काम कर रहा है। इस बीच, मुंबई की एक अदालत ने खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार दो लोगों की पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी। बिहार के रहने वाले आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल को उनकी पिछली हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त होने के बाद यहां मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। गुप्ता और पाल 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के आवास के बाहर गोलीबारी के बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था।

बाद में, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद कीं। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को भी मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है।

### अखिलेश ने

रहे। सपा ने इससे पहले मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। अखिलेश ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्नौज में सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की यह ख्वाहिश थी कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें। उम्मीद है कि जनता एक बार फिर उन्हें आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कन्नौज का चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नकारात्मक राजनीति को खत्म करेगा। हम कन्नौज की पहचान को आगे बढ़ाएंगे। हम कन्नौज के लोगों के सम्मान और विकास के लिये काम करेंगे। भाजपा ने कन्नौज का विकास रोक कर नकारात्मक राजनीति की। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा की नकारात्मक राजनीति है खत्म होगी और भाईचारे का एक दौर शुरू होगा जो कन्नौज में विकास एवं खुशहाली लाएगा। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार यहां आया था तो नेता जी (उनके पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) और उस समय के वरिष्ठ नेता जनेश्वर मिश्र, अमर सिंह, आजम खान ने मुझे यहां से चुनाव लड़ने के लिए कहा था। कथित तौर पर भाजपा के कुछ नेताओं ने टिप्पणी की थी कि चुनाव भारत और पाकिस्तान के बीच एक क्रिकेट मैच की तरह है। इस बारे में पूछे जाने पर अखिलेश ने कहा, वे न तो गेंद फेंक पाएंगे और न ही बल्ले का इस्तेमाल कर पाएंगे। उन्होंने लोगों से भाजपा को क्लीन बोल्ड करने का आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी छह गेंदों पर छक्का मारेंगे।

### तुष्टीकरण की

के लिए गरीब किसान और नारी शक्ति को सशक्त कर रही है। आज यूपी का भाग्य बदल रहा है। जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे। आज बरेली बदायूं के किसानों को 600 करोड़ रुपए मिल चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2024 का यह चुनाव एक हजार वर्ष की गुलामी की मानसिकता से देश को पूरी तरह से मुक्त करने का चुनाव है। यह चुनाव भारत के स्वाभिमान को नई बुलंदी देने वाला चुनाव है। दस साल पहले तक सपा और कांग्रेस यह दोनो लोग क्या कहते थेकि यह भाजपा वाले बड़ी बड़ी बातें करते हैं कहते हैं मंदिर वहीं बनायेंगे मजाक बनाते थे , तारीख नहीं बतायेंगे। मैं गाली चुपचाप सहता रहा। हमने जाकर निमंत्रण दिया। लेकिन उनका उनका अहंकार इतना था कि वह खुद को राम से भी बड़ा मानते हैं। इस निमंत्रण को सपा कांग्रेस ने ठुकरा दिया। क्योंकि यदि इस निमंत्रण को स्वीकार किया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। इन्होंने राम ही नहीं हमारे श्याम को भी नहीं छोड़ा। मैं बड़ी श्रद्धा के साथ समुद्र में गया। प्रभु श्रीराम के उन पत्थरों से आशीर्वाद लिया। मेरा मजाक उड़ाया। सपा के ठेकेदार जो खुद को यदुवंशी बताते हैं। यह भगवान श्री कृष्ण की मजाक उड़ा रहे हैं। आजकल समाजवादी पार्टी से कांग्रेस दोस्ती कर रही है। अब आपका छिनने वाला है। ओबीसी जातियों को मिलने वाला आरक्षण छीना जायेगा। समाजवादी पार्टी का इन सब बातों के लिए समर्थन है। यूपी में 2012 में धर्म के नाम पर यूपीए सरकार ने धर्म के नाम पर आरक्षण देने का प्रयास किया। कल से देश में एक नया नारा चर्चा में आया है - कांग्रेस की यूथ, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। आपका सोना, घर की जांच होगी। यह कांग्रेस वाले आपकी संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को दे देंगे। संपत्ति जब्त कर लेंगे। चार कमरों का घर है तो दो कमरें जब्त कर लेंगे। दस बीघा जमीन है तो पांच बीघा जब्त होगी। जो माताएं बहने हैं आपकी बचत पर कांग्रेस की नजर है। यह मंगलसूत्र छीनने की बात करते हैं। क्या मंगलसूत्र छीनने दोगे।

### नकारात्मक

जाति, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी वे सत्ता में रहे तब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अधिकारों को छीनने के प्रयास किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं।

### संविधान-लोकतंत्र

को एमएसपी की कानूनी गारंटी दे रहे हैं, कर्ज माफ करने जा रहे हैं। मजदूरों को 400 रुपये की न्यूनतम मजदूरी दे रहे हैं। राहुल गांधी ने लोगों का आह्वान किया, कांग्रेस का समर्थन कीजिए और हाथ के सामने का बटन दबाइए। लोकसभा चुनाव सात चरणों में होने हैं। प्रथम चरण के तहत गत शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें मतदान प्रतिशत लगभग 65.5 रहा। चुनाव के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम और बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा तथा जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होना है।



## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 08 | 07 | 01 | 14 | +.698 |
| कोलकाता | 07 | 05 | 02 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 08 | 05 | 03 | 10 | +.577 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | +148 |
| चेन्नई | 08 | 04 | 04 | 08 | +.415 |
| गुजरात | 08 | 04 | 04 | 08 | -1.055 |
| मुंबई | 08 | 03 | 05 | 06 | -.227 |
| दिल्ली | 08 | 03 | 05 | 06 | -.477 |
| पंजाब | 08 | 02 | 06 | 04 | -.292 |
| बेंगलुरु | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.721 |

ऑरेंज कैप: विराट कोहली, आरसीबी/430 रन

पर्पल कैप: जसप्रीत बुमराह, राजस्थान/13 विकेट

# जीत की पटरी पर लौटी आरसीबी

● आरसीबी ने हैदराबाद को 35 रन से हराया, विराट-पाटीदार ने जड़ा पचासा

**हैदराबाद।** मैन ऑफ द मैच रजत पाटीदार की विस्फोटक पारी और विराट कोहली की संयमित अर्धशतकीय पारी के बाद स्वप्निल, कर्ण शर्मा व कैमरन ग्रीन के दो-दो विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को आईपीएल के 41 वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद 35 रन से हराया। आरसीबी के लिए प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए यह मैच जीतना बहुत जरूरी था। उसने नौ मैचों में दूसरी जीत दर्ज की है। बेंगलुरु पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे दसवें पायदान पर है। वहीं, हैदराबाद को आठ मैचो में तीसरी हार झेलनी पड़ी है अंक तालिका में तीन स्थान पर है।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने विराट कोहली के 51 रन और रजत पाटीदार के 50 रन से सात विकेट पर 206 रन बनाये। इसके जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आठ विकेट पर 171 ही बना सकी। हैदराबाद टीम ने खराब आगाज किया। शानदार फॉर्म में चल रहे ट्रेविस हेड (1) पहले ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। अभिषेक शर्मा ने (13 गेंदों में 31, तीन चौके और दो सिक्स) ने तेजी से रन जुटाने का प्रयास किया लेकिन वह चौथे ओवर में पवेलियन लौट गए। एडेन मार्करम (7), हेनरिक क्लासेन (7), नितीश रेड्डी (13) और अब्दुल समद (10) धमाल नहीं मचा पाए। एसआरएच की आधी टीम 69 रन पर ढेर हो गई थी। कप्तान पैट कमिंस (15 गेंदों में 31, एक चौका, तीन छक्के) अच्छा टच में नजर आए मगर ज्यादा देर टिक नहीं सके। शाहबाद अहमद (37 गेंदों में 40) और जयदेव उनादकट (10 गेंदों में 8) नाबाद रहे। आरसीबी से पाटीदार (20 गेंदों पर 50 रन) ने कोहली (43 गेंदों पर 51 रन) के साथ 65 रनों की साझेदारी में सबसे ज्यादा रन बटोरे। कोहली का ध्यान अपने साथी खिलाड़ी को स्ट्राइक देने पर लगा था।

कैमरन ग्रीन (20 गेंदों पर नाबाद 37 रन) और स्वप्निल सिंह (छह गेंदों पर 12 रन) ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाकर आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया। कोहली और फाफ डुप्लेसी (12 गेंद में से 25 रन) ने हैदराबाद की टीम के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन जोड़े। इससे सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अपने पहले ही ओवर में 19 रन लुटा दिये। आरसीबी ने पहली 18 गेंदों पर बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिये थे लेकिन फिर भी पावरप्ले में एक विकेट गंवाकर 61 रन ही बना सकी। डुप्लेसी जहां टी नटराजन की धीमी शॉर्ट गेंद पर धोखा खाकर मिड ऑफ पर ऐडन मार्कराम को कैच देकर पवेलियन पहुंचे। वहीं विल जैक्स (छह गेंद में नौ रन) लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय की गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में आउट हो गये।



मैन ऑफ द मैच राजत पाटीदार ने 20 गेंद में 50 रन की बेहतरीन पारी खेलने पर बधाई देते विराट कोहली

# पंजाब किंग्स की नजरें केकेआर के गेंदबाजों पर

**कोलकाता।** खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को आईपीएल के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिये शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाये हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिये हैं। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिसकी वजह से शाहरूख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है। वेंकटेश अय्यर की एकमात्र बल्लेबाज हैं जो खराब फार्म में हैं जबकि ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण बाहर नीतिश राणा की गैर मौजूदगी से टीम के स्पिन के महारथी बल्लेबाज और उपयोगी आफ ब्रेक गेंदबाज की कमी खल रही है। गेंदबाजी में सिर्फ नारायण ही अनुशासित प्रदर्शन कर सके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट सात के इर्द गिर्द रहा है जो इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के इस दौर में काफी प्रभावी है।


मैच आज शाम 7.30 बजे से

## संक्षेप

### दिल्ली के तेज गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिये फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। रसिख ने चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिये।

### इंपैक्ट नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

**नयी दिल्ली।** बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में बुधवार को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर तीसरे नंबर पर भेजे गए अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाये और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली के तीन विकेट एक समय 44 रन पर गिर गए थे। बाद में उन्होंने एक विकेट भी लिया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा कि एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोचकर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा समेत कई खिलाड़ी इस नियम की आलोचना कर चुके हैं।

### बिस्माह मारूफ ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**कराची।** एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ लेकर गई बिस्माह ने सुर्खियां बंटोरी थी। वह वेतन के साथ 12 महीने का मातृत्व अवकाश पाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर रहीं। बायें हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिये 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाये और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिये। बिस्माह ने एक बयान में कहा कि मैं उस खेल से विदा ले रही हूं जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्यार है। यह शानदार सफर रहा जिसमें कई चुनौतियां किजीत और यादगार लम्हे हमने देखे। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं जिसने इस पूरे सफर में मेरा साथ दिया। इसके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद दूंगी।

### मोना ने स्वर्ण और आमिर ने रजत पदक जीता

**नयी दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना के अमीर अहमद भट्ट ने 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। मोना ने फाइनल में 250.8 अंक के स्कोर के साथ आर2-10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच। स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। पिछले महीने नयी दिल्ली में विश्व कप में इसी प्रतियोगिता में जीत के बाद यह उनका साल का दूसरा विश्व कप खिताब था। नयी दिल्ली में उन्होंने पैरालंपिक कोटा हासिल किया था। स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा (250) और स्वीडन की निशानेबाज अन्ना बेन्सन (228.8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। दो बच्चों की मां 37 वर्षीय मोना फाइनल में अच्छी लय में दिखीं। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया था। दिसंबर 2021 में निशानेबाजी शुरू करने से पहले मोना ने गोला फेंक और पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

# एथलेटिक्स अंडर-20 एशियाई में भारत का दबदबा कायम

● एकता व रणवीर ने स्टीपलचेस में स्वर्ण जीते, अनुराग को गोला फेंक का स्वर्ण पदक मिला

**नयी दिल्ली।** रणवीर सिंह और एकता डे ने गुरुवार को दुबई में एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये जिससे भारतीयों ने इस प्रतियोगिता में दबदबा कायम रखा। इससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या तीन हो गयी। एकता ने 10:31.92 सेकेंड के समय से जबकि रणवीर ने 9:22.62 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। अनुराग सिंह कलेर ने इससे पहले पुरुषों के गोला फेंक स्पर्धा में 19.23 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। इस तरह भारतीयों ने गुरुवार को कुल सात पदक अपनी झोली में डाले। सुबह के सत्र में पैदल चाल एथलीट आरती ने महिलाओं की 10,000 मीटर में कड़े मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। आरती का 47:45.33 सेकेंड का समय विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 49 मिनट के क्वालीफिकेशन समय से बेहतर रहा। फिर थ्रो एथलीट ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक हासिल किये। कलेर को दक्षिण कोरियाई पार्क सिहून से कड़ी चुनौती मिली। लेकिन वह तीसरे प्रयास में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। उनका शुरुआती थ्रो 18.44 और उनका दूसरा प्रयास 18.69 मीटर का रहा। चौथे और पांचवें में कोई अंक नहीं जबकि छठा और अंतिम थ्रो 18.79 मीटर का था।

# राहुल-संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर में किसका होगा चयन

## टी20 विश्व कप चयन में हार्दिक पांड्या का फॉर्म चिंता का सबब

**नयी दिल्ली।** जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है। पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिये आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सकते हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है।







वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाये हैं। अक्षर ने सात विकेट लिये हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

# भारतीय रिकर्व पुरुष टीम फाइनल में

## तीरंदाजी विश्व कप : ज्योति और प्रियांश कंपाउंड सेमीफाइनल में




**शंघाई।** भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 (55.54, 55.55, 56.55) से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया।

कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 (55.56, 54.54, 55.51, 55.53) से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 (59.54, 56.55, 55.55) से हराया। भारतीय महिला टीम को पहले ही मुकाबले में मैक्सिको ने 5.3 से हराया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और भजन कौर की तिकड़ी को क्वालीफायर में छठी रैंकिंग मिली थी। पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143.142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144.142 से हराया।

# कैंडिडेट्स चैम्पियन डी गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत

**चेन्नई।** टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालायें पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा कि मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया।




उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा। गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थी। गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिये अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे। रजनीकांत ने यहां पहुंचने पर कहा कि हमारे लिये यह गर्व का पल है।

# लखनऊ पहुंची राजस्थान रॉयल्स, आज दोनों टीमें करेंगी अभ्यास

● शनिवार को इकाना स्टेडियम में भिड़ेंगी दोनों टीमें

**लखनऊ।** लगातार दो मैचों में चेन्नई सुपरकिंग्स पर शानदार जीत दर्ज करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम पहुंच चुकी है। वहीं आठ मैचों में सात जीत के साथ अंक तालिका में पहले पायदान पर काबिज राजस्थान रॉयल्स की टीम भी गुरुवार को लखनऊ पहुंच चुकी है। दोनों के बीच 27 अप्रैल शनिवार को इकाना स्टेडियम में मुकाबला होगा। दोनों टीमों ने गुरुवार को होटल में विश्राम किया। शुक्रवार को दोनों इकाना में अभ्यास करेंगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने इस आईपीएल सत्र की शुरूआत राजस्थान के खिलाफ ही की थी। जयपुर में उसे राजस्थान ने 20 रनों से हराया था। ऐसे में जब लखनऊ शनिवार को मैदान पर उतरेगी उसकी नजर में राजस्थान से इस हार का बदला लेना होगा। लखनऊ ने अपने पिछले दोनों मैचों चेन्नई को हराया है। दोनों में उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की है। चेन्नई के खिलाफ जिस तरह लखनऊ में केएल राहुल की कप्तानी पारी और चेन्नई में स्टोइनिस की धमाकेदार 124 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई उससे उसका हौसला बुलंद है। राजस्थान पूरी ताकत के साथ लखनऊ के खिलाफ उसके घर में उतरेगा। राजस्थान की टीम अभी सिर्फ गुजरात से ही हारी है। बाकी सभी मैच उसने जीते हैं। संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान बड़ी खामोशी से अपना अभियान जारी रखे हुए है। राजस्थान की टीम बेहद संतुलित है। घरेलू मैदान में एलएसजी को तीन मैच राजस्थान रॉयल्स (27 अप्रैल), मुंबई इंडियंस (30 अप्रैल) और केकेआर (पांच मई) से खेलने हैं। क्रिकेट प्रेमी अब इन मैचों में एलएसजी को जीतते हुए ही देखना चाह रहे हैं। पिछले सत्र में टीम ने इकाना स्टेडियम में सात मैच खेले। इसमें टीम के खाते में तीन जीत और तीन हार आई जबकि एक मैच बारिश के चलते धुल गया था।



एयरपोर्ट से बाहर निकलते राजस्थान रॉयल्स टीम के स्टार तेज गेंदबाज टेंट बोल्ट, संदीप शर्मा व यशस्वी जायसवाल

### मयंक का खेलना संदिग्ध

अपने दो मैचों में अपनी रफ्तार से सनसनी फैलाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव का राजस्थान के खिलाफ भी खेलना संदिग्ध है। अपने दोनों मैचों में मैन ऑफ द मैच बने मयंक यादव गुजरात के खिलाफ सिर्फ एक ओवर ही गेंदबाजी कर मैदान से बाहर चले गए थे। इस पर लखनऊ सुपर जायंट्स टीम प्रबंधन ने बताया था कि मयंक पेट के नीचे दर्ज से परेशान हैं। साथ ही उनकी मांसपेशियों में भी मामूली खिंचाव है। मयंक गुजरात के बाद किसी मैच में खेले नहीं हैं।

**एलएसजी के नेट गेंदबाज बने नोएडा के अभय तिवारी :** यूके की सीएफ स्पोर्ट के सहयोग से ग्रेटर नोएडा में एलएसजी अकादमी में प्रैक्टिस करने वाले अभय तिवारी को एलएसजी टीम में नेट बॉलर के रूप में शामिल किया गया है। ऑफ स्पीनर अभय ने कहा, जब से मैं अकादमी में शामिल हुआ हूं, मुझे प्रशिक्षकों ने बहुत मार्गदर्शन और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया है। उन्होंने मेरी स्किल्स के साथ-साथ मेरी फिटनेस पर भी काफी ध्यान दिया है। इसके परिणामस्वरूप मुझे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से प्रदर्शन करने का मौका मिला है।

### हर्ष के उम्दा प्रदर्शन से स्पोर्ट्स कॉलेज फाइनल में

**लखनऊ।** एम.एल. मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में स्पोर्ट्स कालेज ने मेगा ट्रेंड को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में हर्ष यादव ने शानदार बल्लेबाजी की। मेगा ट्रेंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज सुंदरम ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 41 बाल पर 41 रन बनाये। वहीं अरहम खान ने 35 रन का योगदान दिया, जबकि मानिक मौर्य ने 24 रन बनाये। वहीं स्पोर्ट्स कालेज की टीम मात्र दो विकेट गवांकर 136 रन बना लिये और आठ विकेट से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज हर्ष यादव ने सात चौकों की मदद से 59 बाल पर 54 रन का योगदान दिया। वहीं अभिशेक राय ने 13 रन व कुशाग्र ने 33 रन बनाये।

### यूथ क्रिकेट क्लब की बड़ी जीत

**लखनऊ।** फ्लैक्स कप टी-20 लीग मैच में यूथ क्रिकेट क्लब ने ब्रेवर्स क्रिकेट क्लब को 130 रन से हरा दिया। इस मैच में आल राउंडर कुलदीप चौहान की शानदार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी चमकी। यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट गवांकर 217 रन बनाये। टीम के कप्तान व सलामी बल्लेबाज सार्थक दीक्षित ने पांच चौका और एक छक्का की मदद से 12 बाल पर 26 रन बनाये। सत्यम अवस्थी शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। विनायक निगम ने 10 चौका की मदद से 37 बाल पर 58 रन का योगदान दिया। कुलदीप चौहान ने आठ चौका और दो छक्का की मदद से 39 बाल पर 69 रन बनाये। कुलदीप ने गेंदबाजी में चार ओवर गेंद डालकर 29 रन देते हुए दो विकेट झटके। सौरभ सिंह ने 49 रन बनाये। ब्रेवर्स क्रिकेट क्लब की टीम 87 रन पर पवेलियन वापस लौट गयी और यूथ ने 130 रन से मैच को जीत लिया।

# कांग्रेस ने तेलंगाना को दिल्ली का एटीएम बना दिया

## टीआरएस और कांग्रेस, दोनों मिली हुई : अमित शाह

एजेंसी

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सत्ता में आने के कुछ ही समय के भीतर राज्य को दिल्ली का एटीएम बना दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मेदक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव के समर्थन में राज्य के सिद्दीपेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, इतने कम समय में कांग्रेस ने तेलंगाना को दिल्ली का एटीएम बना दिया।

कांग्रेस पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के भ्रष्टाचार की जांच नहीं कर रही है, चाहे वह कालेश्वरम (परियोजना) हो या भूमि घोटाला। पूर्व में बीआरएस का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था। शाह ने कहा, टीआरएस और कांग्रेस, दोनों मिली हुई हैं। आप मोदी जी (नरेन्द्र मोदी) को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं, मोदी जी तेलंगाना को इस भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे।



कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना में सत्ता संभाली थी। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना की जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हर सीट पर भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने कहा कि तेलंगाना का समग्र विकास तभी हो सकता है जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बिल्कुल भी पक्ष में नहीं थे। शाह ने दावा किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 वर्ष में उन समस्याओं का समाधान किया है जिनसे देश लंबे समय से त्रस्त था।

उन्होंने कहा, मोदी ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए देश के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस द्वारा दिए गए मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने और इसे एससी, एसटी, ओबीसी कोटा बनाने का फैसला किया है। शाह ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भाजपा तेलंगाना में 12 सीट (कुल 17 में से) पर विजयी हो। उन्होंने कहा कि रघुनंदन राव को दिये गये हर वोट से मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने में मदद मिलेगी।

# आईटी नियमों के खिलाफ फेसबुक, व्हाट्सऐप की याचिका पर सुनवाई अगस्त में




नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्हाट्सऐप और इसकी मूल कंपनी फेसबुक इंक (अब मेटा) की उस याचिका को 14 अगस्त को सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को सूचीबद्ध किया जिसमें सोशल मीडिया मंचों के लिए 2021 के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को चुनौती दी गयी है।

नियमों के तहत इस मैसेजिंग ऐप को चैट का पता लगाने और सूचना के मूल स्रोत की पहचान के प्रावधान करने को कहा गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि इस मामले पर विभिन्न पक्षों को दलीलें रखनी होंगी। खंडपीठ ने यह भी पूछा कि क्या इस मुद्दे पर किसी अन्य देश में विचार किया गया है? व्हाट्सऐप की ओर से पेश वकील ने कहा, दुनिया में कहीं और ऐसा कोई नियम नहीं है। ब्राजील में भी नहीं। उन्होंने कहा कि यह आवश्यकता उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के खिलाफ है और यह नियम बिना किसी परामर्श के लागू किया गया है।

पीठ ने कहा कि गोपनीयता के अधिकार पूर्ण नहीं हैं और कहीं न कहीं संतुलन बनाना होगा। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह नियम तब महत्वपूर्ण है जब सांप्रदायिक हिंसा जैसे मामलों में आपत्तिजनक सामग्री विभिन्न मंचों पर फैलाई जाती है। सरकार द्वारा 25 फरवरी, 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 की घोषणा की गई थी और ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे बड़े सोशल मीडिया मंचों को नवीनतम मानदंडों का पालन करने के लिए कहा गया था।

संक्षेप

### अरुणाचल में भूस्खलन राजमार्ग-313 धंसा यातायात बाधित

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण भूस्खलन होने से हुनली से एनीनी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंस गया जिससे यातायात बाधित हो गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के बाद दिबांग घाटी जिले का संपर्क मुख्य क्षेत्र से टूट गया है। अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने सड़क की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर करने के लिए श्रमिकों और पर्याप्त मशीनों को काम पर लगाया है। लोअर दिबांग घाटी में रोइंग को भारत-चीन सीमा से करीब 83 किलोमीटर दूर एनीनी से जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात भूस्खलन के कारण दिबांग घाटी जिला मुख्यालय- हुनली और एनीनी के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई जिससे सीमावर्ती जिले का मुख्य भूमि से संपर्क कट गया है। एनीनी के अतिरिक्त उपायुक्त धूर्बाज्योति बोरा ने कहा, यातायात बहाल होने में कुछ दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं कि बृहस्पतिवार की शाम तक सड़क से छोटे वाहन गुजर सकें। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हालात पर चिंता जताई है।

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की होड़ पर रोक वाले प्रस्ताव पर रूस का वीटो

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। रूस ने सभी देशों पर अंतरिक्ष में खतरनाक परमाणु हथियारों को तैनात करने की होड़ पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव पर बुधवार को वीटो किया। यह प्रस्ताव अमेरिका और जापान ने पेश किया था। के अंतरराष्ट्रीय संधि के अंतर्गत प्रतिबंधित है। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने मतदान के बाद कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि मॉस्को की अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की मंशा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन रूस द्वारा वीटो किया जाना यह



पंद्रह सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जबकि रूस ने इसका विरोध किया और चीन ने मतदान से दूरी बनाई। रूस ने प्रस्ताव को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह प्रस्ताव अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने में सक्षम नहीं है। प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार या फिर ऐसे किसी भी हथियार को तैनात नहीं करने का आह्वान किया गया है, जो भारी तबाही का कारण बने। अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती 1967 सवाल उठाता है कि सरकार कुछ न कुछ छिपा रही है। व्हाइट हाउस ने फरवरी में इस बात की पुष्टि की थी रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक प्रयोग में नहीं लाया गया है। 18 मार्च को थॉमस-ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव की घोषणा की थी। पुतिन ने बाद में इस बात की घोषणा की थी कि मॉस्को का अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि रूस ने केवल अमेरिका के समान अंतरिक्ष क्षमताएं विकसित की हैं।

# स्कूलों में नौकरियां समाप्त करने का फैसला गैर-न्यायोचित

एजेंसी

केशियारी (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 25,000 से अधिक स्कूली नौकरियों को निरस्त किये जाने को बृहस्पतिवार को पूरी तरह अन्याय करार दिया और आरोप लगाया कि यह नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को मतदान ड्यूटी में तैनात करने से रोकने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश है। बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इतने शिक्षकों को नौकरी से निकालने के बाद स्कूल कैसे काम कर



सकते हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य-स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलटीएस) की भर्ती प्रक्रिया को निष्प्रभावी घोषित किया था और इसके माध्यम से की गई सभी भर्तियों को निरस्त करने का आदेश दिया था। बनर्जी ने कहा, अगर किसी ने गलती की है तो उसे सुधारा जा सकता है।

# कांग्रेस ने शुरू किया इंडिया 300, भाजपा 150 अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को कांग्रेस की ओर आकर्षित करने के मकसद से बृहस्पतिवार को एक डिजिटल अभियान की शुरुआत की जिसमें दावा किया गया है कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया की अनुमानित सीटों की संख्या 300 है और भाजपा को 150 सीट ही मिलने का अनुमान है। युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख मनु जैन का कहना है कि इस डिजिटल अभियान के तहत कांग्रेस की युवा इकाई ने इंडिया 300, भाजपा 150 का नारा दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा, यह अभियान एक ताजा और अद्वितीय दृष्टिकोण की पेशकश कर, देश भर में पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को शामिल करने और संगठित करने के लिए तैयार किया गया है। जैन ने बताया कि इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य पहली बार के मतदाताओं को बड़ी संख्या में बाहर निकालने और महंगाई, बेरोजगारी, लोकतंत्र के संरक्षण एवं संविधान की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# यमन के पास जहाज पर हुती विद्रोहियों का हमला

एजेंसी

यरुशलम। अदन की खाड़ी में एक जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हमला किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यमन के हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर संभवतः यह हमला किया है।

इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा कि बृहस्पतिवार तड़के उसके सहयोगी पक्षों के युद्धपोत ने एक दिन पहले उसी क्षेत्र के पास एक जहाज को निशाना बनाकर हूती विद्रोहियों द्वारा छोड़ी गई मिसाइल को नष्ट कर दिया था। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में नौवहन मार्ग पर हूती विद्रोहियों ने लगातार हमले किए हैं।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमले में अदन से 25 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में एक जहाज को निशाना बनाया गया। हमले के बारे में निजी सुरक्षा फर्म एंब्रे ने भी सूचना दी है। अमेरिकी समुद्री प्रशासन के अनुसार, हूती विद्रोहियों ने नवंबर से अब तक नौवहन मार्ग पर 50 से अधिक हमले किए हैं।

# अमेरिका ने यूक्रेन को भेजे हथियार

एजेंसी

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे वक्त से जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने बुधवार को यूक्रेन को हथियार और गोला बारूद भेजना प्रारंभ कर दिया साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन, ईरान और उत्तर कोरिया पर रूस की मदद करने का आरोप लगाया।



बाइडन ने यूक्रेन और इजराइल को मदद देने तथा ताइवान समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए 95.3 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने विधेयक पर

**चीन और ईरान पर लगाए रूस की मदद करने के आरोप**

हस्ताक्षर करने के बाद कहा, पुतिन (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के मित्र उन्हें लगातार साजो सामान की आपूर्ति कर रहे हैं। ईरान ने उन्हें ड्रोन भेजे। उत्तर कोरिया ने बैलेस्टिक मिसाइल और तोप के गोले भेजे हैं, चीन रूस के रक्षा उत्पादन को बढ़ाने के लिए सामान मुहैया करा रहा है।

इंटरटेनमेंट...

# 'सीक्रेट ऑफ बुद्धा रेलिक्स' पर बनी सीरीज

मुंबई। डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'सीक्रेट्स ऑफ द बुद्धा रेलिक्स' 22 जनवरी 2024 को डिस्कवरी प्लस पर और 26 फरवरी 2024 को डिस्कवरी चैनल पर टेलीकास्ट की गई है। दर्शकों से इस सीरीज को बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है।

इस सीरीज को होस्ट मनोज बाजपेयी ने किया है। इससे पहले डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'सीक्रेट ऑफ सिनौली' और 'सीक्रेट ऑफ द कोहिनूर' के भी होस्ट मनोज बाजपेयी ही रहे हैं। खास बात यह है कि इन तीनों सीरीज की मेकिंग नीरज पांडे ने की है। जिनके साथ मनोज बाजपेयी ने फिल्म स्पेशल 26 में काम किया था। मनोज ने बताया कि मृत्यु को देखने के बाद ही इंसान आध्यात्म से जुड़ता है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि वे



भगवान बुद्ध और चंद्रगुप्त मौर्य की बायोपिक फिल्म करना चाहते हैं।

मनोज ने इस सीरीज की मेकिंग पर बात की। उन्होंने कहा, 'जब नीरज पांडे और डायरेक्टर राघव जयरथ ने यह कहानी मेरे पास पहुंचाई थी, तो मुझे सीक्रेट ऑफ सिनौली की कहानी के बारे में पहले से जानकारी थी।

मैं खबरें बराबर तौर पर पढ़ता हूं, इस कारण मुझे इसके बारे में जानकारी थी। इसके बाद जब इसकी शूटिंग शुरू हुई तब मेरी नीरज और राघव जी के साथ मीटिंग हुई। जिसमें हमने फैसला किया कि इसको हम एंगेजिंग तरीके से करेंगे। लोग इससे बोर ना हो, इसलिए हमारी कोशिश थी कि इसे नाटकीय ढंग से दिखाया जाए। हमारी कोशिश थी कि लोग इस कहानी से कनेक्ट कर पाएं और साथ ही वे रिसर्च के सारे फैक्ट्स से भी अवगत हो पाएं।

### तमन्ना भाटिया को समन, आईपीएल से जुडा मामला

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त को समन भेजने के दो दिनों बाद महाराष्ट्र साइबर सेल ने अब एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को समन भेजा है। मामला 2023 में महादेव ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप से संबंधित फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल मैच देखने का प्रमोशन करने से जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने एक्ट्रेस को 29 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। साइबर सेल के मुताबिक इस मामले में तमन्ना का बयान रिकॉर्ड किया जाएगा। एक्ट्रेस से पूछा जाएगा कि उन्हें फेयरप्ले के लिए किसने संपर्क किया था और इसके लिए उन्हें कितने पैसे मिले। एएनआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस बारे में जानकारी दी है।

## 'छावा' के सेट से सामने आया विक्की कौशल का नया लुक

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' की शूटिंग में बिजी हैं। इस पीरियड ड्रामा फिल्म में विक्की, छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म के सेट से विक्की की छत्रपति संभाजी महाराज के लुक में कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इन तस्वीरों में विक्की



स्लीवलेस कुर्ता और धोती पहने नजर आ रहे हैं। वो माथे पर त्रिपुंड धारण किए और गले में रुद्राक्ष की माला पहने दिख रहे हैं।

## लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से सम्मानित हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड से नवाजा गया। मुंबई के दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह में हुए इस अवॉर्ड फंक्शन में अमिताभ बेटे अभिषेक बच्चन के साथ पहुंचे। यहां बिग बी को इंडियन सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। स्टेज पर सिंगर उषा मंगेशकर से अवॉर्ड ग्रहण करते अमिताभ बच्चन।



साथ में एक्टर रणदीप हुड्डा, एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे और म्यूजिशियन ए आर रहमान भी नजर आ रहे है। कार्यक्रम में मंगेशकर भाई-बहनों में तीसरी सबसे बड़ी बहन सिंगर उषा मंगेशकर ने अमिताभ के यह सम्मान दिया। इससे पहले सिंगर आशा भोसले, अमिताभ को यह अवॉर्ड देने वाली थीं पर उनकी तबियत खराब होने की वजह से वो इवेंट में शामिल नहीं हो पाईं। इस अवॉर्ड सेरेमनी में म्यूजिशियन ए आर रहमान को मास्टर दीनानाथ अवॉर्ड और एक्टर रणदीप हुड्डा को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे का भी सम्मान किया गया। इस दौरान अमिताभ ने स्टेज पर एक मराठी कविता भी सुनाई। इस मौके पर अमिताभ ने लता मंगेशकर को मां सरस्वती के रूप में याद करते हुए एक मराठी कविता भी सुनाई। बिग बी ने कहा- ह्यमैं जब भी लता जी से मिलता था या वो जब भी मेरे परिवार से मिलती थीं तब उनका प्यार और स्नेह अलग ही तरह का होता था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com